इंदौर, भोपाल, उज्जैन, आलीराजपुर, ठाणे, मुंबई से एक साथ प्रकाशित

मूल्य ₹ 3.00

RNI. Reg. MPHIN/2019/78560

# दैनिक विनय उजाला

आलीराजपुर

बुधवार, 25 फरवरी 2026

फाल्गुन शुक्ल पक्ष-09

वर्ष : 07 अंक : 88

कुल पृष्ठ : 12




मूनी और गार्डनर के दम पर ऑस्ट्रेलिया की जीत...10

न डरते हैं, न डराते हैं, सच सामने लाते हैं..!

### उज्जैन में ग्रामीण डाक सेवक सम्मेलन में डाक नायकों का किया सम्मान

# ग्रामीण डाक सेवकों की देश के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है : सीएम डॉ. यादव

विनय उजाला

**आलीराजपुर, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नागरिकों के हित में भारतीय डाक व्यवस्था ने अपनी सार्थक भूमिका सिद्ध की है। ब्रिटिश काल से प्रारंभ व्यवस्थाओं को नया स्वरूप मिलता गया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डाक व्यवस्था में निर्णायक परिवर्तन आये हैं और डाक विभाग की भूमिका को महत्वपूर्ण बनाने की ठोस पहल हुई है।**

एक समय सिर्फ चिट्ठियां पहुंचाने वाला विभाग अब बाबा महाकाल के प्रसाद के वितरण के लिए नई पोस्टल सेवा लागू करने तक अपनी यात्रा तय कर चुका है। डाक घरों के माध्यम से नागरिकों को बीमा योजनाओं, बचत योजनाओं का लाभ मिल रहा है। खाते प्रारंभ करने से लेकर तीव्र गति से स्पीड पोस्ट और अन्य माध्यमों से ग्राहकों को लाभान्वित किया जा रहा है। ग्रामीण डाक सेवक भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूत नींव है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को उज्जैन में शिप्रा नदी किनारे स्थित कार्तिक मेला ग्राउंड में आयोजित ग्रामीण डाक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने डाक सेवकों का अभिनंदन करते हुए कहा कि अपने अथक परिश्रम से गांव-गांव तक डाक तथा अन्य जनउपयोगी सेवाओं को लोगों तक पहुंचाने वाले ग्रामीण डाक सेवकों की देश के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्रामीण डाक नायकों को सम्मानित किया।





### अब केंद्रीय विद्यालयों में ग्रामीण डाक सेवकों के बच्चों को भी प्रवेश मिलेगा



केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा किअब केंद्रीय विद्यालयों में ग्रामीण डाक सेवकों के बच्चों को भी प्रवेश मिलेगा। डाकघरों को मुनाफे का केंद्र बनाया जाएगा। पार्सल वितरण क्षेत्र में अब महत्वपूर्ण भूमिका डाक घरों द्वारा निभाई जाएगी। डाक विभाग में डिजिटल सिस्टम, ट्रैकिंग सिस्टम अपनाए जाएंगे। सामग्री वितरण शत-प्रतिशत रूप से सुनिश्चित किया जाएगा। दुर्गम क्षेत्रों के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों की भी सेवाएं ली जाएगी। विभाग अब ड्रोन का भी उपयोग करेगा। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि विभाग द्वारा तकनीकी दक्षता में वृद्धि, उपभोक्ता का विश्वास, अच्छा व्यवहार तथा ऑन टाइम डिलीवरी पर ध्येय केंद्रीत किया गया है। समय सीमा पर फोकस किया जा रहा है। 24 घंटे, 48 घंटे जैसी समय-सीमा में पार्सल अपने निर्धारित स्थान पर पहुंचाने पर कार्य विभाग करेंगा।

### डाक विभाग को सबसे बड़ी लाजिस्टिक शक्ति के रूप में करेंगे स्थापित : केन्द्रीय मंत्री सिंधिया

केंद्रीय संचार मंत्री सिंधिया ने कहा कि सभी ग्रामीण डाक सेवक मेरे परिवार के सदस्य हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में डाक विभाग देश के विकास में अपनी अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह कर रहा है। डाक विभाग को तकनीकी रूप से सुदृढ बनाने के लिए कई कदम उठाए गए है। हमारा संकल्प है कि देश के डाक विभाग को विश्व की सबसे बड़ी लाजिस्टिक शक्ति के रूप में स्थापित करेंगे। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि देश में ग्रामीण डाक सेवक एक सैनिक की भांती कार्य कर रहे हैं। रेगिस्तान हो या पहाड़ों की चोटियां या मैदानी क्षेत्र हर एक स्थान पर ग्रामीण डाक सेवक निर्भीक रूप से पहुंचकर आमजन की सेवा कर रहे है। दुर्गम स्थलों जहां



कोई अन्य व्यक्ति जाने की हिम्मत नहीं करता है वहां भी हमारा डाक सेवक अपनी सेवाएं दे रहा है। सर्दी, गर्मी, बरसात की परवाह किए बगैर डाक सेवक अपने कर्तव्य का निर्वाह कर रहा है। ग्रामीण डाक सेवक का मान-सम्मान शासन का संकल्प है। डाक सेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि देश में 30 करोड़ पोस्ट ऑफिस बचत खातों को खुलवाने तथा उनमें लगभग 22 लाख करोड़ की रुपए की राशि जमा कराने में ग्रामीण डाक सेवक की महत्वपूर्ण भूमिका है।

### श्री महाकालेश्वर और श्री ओंकारेश्वर की प्रसादी के लिए पोस्टल सेवा का शुभारंभ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया के द्वारा भारतीय डाक विभाग से उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मंदिर तथा श्री ओंकारेश्वर ज्योर्तिलिंग मंदिर की प्रसादी आमजन तक पहुंचाने के लिए पोस्टल सेवा का शुभारंभ किया गया। इसके अतिरिक्त उज्जैन के प्रसिद्ध स्थानों के संकलन पर आधारित पिक्टोरियल पोस्ट कार्ड का विमोचन भी अतिथियों द्वारा किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्रामीण डाक सेवक हमारे सैनिक तथा हमारी ताकत है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में डाक विभाग सफलतापूर्वक कार्य कर रहा है। हमारे देश में प्राचीन काल से ही डाक पहुंचाने की परंपरा रही है। हमारे देश में डाक सेवकों का हृदय से सम्मान रहा है। बदलते दौर में देश के पोस्ट ऑफिस तीव्र गति से कार्य कर रहे हैं। डाक विभाग को तकनीकी रूप से दक्ष बनाया जा रहा है। विभाग को शत प्रतिशत कम्प्युटरीकृत तथा डिजिटलाईज किया जा रहा है। आमजन के हित में दिन रात अपनी भूमिका को सराहनीय रूप से निभाने के लिए हमारा डाक विभाग बधाई का पात्र है। सूचनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के अलावा अन्य कई महत्वपूर्ण जीवन उपयोगी कार्यों में भी डाक विभाग की महती भूमिका है। ज्योतिरादित्य सिंधिया के नेतृत्व में डाक विभाग नई ऊंचाइयों को छू रहा है। मध्यप्रदेश में 16 हजार 800 से ज्यादा ऊर्जावान ग्रामीण डाक सेवक ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने का काम कर रहे है।

## संक्षिप्त समाचार

### कोलकाता हाई कोर्ट समेत सात अदालतों को बम से उड़ाने की धमकी

**आसनसोल, (हि. स.)।** कोलकाता हाई कोर्ट सहित राज्य की सात अदालतों को बम से उड़ाने की धमकी भरा ई-मेल मिलने से कोर्ट परिसरों में हड़कंप मच गया। सुरक्षा एजेंसियों ने सतर्कता बरतते हुए सभी जगहों पर सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। बम से उड़ाने की धमकी के बाद कोलकाता सहित राज्य के पांच जिलों में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। कोलकाता हाई कोर्ट के अलावा आसनसोल, दुर्गापुर, बहरमपुर, सिउड़ी, रामपुरहाट और अलीपुर अदालत को बम से उड़ाने की धमकी भरा ई-मेल मिला है। साइबर की टीम मेल भेजने वाले के स्रोत की जांच कर रही है।




### भोपाल में कांग्रेस किसान महाचौपाल, राहुल गांधी बोले-

# पीएम मोदी ने एपस्टीन फाइल और अडानी केस के दबाव में अमेरिका से देश बेचने की डील की

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। भोपाल के अटल पथ पर 'अमेरिका और भारत ट्रेड डील समझौते के विरोध में कांग्रेस किसान महाचौपाल' के अंतर्गत एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया।**

इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी,प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी,पीसीसी चीफ जीतू पटवारी,नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार,उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, राज्यसभा सांसद विवेक तंखा, सहित समस्त विधायकगण और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि उन्हें राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लोकसभा में पहली बार नेता प्रतिपक्ष के रूप में बोलने से रोका गया। उन्होंने कहा, 'मुझे अपनी बात रखने नहीं दिया गया। चीन सीमा विवाद के मुद्दे पर उन्होंने पूर्व सेना प्रमुख मनोज मुकुंद नरवडे की पुस्तक का उल्लेख करते हुए



प्रधानमंत्री को घेरा। श्री राहुल गांधी ने कहा कि पुस्तक में वर्णित है कि जब चीन के टैंक भारतीय सीमा की ओर बढ़ रहे थे, तब जनरल नरवणे ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से आदेश पूछा था। उनका आरोप था कि उस समय प्रधानमंत्री ने स्थिति पर स्पष्ट जवाब नहीं दिया।

चार महीने से अमेरिका के साथ ट्रेड डील रुकी हुई थी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिर्फ दो कारणों की वजह से इसे साइन कर दिया। पहला कारण- अमेरिका में लाखों एपस्टीन फाइलें बंद पड़ी हैं। लाखों फाइलों के ईमेल, मैसेज, वीडियो अभी तक रिलीज नहीं किए गए हैं। अमेरिका ने मोदी सरकार को धमकाने के लिए हरदीप पुरी का नाम रिलीज कर दिया है। मैसेज साफ था कि अगर हमारी बात नहीं सुनी तो फाइलों में से सबूत निकलेगा। दूसरा का कारण अडानी पर अमेरिका में क्रिमिनल केस है, वो अमेरिका नहीं जा सकते। अडानी, भाजपा और नरेंद्र मोदी का फाइनेंशियल स्ट्रक्चर हैं- ऐसे में ये केस अडानी पर नहीं- नरेंद्र मोदी और बीजेपी पर है।

### भारत-अमेरिका व्यापार समझौते से देश के हितों को नुकसान हुआ

राहुल गांधी ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर सवाल उठाया, यह आरोप लगाते हुए कि यह नरेंद्र मोदी और ट्रंप के बीच हुआ एक समझौता था, जिससे भारत के हितों को नुकसान हुआ। उन्होंने कहा कि यह समझौता किसानों के लिए 'तीर' के समान है। राहुल गांधी ने नोटबंदी और जीएसटी के बारे में अपनी पिछली भविष्यवाणियों का जिक्र किया, जो बाद में सही साबित हुईं। उन्होंने कोविड-19 महामारी के दौरान सरकार के कुप्रबंधन की आलोचना की, जिसमें लाखों लोगों की मौत हुई। राहुल गांधी ने कृषि कानूनों को वापस लेने की भविष्यवाणी की, जो डेढ़ साल के संघर्ष के बाद हुई।

### हिंदुस्तान का सारा का सारा डेटा अमेरिका के हवाले कर दिया

राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि लोकसभा में भाषण के तुरंत बाद प्रधानमंत्री ने बिना मंत्रिमंडल से चर्चा किए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से दूरभाष पर बात कर समझौते पर सहमति जताई। उन्होंने कहा कि इस विषय का उल्लेख स्वयं ट्रंप ने सामाजिक माध्यम पर किया था। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि संसद से बाहर निकलने के बाद अगले दिन प्रधानमंत्री ने यह कहा कि उन पर हमला होने वाला था, जबकि वास्तविक कारण संसद में जवाब देने से बचना था। 21वीं सदी में 'डेटा' सबसे जरूरी चीज है। जिसके पास डेटा होगा वो जीतेगा। जिसके पास डेटा नहीं होगा, वो ख़त्म हो जाएगा। आज दुनिया में सबसे ज्यादा डेटा हिंदुस्तान के पास है। हिंदुस्तान के डेटा के बिना अमेरिका, चीन का मुकाबला नहीं कर सकता। लेकिन इस डील में नरेंद्र मोदी ने हिंदुस्तान का सारा का सारा डेटा अमेरिका के हवाले कर दिया है। यानी- नरेंद्र मोदी ने अमेरिका से डील करके किसानों को तबाह कर दिया, हमारा डेटा सौंप दिया और हमारी टेक्सटाइल इंडस्ट्री को ख़त्म कर दिया।

## बरसाना में दुल्हन की तरह सजीं सखियां, लड्डूमार होली खेली



मथुरा, एजेंसी

मथुरा के बरसाना में मंगलवार को राधारानी (लाडलीजी) मंदिर में लड्डूमार होली खेली गई। महंतों ने मंदिर की छत पर बनी सफेद छतरी से लड्डू लुटाए। वहीं, भक्तों ने लड्डू लूटकर प्रसाद के रूप खाया। इससे पहले होली के गीत गाए गए। फिर भक्तों ने अबीर गुलाल उड़ाकर जश्न मनाया। महिलाओं और बच्चों ने डांस किया। लड्डूमार होली देखने और खेलने के लिए 10 लाख श्रद्धालु बरसाना पहुंचे। इनमें विदेशी टूरिस्ट भी शामिल रहे। रंग के लिए टेसू के फूलों का इस्तेमाल किया गया। इसके लिए मध्यप्रदेश, राजस्थान और हरियाणा से 1 हजार क्विंटल फूल मंगवाए गए थे।

## समुद्र में हेलिकॉप्टर की क्रैश लैंडिंग, सवार सभी 7 लोग सुरक्षित

श्री विजयापुरम, एजेंसी

अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में मंगलवार सुबह 9.30 बजे एक हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। घटना के समय उसमें 5 यात्री और 2 पायलट सवार थे। इनमें 3 महिला, 3 पुरुष और एक बच्चा मौजूद थे। अधिकारियों ने बताया कि पवन हंस कंपनी के हेलिकॉप्टर ने सुबह 8.30 बजे पोर्ट ब्लेयर से अंडमान के मायाबंदर के लिए उड़ान भरी



थी। हेलिकॉप्टर के मायाबंदर पहुंचने के पहले ही उसमें खराबी आ गई। इसके बाद रनवे से 300 मीटर पहले ही समुद्र में हेलिकॉप्टर की क्रैश लैंडिंग कराई गई। नागरिक उड्डयन निदेशक नितेश रावत ने बताया कि घटना में दोनों पायलट और 5 यात्री घायल हुए हैं। सभी को मायाबंदर के डॉ. राजेंद्र प्रसाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

केंद्र सरकार की हेलिकॉप्टर सेवा कंपनी पवन हंस के प्रवक्ता ने बताया कि घटना के बाद पोर्ट ब्लेयर से राहत हेलिकॉप्टर भेजा गया था। मामले की जांच कराई जा रही है। एक दिन पहले ही झारखंड के चतरा में एयर एंबुलेंस क्रैश में 7 लोगों की मौत हुई थी।

### विदेश नीति के मुद्दों पर सर्वदलीय भागीदारी का राजनीतिक संदेश

# संसदीय मैत्री समूहों में 28 देशों के समूहों की कमान विपक्षी सांसदों के पास

नई दिल्ली, एजेंसी


**लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा 64 देशों के लिए संसदीय मैत्री समूहों का गठन केवल कूटनीतिक पहल नहीं, बल्कि विपक्ष को औपचारिक जिम्मेदारी देकर विदेश नीति के मुद्दों पर सर्वदलीय भागीदारी का राजनीतिक संदेश देने के तौर पर भी देखा जा रहा है।**

संसद में जारी टकराव के बीच 28 देशों से जुड़े समूहों का नेतृत्व विपक्षी सांसदों को सौंपना इस पहल का अहम संकेत माना जा रहा है। कुल 704 सांसदों को इन समूहों में शामिल किया गया है और हर समूह में 11 सदस्य रखे गए हैं।

विपक्ष के जिन नेताओं को नेतृत्व दिया गया है, उनमें कांग्रेस सांसद शशि थरूर को फ्रांस, मनीष तिवारी को जापान, पी. चिदंबरम को इटली और कुमारी सैलजा को मंगोलिया से जुड़े समूहों की कमान सौंपी गई है। कांग्रेस के राजीव शुक्ला ऑस्ट्रिया और के. सुरेश कतर समूह का नेतृत्व करेंगे। अन्य विपक्षी दलों में समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव को ऑस्ट्रेलिया, एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी को ओमान, टीएमसी के अभिषेक बनर्जी को अल्जीरिया, डीएमके की कनिमोझी को ग्रीस और एनसीपी (एसपी) की सुप्रिया सुले को सिंगापुर से जुड़े संसदीय मैत्री समूहों का ग्रुप लीडर बनाया गया है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी को जापान से जुड़े समूह में सदस्य के तौर पर शामिल किया गया है।

### सत्ता पक्ष के पास प्रमुख रणनीतिक साझेदार

सत्ता पक्ष की ओर से रविशंकर प्रसाद को इज़राइल, सुधांशु त्रिवेदी को सऊदी अरब, बैजयंत पांडा को अमेरिका, निशिकांत दुबे को रूस, जगदंबिका पाल को मॉरीशस और अनुराग ठाकुर को यूरोपीय संसद से जुड़े समूहों का नेतृत्व सौंपा गया है। इससे संकेत मिलता है कि सरकार अपनी प्रमुख रणनीतिक साझेदारियों पर संसदीय स्तर पर भी सक्रिय भूमिका बनाए रखना चाहती है।



### संसद के भीतर टकराव के बीच सहयोग का संकेत

विपक्षी सांसदों को बड़ी संख्या में नेतृत्व देना ऐसे समय में महत्वपूर्ण है, जब संसद में सरकार और विपक्ष के बीच लगातार टकराव देखने को मिला है। विदेश नीति के मुद्दों पर विपक्ष को औपचारिक भूमिका देना सहयोग और सहमति का संकेत माना जा रहा है। हालांकि लोकसभा और राज्यसभा में विपक्ष के शीर्ष नेताओं को इन समूहों में शामिल नहीं किया गया है। संसदीय सूत्रों के मुताबिक, परंपरा के अनुसार वैधानिक पदों पर बैठे नेताओं को आमतौर पर ऐसे समूहों में नामित नहीं किया जाता। विश्लेषकों का मानना है कि यदि ये समूह सक्रिय रूप से काम करते हैं, तो यह पहल भारत की संसदीय कूटनीति को मजबूत करने के साथ-साथ राजनीतिक स्तर पर संवाद का नया मंच भी तैयार कर सकती है।

### संसद के जरिए कूटनीतिक संवाद बढ़ाने की कोशिश

लोकसभा सचिवालय के अनुसार, इन समूहों का उद्देश्य विदेशी संसदों के साथ सीधे संपर्क, अध्ययन यात्राओं और नियमित संवाद के जरिए सहयोग बढ़ाना है। संसदीय सूत्रों का कहना है कि इससे विदेश नीति के मुद्दों पर संसद की संस्थागत भागीदारी बढ़ेगी और सांसदों को वैश्विक स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने का औपचारिक मंच मिलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### युवाचार्य महेन्द्र ऋषि जी महाराज का होली चातुर्मास प्रवेश कल



इंदौर ( विनय उजाला )। संघ का सौभाग्य है कि इस वर्ष होली चातुर्मास हेतु श्रावक संघ ट्रस्ट महावीर भवन कि विनती स्वीकार कर श्रमण संघीय युवाचार्य श्री महेन्द्र ऋषि जी महाराज एवं हितमित भाषी हितेन्द्र ऋषि महाराज ठाणा 4 का मंगल प्रवेश गांधी हाल जिला कोर्ट के पास से 26 फरवरी को प्रात: 7.30 बजे भव्य जुलूस के साथ महावीर भवन इमली बाजार पर मंगल प्रवेश होगा। जुलूस संयोजक रितेश कटकानी ने बताया कि 11 महिला मंडल अपनी-अपनी वेशभूषा में मंगल कलश एवं अन्य धार्मिक चिन्ह ले कर आगे-आगे चलेगें। स्थानकवासी युवक संघ के अध्यक्ष स्वप्नील संचेती ने बताया कि युवक संघ अपनी वेशभूषा में जयकारे, धार्मिक नारे लगाते हुऐ चलेगें ।रमेश भंडारी, अचल चैधरी ने बताया कि उपप्रर्वतिनी दिव्य ज्योति जी महाराज का भी होली चातुर्मासिक प्रवेश भी साथ में होगा। डिपीन जैन, प्रकाश भटेवरा, हेमंत बोहरा, राजकुमार पंजाबी एवं ट्रस्ट मंडल ने समस्त संघों, समाजजनों से अपील की है मंगल जूलूस में पधारने कि अपील कि है।

### खान नदी में उतरकर नए बिजली तार खींचे



इंदौर ( विनय उजाला )। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कर्मचारियों ने चुनौतीपूर्ण कार्य करते हुए खान नदी में उतरकर मंगलवार दोपहर कुशतापूर्वक नए बिजली तार लगाए। शहर अधीक्षण यंत्री श्री डीके गाठे ने बताया कि 33/11 केवी पागनीसपागा सब स्टेशन से 11 केवी फीडर राजबाड़ा क्षेत्र के पीपलीबाजार तक जाता है। यहां के तार मंगलवार को अत्यंत कमजोर अवस्था में पाए जाने पर बदलने का निर्णय लिया गया। कर्मचारियों ने खान नदी के दोनों ओर उच्चदाब लाइन के ऊंचे पोल के बीच के 50 मीटर के तार दो घंटे की मेहनत से बदल दिए। कुछ कर्मचारियों को पानी में उतरकर कार्य करना पड़ा। कंपनी प्रबंधन ने इस चुनौतीपूर्ण कार्य के लिए श्री विजय वर्मा व अन्य कार्मिकों की प्रशंसा की है।

### औद्योगिक संघ के साथ बिजली अधिकारियों की मिटिंग

इंदौर ( विनय उजाला )। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा पोलोग्राउंड औद्योगिक संघ के साथ समन्वय बैठक मंगलवार को आयोजित की गई। संगठन अध्यक्ष श्री संजय पटवर्धन, पूर्व अध्यक्ष श्री चिंचालकर व अन्य उद्योग संचालकों की मौजूदगी में बिजली आपूर्ति व्यवस्था एवं उपभोक्ता संतुष्टि को लेकर सुझाव लिए गए। बैठक में कंपनी के मुख्य अभियंता श्री आरसी जैन, कार्यपालन अभियंता श्री सुनील सिंह, श्री योगेंद्र खरे, श्री निशांत भट्ट आदि मौजूद थे।

### बिजली कंपनी के बजट की तैयारी



इंदौर ( विनय उजाला )। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक श्री अनूप कुमार सिंह के मार्गदर्शन में कंपनी का वर्ष 2026-27 का वार्षिक बजट तैयार किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार शाम मुख्य महाप्रबंधक श्री प्रकाश सिंह चौहान, मुख्य वित्त अधिकारी श्री अजय पाल सिंह अवास्या व अन्य विभागाध्यक्षों की मौजूदगी में वरिष्ठ अधिकारियों की मिटिंग हुई।

### आंगनवाड़ियों के लिए सामग्री का किया वितरण



इंदौर ( विनय उजाला )। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक पाँच की आंगनवाड़ीयों में जनसहयोग से दैनिक आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया। भाजपा नेता शैलेन्द्र महाजन ने बताया की महापौर परिषद सदस्य राजेश उदावत की मुख्य अतिथि में वार्ड 49 के संविद नगर,विनोबा नगर की आंगनवाड़ी में जनसहयोग से विद्युतीकरण,टेबल-कुर्सी,लाइट पंखे का वितरण किया गया। इस दौरान वार्ड अध्यक्ष तीरथपाल यादव,विश्वजीत चौहान,पवन भार्गव,हर्ष वर्मा,लता केथवास,ममता कर्मा,रीना सोनी, राकेश जैन,जितेश शर्मा आदि मौजूद थे।

## संभागीय पेंशनर मिलन सम्मेलन में पदाधिकारी और सदस्य शामिल

### आगामी प्रांतीय सम्मेलन 17 मार्च को मैहर में होगा



विनय उजाला

इंदौर, नप्र। वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन मध्य प्रदेश भोपाल, जिला इकाई बड़वानी अंतर्गत राजपुर तहसील द्वारा प्रांतीय अध्यक्ष एडवोकेट राजकुमार दुबे के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार पेंशनर मिलन सह-सम्मान समारोह का आयोजन रविवार को राजपुर में संपन्न हुआ।

प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी भगवतीप्रसाद पंडित ने बताया कि मिलन समारोह में इंदौर, खरगोन, झाबुआ, अलीराजपुर, बड़वानी, अंजड़, पानसेमल, ठीकरी, कसरावद एवं राजपुर के स्थानीय सदस्यों एवं प्रांतीय, संभागीय, जिला एवं तहसील स्तर के पदाधिकारी शामिल हुए।

स्थानीय रेडियंट कान्वेंट हाई स्कूल, राजपुर के सभागृह में आयोजित संभागीय मिलन समारोह एवं पेंशनर सम्मेलन के मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष खरगोन इंजी. राधेश्याम पाटीदार, विशेष अतिथि इंदौर संभाग प्रभारी भगवतीप्रसाद पंडित, प्रतापसिंह सिसोदिया जिला अध्यक्ष अलीराजपुर, बालकृष्ण डोंगरे तहसील अध्यक्ष कसरावद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विजय कुमार जैन जिला अध्यक्ष बड़वानी ने की। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष भगवतीप्रसाद पंडित, प्रांतीय उपाध्यक्ष देवीसिंह बारूपाल एवं जिला अध्यक्ष इंदौर नरेंद्रसिंह ठाकुर जिले के प्रतिनिधि के रूप में विशेष रूप से उपस्थित थे।

इंदौर में विश्व रिकॉर्ड हेल्थ चेकअप कैंप

# 250 शिविर लगाकर 51 हजार से अधिक नि:शुल्क जांचें की

विनय उजाला

इंदौर, नप्र। मध्यप्रदेश एनजीओ महासंघ के तत्वावधान में मंगलवार को आयोजित विश्व रिकॉर्ड हेल्थ चेकअप कैंप ने स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में नया इतिहास रच दिया। एक दिन - 250 स्वास्थ्य शिविर - 51,000 से अधिक नि:शुल्क जांच' के संकल्प के साथ प्रदेशभर में एक साथ लगाए गए इन शिविरों में हजारों नागरिकों ने लाभ उठाया।

इंदौर शहर सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में आयोजित इन मेगा हेल्थ कैंप्स में नागरिकों को नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श और जागरूकता सेवाएं प्रदान की गईं। सुबह से शाम तक चले इन शिविरों में डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ, स्वयंसेवकों





और सामाजिक संगठनों ने मिलकर सेवा का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। इस ऐतिहासिक अभियान के तहत आयोजित फ्री फिजियोथैरेपी कैंप विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। डॉ. मधुलिका सेठिया (PT), फाउंडिंग डायरेक्टर, फिजियोवर्स थेरेपी सेंटर एवं उनकी विशेषज्ञ टीम ने शहर के प्रमुख स्थानों पर उन्नत फिजियोथेरेपी सेवाएं प्रदान कीं। प्रमुख स्थानों जिसमें एसपहआईटीएस SVITS इंदौर, स्वामी विवेकानंद कॉलेज, शैल्बी हॉस्पिटल के पास ग्राउंड, डॉ. डोंगने क्लिनिक (स्कीम नं. 114, विजय नगर),



फिजियोवर्स थेरेपी सेंटर (साउथ तुकोगंज), शहर के विभिन्न आंगनवाड़ी परिसर आदि स्थानों पर नि:शुल्क शिविर लगाए गए थे। इन शिविरों में हजारों छात्र-छात्राएं, स्टाफ सदस्य, उनके परिवारजन तथा आम नागरिक लाभान्वित हुए। डॉ. सेठिया और उनकी टीम ने लोगों को फिजियोथेरेपी के महत्व, एडवांस्ड तकनीकों और आधुनिक मशीनों के बारे में जागरूक किया।

केवल अस्थायी राहत देने के बजाय, समस्याओं के रूट कॉज़ की पहचान कर प्रत्येक व्यक्ति को उपयुक्त व्यायाम और उपचार की सलाह दी गई।

### दीर्घकालिक स्वास्थ्य लाभ पर जोर

विशेषज्ञों ने बताया कि सही जांच और वैज्ञानिक उपचार पद्धति से ही दीर्घकालिक स्वास्थ्य लाभ संभव है। इस अवसर पर लोगों को पोस्टर, डेमो और लाइव काउंसलिंग के माध्यम से यह समझाया गया कि फिजियोथेरेपी केवल दर्द से राहत नहीं, बल्कि संपूर्ण कार्यक्षमता और जीवन गुणवत्ता सुधारने की प्रभावी विधा है। यह अभियान एक बार फिर साबित करता है कि जब सेवा, संकल्प और सहयोग एक साथ आते हैं, तो इतिहास रचा जाता है।

## अखंड संडे के 29 वें स्थापना दिवस सम्मान समारोह में 100 से अधिक सदस्यों ने किया काव्य पाठ

विनय उजाला

### अखंड संडे ने बनाया एक और कीर्तिमान





इंदौर, नप्र। संस्था अखंड संडे का 29 वाँ स्थापना दिवस सम्मान समारोह श्री मध्य भारत हिंदी साहित्य समिति के शिवाजी सभागृह में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 100 से अधिक सदस्यों द्वारा काव्य पाठ किया गया जो एक कीर्तिमान बन गया। पहली बार किसी साहित्यिक संस्था के कार्यक्रम में इतनी अधिक संख्या में रचनाकारों ने काव्य पाठ किया। कार्यक्रम छ घंटे से अधिक देर तक चला।

इस अवसर पर वरिष्ठ कवि रामवल्लभ गुप्ता की किताब महक कस्तूरी काव्य संग्रह, ब्रजेन्द्र नागर की राम वनवास क्यों? आलेख संग्रह, रंजनलाल वैफिक्र की कारवां-ए-अल्फाज गजल संग्रह, आंशा जाकड़ की सपनों का आकाश कविता संग्रह, अमिता मराठे की नीहू पीहू की दुनिया बाल कहानी संग्रह सहित पाँच पुस्तकों का विमोचन भी किया गया। साथ ही पंद्रह विशिष्ट सम्मान प्रदत्त किये गये जिसमें पाँच सदस्यों सीताराम कुमावत, नयन राठी, बीके शर्मा, दिनेश शर्मा, रामवल्लभ गुप्ता को गोलोकवासी मृदंग नेमा सम्मान वहीं डा. कृष्णा जोशी, मीना गोदरे, अमिता मराठे, भावना दामले, डा. शशिकला अवस्थी सहित पाँच सदस्यों को रोटेरियन निशा पहलवान साहित्य स्मृति साहित्य सम्मान प्रदत्त किया गया। वहीं शिक्षाविद् अनिल ओझा की किताब सुरभित सुमन व सुरेन्द्र व्यास की गजल संग्रह तरकश के तीर को श्रेष्ठ काव्य कृति सुरभि सम्मान-2025 प्रदत्त किया गया। कवि कमल किशोर पांडे को स्व.सज्जन जैन साहित्य सेवी सम्मान 2025, व नरेन्द्र मांडलिक को स्व. पं. सीताराम त्रिपाठी भक्ति काव्य सम्मान-2025 से सम्मानित किया गया जिसमें प्रशस्ति पत्र, शाल के साथ 1100 रुपये की राशि भी भेंट की गई।

इस अवसर पर विशेष रूप से वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. योगेन्द्रनाथ शुक्ल, उज्जैन से डा. प्रभु चौधरी, धार से नंदकिशोर उपाध्याय, इटारसी सेराम वल्लभ गुप्ता, राजकर अधिकारी डा. दीप्ति गुप्ता व तृप्ति शाह आदि बड़ी संख्या में साहित्यकार उपस्थित थे।

## आयुक्त द्वारा तालाब क्षेत्र का निरीक्षण

### तालाब में कचरा नहीं डालने के चेतावनी बोर्ड लगाने के निर्देश दिए

विनय उजाला



इंदौर, नप्र। शहर में आगामी वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा आज प्रात:काल शहर के प्रमुख जलाशयों - बिलावली तालाब, लिंबोदी तालाब, पिपलिया पाला तालाब एवं सिरपुर तालाब - का स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त श्री अभय राजनगांवकर, श्री शृंगार श्रीवास्तव, सहायक यंत्री श्री आकाश जैन सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। आयुक्त श्री सिंघल ने वर्षा काल में जलभराव एवं जल निकासी की संभावित समस्याओं को ध्यान में रखते हुए तालाबों की चैनल लाइन, इनलेट-आउटलेट व्यवस्था एवं ओवरफ्लो संरचनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि तालाबों में आने वाली समस्त चैनल लाइनों की शीघ्र साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए, ताकि वर्षा जल का प्रवाह निर्बाध रूप से हो सके। साथ ही तालाबों की तलहटी एवं आसपास जमा जलकुंभी, गाद, कचरा एवं अवांछित सामग्री को हटाकर समुचित सफाई कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए। इसके साथ ही तालाब के आसपास के परिसर एवं पाथ वे की अनिवार्य रूप से सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखने की भी निर्देश दिए गए। आयुक्त ने बिलावली, लिंबोदी, पिपलिया पाला एवं छोटा सिरपुर तालाब की विशेष रूप से अभियान चला कर जलकुंभी हटाने, कचरा साफ करने ओर सफाई करने के साथ तालाबों के आस पास तालाब में कचरा नहीं डाले के चेतावनी बोर्ड लगाने के निर्देश दिए।



## एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड (आर्सिल)

विभिन्न आर्सिल ट्रस्ट के ट्रस्टी के तौर पर काम करते हुए
आर्सिल ऑफिस : द रूबी, 10वीं मंजिल, 29, सेनापति बापट मार्ग, दादर (पश्चिम) मुंबई-400 028
वेबसाइट : https://auction.arcil.co.in; CIN-U65999MH2002PLC134884

### कब्ज़े का नोटिस

चूंकि, मैं, नीचे हस्ताक्षरकर्ता, एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड का अधिकृत अधिकारी, सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 (2002 का 54) ('उक्त अधिनियम') के तहत आर्सिल - ट्रस्ट -2025 - 018 ('आर्सिल') के ट्रस्टी के तौर पर काम करते हुए और उक्त अधिनियम की धारा 13 (12) के तहत दी गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए, जिसे सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्स, 2002 ('उक्त नियम') के नियम 3 के साथ पढ़ा जाए, ने 11 फरवरी 25 को एक मांग नोटिस जारी किया, जिसमें कर्जदार यानी श्री/ श्रीमती भेरूलाल (आवेदक), श्री/ श्रीमती रेशम बाई और माना बाई (LP0000000185315), गारंटर और गिरवी रखने वालों से नीचे दी गई तालिका में बताए गए विवरण के अनुसार राशि चुकाने के लिए कहा गया था : कर्जदार/गारंटर/गिरवी रखने वालों द्वारा उक्त राशि चुकाने में विफल रहने पर, इसके द्वारा कर्जदार/गारंटर/गिरवी रखने वालों को विशेष रूप से और आम जनता को सूचित किया जाता है कि नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के तहत उसे दी गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए, जिसे उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पढ़ा जाए, नीचे बताई गई तारीख को 'जैसा है जहां है और जो कुछ भी है उसी आधार पर' नीचे वर्णित अचल संपत्ति पर कब्ज़ा कर लिया है।

| कर्ज़दार का नाम और गारंटर | मांग नोटिस | संपत्ति का विवरण | कब्ज़े की तारीख |
|---|---|---|---|
| 1. बाबूलाल (एप्लीकेंट), 2. चंपा बाई (को-एप्लीकेंट) | 13/मई/25 को रू. 906820/- (सिर्फ़ सत्रह लाख पचास हज़ार आठ सौ उनचास रुपये) नोटिस तारीख : 22/मई/25 | प्रॉपर्टी P.H.No. 54, रेजिडेंशियल हाउस नंबर 162 वार्ड नंबर 10 गांव छोटा रायनापाड़ा (जमुनिया), ग्राम पंचायत जमुनिया, तहसील रतलाम, ज़िला रतलाम (म.प्र.), मध्य प्रदेश, 457441 पर है। कुल हाउस एरिया 1200 Sqft. (111.52 Sqmtr). बाउंड्री इस तरह हैं : उत्तर - हाउस वजेसिंह दक्षिण - खुली ज़मीन पूरब - हाउस नरसिंह। पश्चिम - सड़क। | भौतिक कब्ज़ा 20 फरवरी 2026 को लिया गया |

कर्ज़दार/गारंटर/गिरवी रखने वाले और आम जनता को इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि Arcil उपरोक्त अचल संपत्ति पर कानूनी कब्ज़े में है और SARFAESI अधिनियम, 2002 की धारा 13(13) के तहत, कर्ज़दार/गारंटर/गिरवी रखने वाला या कोई भी व्यक्ति, इस नोटिस की प्राप्ति के बाद, Arcil की पूर्व लिखित सहमति के बिना बिक्री, पट्टे या किसी अन्य तरीके से अचल संपत्ति का हस्तांतरण या निपटान नहीं करेगा और अचल संपत्ति के साथ कोई भी लेन-देन Arcil के शुल्क के अधीन होगा, जो उपरोक्त राशि के साथ-साथ अनुबंधित दर पर भविष्य के ब्याज के साथ-साथ आकस्मिक खर्च, लागत, शुल्क आदि के लिए होगा। कर्ज़दारों/गारंटरों/गिरवी रखने वालों का ध्यान उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो उपरोक्त अचल संपत्ति को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में है।

स्थान : रतलाम
तारीख : 25.02.2025

हस्ताक्षर/-
अधिकृत अधिकारी
एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड, आर्सिल - ट्रस्ट के ट्रस्टी - 2025 - 018




## कार्यालय नायब तहसीलदार, तहसील भिचौली हप्सी, जिला इन्दौर

प्रशासनिक संकुल कक्ष क्रमांक-जी-08

क्रमांक/1947/रीडर/2025-26

इन्दौर, दिनांक :- 30/01/2026
श्रीमान कले. महो. के न्याया. का
प्र.क्रं.0021/अ-20( 2 )/2025-26

:: उद्घोषणा ::

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/संस्था जय ओंकार भिलाला समाज संगठन म.प्र. इंदौर द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर गम कैलोदकर्ताल स्थित भूमि सर्वे नंबर 309 रकबा 4.030 हे. में से रकबा 2.000 हे. एवं सर्वे नंबर 321 रकबा 1.749 हे. में से रकबा 0.500 हे. पर भूमि विधवा परित्यागी महिलाओं एवं शिक्षित बेरोजगार छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण केन्द्र को भूमि आवंटन किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया।

अत: उक्त आवंटन किये जाने के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो वह दिनांक 04/03/2026 तक अपनी आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से तहसील न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। अवधि समाप्त होने के उपरांत प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/01/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी।

नायब तहसीलदार
तहसील भिचौली हप्सी, इन्दौर




## M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN COMPANY LTD.

(Government of M.P. Undertaking)
OFFICE OF GENERAL MANAGER (O&M) CIRCLE, Gwalior
Email ID - seomgwl@gmail.com

GM/O&M/PUR/25-26/7767 Gwalior, Dated : 23.02.2026

### NOTICE INVITING E-TENDERS

MPMKVVCL, Gwalior invites bids for following item through e-tendering as per tender specification.

| Particulars | Approx. Value (In Lakh) | EMD (INR) | Tender Fee (INR) |
|---|---|---|---|
| Rate Contract for Supply & Installation of peripherals for Computer, Printer and Networking equipments, repairing of computers & printers and toner refilling in various type of printers for Offices situated Under O&M Circle, Gwalior | 12.00 | 2000 + GST | 24000/- |

Date of Sale of Tender :- 24.02.2026, 18:00 Hrs. up to 09.03.2026, 14:00 Hrs.
Due Date for Submission of Tender :- 09.03.2026 up to 14:00 Hrs.
Opening Date of Tender :- 10.03.2026 at 14.00 Hrs.
Other details, terms and conditions are available on company website: https://portal.mpcz.in & https://mptenders.gov.in or the under signed office.
M.P. Madhyam/124610/2026 GM (O&M) CIRCLE




## M.P. HOUSING AND INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT BOARD

### NOTICE INVITING TENDER (1st Call)

Online percentage rate bids are invited for the following work from experienced firms or manufacturers of repute fulfilling eligibility criteria as per NIT :-

| Sl. No. | System Tender No. | Name of Work | Probable Amount of Contract (Rs. Lakh) | Completion Period (Months) | Date of Submission of Bids | Date of Opening of Tenders |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_ MPHID_ 482464 | Construction of Workshop Tin Shed At Jawahar Navodaya Vidyalaya Alirajpur Distt. Alirajpur. | 5.19 | 03 Months including Rainy Season | 25.02.2026 10:30 A.M. To 13.03.2026 05:30 Hrs. | Envelope-A 16.03.2026@ 05:30 Hrs. ................ Envelope C 16.03.2026 @ 05:45 Hrs. |

Note :- (1) Interested bidders can view the detailed NIT on website www.mphousing.in and https://www.mptenders.gov.in. (2) The bid documents can be purchased online only as per schedule : 25.02.2026 at 10:30 A.M. to 13.03.2026 at 05:30 Hrs. (3) Note :- Required Document & EMD will be accepted online Only. (4) Amendments to NIT if any would be published on website only, and not in newspapers.

Website : www.mphousing.in
E-mail : eednhbdhr@mp.gov.in
M.P. Madhyam/124603/2026
/mphidb /mphidb
(Arun Kumar Awasthi)
E.E., Division Dhar
Mob. : 808549919




## म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल

विस्तृत जानकारी मण्डल पोर्टल www.mphousing.in तथा www.mponline.gov.in पर उपलब्ध।

### एकलव्य परिसर नवीन कलेक्टर ऑफिस के सामने रामसिंह की चौकी आलीराजपुर जिला आलीराजपुर में यथास्थिति में निर्मित

ई-ऑफर दिनांक 09.03.2026 तक आमंत्रित।

भूखण्ड एवं भवन ऑफर के माध्यम से विक्रय हेतु
(ऋण हेतु बैंक/वित्तीय संस्थाओं से विशेष सुविधा उपलब्ध)

| क्र. | योजना/स्थान का नाम | उपलब्ध संख्या | उपलब्ध भवन/भूखण्ड क्रमांक | उपलब्ध भवन/भूखण्ड का क्षेत्रफल (व.मी.) | भवन/भूखण्ड का अपसेट मूल्य (रु. लाख) | धरोहर राशि (रु. लाख) | आवेदन शुल्क (रुपये/जी.एस.टी. सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 34/76 एल.आई.जी. भवन | 05 | भवन क्र. 50, 52, 54, 56 एवं 58 एल.आई.जी. | 78.00 | 23.88 | 4.77 | 1180/- |
| 2. | ई.डब्ल्यू.एस. भवन | 04 | ई.डब्ल्यू.एस. क्र. 257, 258, 259, 260 | 40.00 | 13.09 | 2.62 | 1180/- |
| 3. | ई.डब्ल्यू.एस. भवन | 4 | भवन क्र. 261, 263, 264, 273 ई.डब्ल्यू.एस. बेटर लोकेशन | 40.00 | 13.29 | 2.66 | 1180/- |
| 4. | 34 एल.आई.जी. भूखण्ड | 1 | एल.आई.जी. भू. क्र. 186 | 90.00 | 17.18 | 3.43 | 1180/- |
| 5. | 26/28 एल.आई.जी. भूखण्ड | 1 | एल.आई.जी. भूखण्ड क्र. 220 | 172.00 | 34.80 | 6.96 | 1180/- |
| 6. | 08 एल.आई.जी. भूखण्ड | 02 | भूखण्ड क्र. 199, 200 एल.आई.जी. | 86.45 | 18.08 | 3.61 | 1180/- |

नोट :- भूखण्डों/भवनों का ऑफर डालने के पूर्व स्थल निरीक्षण अवश्य करें। ऑफर डालने के उपरांत किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। मंडल/शासन के नियम/शर्तें लागू। मंडल/शासन के नियमानुसार लागू कर, लीज, टैक्स इत्यादि पृथक से देय होंगे। स्वयं के कारणों से ऑफर निरस्त कर राशि वापिस मांगने पर धरोहर राशि का 50 प्रतिशत कटौत्रा पश्चात शेष राशि वापिस की जावेगी।

ऑफर का आमंत्रण एवं उक्त पश्चात शेष संपत्ति हेतु ऑफर आमंत्रण का विवरण :-

| आवेदन राशि जमा किए जाने की अंतिम दिनांक | बिड डालने की दिनांक | ऑफर खोलने की दिनांक |
|---|---|---|
| 09.03.2026 | 10.03.2026 समय 5.30 बजे | 11.03.2026 समय सायं 11.00 बजे |

ऑफर के माध्यम से विक्रय हेतु संपत्ति का मौके पर निरीक्षण करने हेतु
संपर्क सूत्र- 8989444888, 7974866842 संपदा अधिकारी, संभाग-धार

ऑनलाइन भुगतान में असुविधा होने पर Whatsapp Helpdesk Number 7974264023

पंजीकृत आवंटी अब अपनी समस्त देय राशि का भुगतान मंडल के मोबाइल एप (MPHIDB_GEO जो Google Play Store पर उपलब्ध है) के माध्यम से भी कर सकते हैं। दिये गये QR-Code को स्कैन कर भी एप डाउनलोड कर सकते हैं।

Follow us on /mphidb /mphidb

Visit us : www.mphousing.in म.प्र. माध्यम/124601/2026




# दैनिक विनय उजाला

इंदौर, भोपाल, उज्जैन, आलीराजपुर, ठाणे, मुंबई से एक साथ प्रकाशित

बुधवार, 25 फरवरी 2026
फाल्गुन शुक्ल पक्ष-09

न डरते हैं, न डराते हैं, सच सामने लाते हैं..!


विदेशी ताकतों के इशारे पर चल रही कांग्रेस... 05

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक में हुए निर्णय**

# कृषकों के लिए 10500 करोड़ की 5 योजनाओं की निरंतरता को मिली स्वीकृति

विनय उजाला

**इंदौर, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा किसान कल्याण वर्ष में कृषकों के लिए लगभग 10 हजार 500 करोड़ रुपए की 5 योजनाओं की निरंतरता की स्वीकृति दी गई है।**

मंत्रि-परिषद द्वारा कृषि विकास की दक्षता वृद्धि, विभिन्न कृषि घटकों की प्रभावकारिता को बढ़ाने, दोहराव से बचने अभिसरण सुनिश्चित करने तथा राज्य सरकार को योजना बनाने में लचीलापन प्रदान करने के लिये मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना संचालित है। इसके तहत कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र की आवश्यकता की पूर्ति के लिए परियोजना तैयार कर क्रियान्वित की जाती है। इस योजना को आगामी 5 वर्षों 01 अप्रैल, 2026 से 31 मार्च 2031 तक निरंतरता के लिए 2008.683 करोड़ रूपये से अधिक की स्वीकृति प्रदान की गयी है।



## भावांतर योजना में सरसों उपार्जन की स्वीकृति

मंत्रि-परिषद द्वारा रबी वर्ष 2025-26 में प्रदेश के सरसों उत्पादक किसानों को लाभान्वित किये जाने के लिए केन्द्र सरकार की प्राइस डिफिसिट पेमेंट स्कीम लागू की जा रही है। मध्यप्रदेश में 'भावांतर योजना-सरसों' को स्वीकृति दी गई है। प्रदेश में सरसों भावांतर योजनान्तर्गत 23 मार्च से 30 मई 2026 तक सरसों का विक्रय राज्य की अधिसूचित मंडियों में किया जाएगा। प्रदेश की मंडियों में 14 दिवस के सरसों के विक्रय मूल्य के भारित औसत के आधार पर सरसों के मॉडल रेट की गणना की जाएगी। न्यूनतम समर्थन मूल्य से विक्रय दर/औसत दर अंतर की राशि पंजीकृत कृषकों के पोर्टल पर दर्ज बैंक खाते में डी.बी.टी. से अंतरित की जाएगी।

### मध्यप्रदेश प्रशासनिक पुनर्गठन आयोग के प्रावधानों के परिवर्तन की स्वीकृति

मध्यप्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग का अध्यक्ष पर्याप्त प्रशासनिक अनुभव और योग्यता रखने वाला व्यक्ति होगा। आयोग के अध्यक्ष को राज्य सरकार के प्रमुख सचिव के समकक्ष वेतनमान और समय-समय पर मंहगाई भत्ते और अन्य भत्ते देय होंगे। आयोग के अध्यक्ष पद पर राज्य सरकार के सेवानिवृत अधिकारी नियुक्त होने की स्थिति में उन्हें सेवानिवृत्ति के समय देय मूल वेतन एवं मंहगाई भत्ते से सारांशीकरण के पूर्व की पेंशन घटाई जाकर शेष राशि वेतन, मानदेय के रूप में दी जाएगी। साथ ही समय-समय पर मंहगाई भत्ता देय होगा। अन्य भत्ते 12 मार्च 2024 की अधिसूचना के प्रावधान अनुसार पूर्ववत रहेंगे।

### नेशनल मिशन ऑन नेचरल फार्मिंग के लिए 1011 करोड़ 59 लाख रुपए की स्वीकृति

मंत्रि-परिषद द्वारा मध्यप्रदेश में प्राकृतिक खेती के क्षेत्रफल उत्पादन बढ़ाने, मिट्टी की उर्वरकता बनाये रखने, पर्यावरण का संरक्षण एवं रसायन मुक्त खाद्य उत्पाद उपलब्ध कराने के लिए केन्द्र सरकार सहायतित नेशनल मिशन ऑन नेचरल फार्मिंग को आगामी 5 वर्षों 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च, 2031 तक के लिए निरंतर संचालित किये जाने का निर्णय लिया गया। इस योजना के क्रियान्वयन के लिए केन्द्रांश 60 प्रतिशत एवं राज्यांश 40 प्रतिशत के अनुपात अनुसार कुल राशि 1011 करोड़ 59 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गयी।

## संक्षिप्त समाचार

### अग्रिम जमानत के लिए उच्च न्यायालय पहुंचे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद



**लखनऊ, (हि.स.)।** यौन उत्पीड़न के आरोप का सामना कर रहे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती अब अपनी अग्रिम जमानत के लिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय में दस्तक दी है। एफआईआर दर्ज होने के बाद गिरफ्तारी से बचने के लिए शंकराचार्य ने उच्च न्यायालय में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है। शंकराचार्य ने अधिवक्ता राजर्षि गुप्ता, सुधांशु कुमार और श्री प्रकाश के जरिए उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल की गई है। जल्द ही इस पर सुनवाई हो सकती है। दरअसल, तुलसी पीठाधीश्वर स्वामी रामभद्राचार्य के शिष्य आशुतोष ब्रह्मचारी ने जिला कोर्ट में अर्जी दाखिल की थी। इस मामले की सुनवाई के बाद कोट ने झूंसी पुलिस को स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती समेत अन्य संबंधित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना का आदेश दिया था।

### 277 हस्तियों ने एआई-समिट में शर्टलेस प्रदर्शन की निंदा की




**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की 277 हस्तियों ने एआई इम्पैक्ट समिट में इंडियन यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं के 'शर्टलेस' विरोध प्रदर्शन की निंदा की है। इनमें पूर्व हाईकोर्ट जज, सेवानिवृत्त अफसर, पूर्व राजदूत, सेना और पुलिस के रिटायर्ड वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। इन हस्तियों ने एक संयुक्त बयान जारी कर कहा कि यह प्रदर्शन राष्ट्रीय गरिमा के खिलाफ, सोची-समझी हरकत और बिना सोच-विचार की राजनीति का उदाहरण है। बयान पर हाईकोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस बी सी पटेल समेत 26 पूर्व जज, 102 रिटायर्ड अफसर इनमें 11 पूर्व राजदूत, 149 पूर्व सैन्य और पुलिस अधिकारियों ने दस्तखत किए हैं।

**'सेवातीर्थ' में हुई मोदी सरकार की पहली कैबिनेट बैठक**

# केरल का नाम अब 'केरलम', तीन रेल 'मल्टी-ट्रैकिंग' प्रोजेक्ट को भी मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

**केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नई कार्य संस्कृति और महत्वाकांक्षी फैसलों के साथ 140 करोड़ लोगों के हित को सर्वोपरि रखते हुए महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए हैं।**

नए पीएमओ भवन 'सेवातीर्थ' में पहली कैबिनेट बैठक का आयोजन हुआ। केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह संकल्प लिया गया कि सभी नीतिगत निर्णय संविधान के मूलभूत सिद्धांतों के अनुरूप होंगे। मंत्रिमंडल ने केरल का नाम बदलकर 'केरलम' करने का फैसला किया। इसके साथ ही महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, बिहार और झारखंड के आठ जिलों में तीन मल्टी-ट्रैकिंग रेल परियोजनाओं को मंजूरी देने जैसे बड़े फैसलों को हरी झंडी दी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में, यह संकल्प भी लिया गया कि संवैधानिक मूल्य उस नैतिक प्रतिबद्धता की अभिव्यक्ति है, जो शासन को नागरिक की गरिमा, समानता और न्याय से जोड़ती है। सेवा तीर्थ की कार्य-संस्कृति में यही भावना निहित होगी, जहां हर नीति संविधान की मूल भावना के अनुरूप होगी और हर निर्णय देशवासियों की आकांक्षाओं के प्रति उत्तरदायी होगा। यह बैठक एवं यह भवन नये भारत के नवनिर्माण की एक स्पष्ट अभिव्यक्ति है। एक सरकारी रिलीज के अनुसार, 'इस शुरूआत के साथ, हम उस भविष्य का स्वागत कर रहे हैं, जिसके निर्माण में सदियों का श्रम लगा है।

आजादी के बाद प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) साउथ ब्लॉक में इतने दशकों तक सरकारों ने विरासत को संभाला और भविष्य के सपने देखे।' इसमें कहा गया है, 'हमने एक ऐसे भारत के सपने देखे, जिसकी सोच स्वदेशी हो, स्वरूप आधुनिक हो, और सामर्थ्य अनंत हो। आज यह सेवातीर्थ उसी संकल्पना का वह मूर्त रूप है जो लोकतंत्र की जननी के रूप में भारत के गौरव को बढ़ाएगा।'

## केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में लिए गए बड़े फैसले



केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केरल का नाम बदलकर 'केरलम' करने को मंजूरी दी। कैबिनेट की मंजूरी के बाद, भारत के राष्ट्रपति संविधान के अनुच्छेद 3 के तहत केरल राज्य विधान सभा को 'केरल (नाम परिवर्तन) विधेयक, 2026' भेजेंगे ताकि विधायिका अपनी राय व्यक्त कर सके। केरल विधानसभा की प्रतिक्रिया मिलने के बाद भारत सरकार आगे की कार्रवाई करेगी और राष्ट्रपति से सिफारिश लेकर संसद में 'केरल' राज्य का नाम आधिकारिक रूप से 'केरलम' करने के लिए विधेयक पेश किया जाएगा। इसके पहले केरल विधानसभा ने 24 जून 2024 को यह प्रस्ताव पारित किया था: 'हमारे राज्य का नाम मलयालम भाषा में 'केरलम' है। 1 नवंबर, 1956 को भाषा के आधार पर राज्यों का गठन किया गया था।'

### कच्चे जूट की एमएसपी 275 रुपए बढ़ाकर 5,925 रुपए प्रति क्विंटल की

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कच्चे जूट का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 275 रुपये बढ़ाकर 5,925 रुपये प्रति क्विंटल करने को मंजूरी दे दी। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव नेबताया कि, विपणन सत्र 2026-27 के लिए कच्चे जूट के एमएसपी में पिछले विपणन सत्र 2025-26 की तुलना में 275 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने कच्चे जूट का एमएसपी बढ़ाकर 2026-27 में 5,925 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया है, जो वित्त वर्ष 2014-15 में 2,400 रुपये प्रति क्विंटल था। वित्त वर्ष 2014-15 से 2025-26 की अवधि के दौरान जूट उत्पादक किसानों को भुगतान की गई एमएसपी राशि 1,342 करोड़ रुपये थी, जबकि 2004-05 से 2013-14 की अवधि के दौरान यह 441 करोड़ रुपये थी।

### श्रीनगर में नए एकीकृत हवाई अड्डा टर्मिनल के लिए 1,667 करोड़ रुपए के प्रस्ताव को मंजूरी दी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने श्रीनगर में नए एकीकृत हवाई अड्डा टर्मिनल के लिए 1,667 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को मंजूरी दी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को श्रीनगर हवाई अड्डे पर 1,677 करोड़ रुपये की लागत से 'सिविल एन्क्लेव' बनाने को मंजूरी दे दी है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, सिविल एन्क्लेव परियोजना 73.18 एकड़ में फैली होगी और नया टर्मिनल भवन 71,500 वर्ग मीटर में बनेगा। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में परियोजना के लिए मंजूरी की घोषणा की। इस परियोजना की अनुमानित लागत 1,677 करोड़ रुपये है। नई टर्मिनल इमारत को इस तरह डिज़ाइन किया जाएगा कि यह व्यस्त समय में 2,900 यात्रियों को संभाल सके और इसकी वार्षिक क्षमता एक करोड़ यात्रियों की होगी। सरकार ने यह भी कहा कि इस परियोजना से रोजगार के अवसर पैदा होने और निवेश को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

### पावरग्रिड की इक्विटी निवेश सीमा को प्रति अनुषंगी कंपनी 5,000 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 7,500 करोड़ रुपए किया

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम पावरग्रिड की इक्विटी निवेश सीमा को प्रति अनुषंगी कंपनी 5,000 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 7,500 करोड़ रुपये करने के प्रस्ताव को मंगलवार को मंजूरी दे दी ताकि वह अत्यधिक पूंजी की जरूरत वाली पारेषण परियोजनाओं के लिए बोली लगा सके। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) की प्रधानमंत्री के नए कार्यालय 'सेवा तीर्थ' में हुई पहली बैठक में यह निर्णय लिया गया। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक के बाद पत्रकारों से कहा, 'सीसीईए ने लोक उपक्रम विभाग (डीपीई) के चार फरवरी, 2010 के दिशानिर्देशों के तहत पावरग्रिड को महारत्न कंपनियों को प्राप्त शक्तियों को बढ़ाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, 'इस मंजूरी के तहत पावरग्रिड की प्रति अनुषंगी कंपनी अनुमेय इक्विटी निवेश सीमा को मौजूदा 5,000 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 7,500 करोड़ रुपये कर दिया गया है जबकि कंपनी की निवल संपत्ति की 15 प्रतिशत की मौजूदा सीमा को बरकरार रखा गया है।'

**बीएनएम सेवा संस्थान, लखनऊ ने किया सम्मानित**

# नाटक लेखक एवं निर्देशक डॉ. राजीव शुक्ल को 'बंश बहादुर मल्ल कला नाट्य श्री सम्मान'

विनय उजाला



**लखनऊ/इंदौर।** वरिष्ठ नाटक लेखक एवं निर्देशक डॉ. राजीव शुक्ल को वर्ष 2025 का प्रतिष्ठित 'बंश बहादुर मल्ल कला नाट्य श्री सम्मान' से सम्मानित किया गया। बीएनएम सेवा संस्थान, लखनऊ द्वारा नाट्य विधा में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए यह सम्मान लखनऊ में उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान के निराला सभागार में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया।

डॉ. शुक्ल राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली के सहयोग से मध्यप्रदेश कला परिषद् द्वारा आयोजित नाट्य लेखन शिविर में प्रशिक्षित रहे हैं तथा संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सांस्कृतिक संसाधन एवं प्रशिक्षण केंद्र (सीसीआरटी) द्वारा सीनियर फेलो के लिए चयनित हो चुके हैं। उन्होंने अखिल भारतीय कालिदास समारोह, उज्जैन में मंचित अनेक नाटकों में अभिनय किया है और कई नाटकों की परिकल्पना, लेखन एवं निर्देशन किया है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (जीसी) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की शॉर्ट फिल्म प्रतियोगिता में उनकी फिल्म 'द वर्स्ट डे' पुरस्कृत हुई। दूरदर्शन के संस्कृत धारावाहिक 'रघुवंशम' में उनके अभिनय को विशेष सराहना मिली। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा प्रायोजित टीवी धारावाहिकों में उन्होंने स्क्रिप्ट लेखन किया है। साथ ही, सीसीआरटी एवं संस्कृति मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा थिएटर क्षेत्र में छात्रवृत्ति हेतु चयनित अनेक शोधार्थियों के मार्गदर्शक हैं। पत्र-पत्रिकाओं में उनके अनेक सामयिक लेख एवं व्यंग्य प्रकाशित हुए हैं, वहीं आकाशवाणी से उनकी कहानियां, कविताएं एवं नाटक प्रसारित हो चुके हैं। वर्तमान में डॉ. राजीव शुक्ल प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली में आचार्य पद पर कार्यरत हैं।

### तकनीकी खराबी के कारण स्पाइसजेट की इमरजेंसी लैंडिंग



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एयरलाइन कंपनी स्पाइसजेट के बोइंग 737 प्लेन की दिल्ली में इमरजेंसी लैंडिंग हुई। फ्लाइट स्त्र-121 ने मंगलवार सुबह 6.08 बजे दिल्ली के ही आईजीआई एयरपोर्ट से लेह के लिए उड़ान भरी थी। कुछ देर बाद प्लेन के इंजन-2 में खराबी आ गई। इसके बाद पायलट ने प्लेन वापस दिल्ली की ओर मोड़ लिया। फ्लाइट की 6.49 बजे इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। फ्लाइट में 150 यात्री-क्रू सवार थे। घटना पर एयरलाइन ने कहा है कि फ्लाइट की सेफ लैंडिंग हुई है। कॉकपिट में किसी तरह की आग का अलर्ट नहीं मिला था। सभी यात्री सुरक्षित हैं।

**80 लाख दावों का निपटारा बाकी**

## पश्चिम बंगाल एसआईआर में ओडिशा-झारखंड के सिविल जज करेंगे वेरिफिकेशन में मदद

नई दिल्ली, एजेंसी



सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल में स्क्रुप्रक्रिया में सामने आए 80 लाख क्लेम निपटाने के लिए 2 राज्यों से सिविल जजों को तैनात करने की परमिशन दे दी है।

कोर्ट ने आदेश दिया कि कलकत्ता हाईकोर्ट पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट एसआईआर प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए झारखंड-ओडिशा के सिविल जजों की मदद ले सकता है। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने चुनाव आयोग से कहा कि वह 28 फरवरी को बंगाल की फाइनल एसआईआर लिस्ट पब्लिश कर सकता है। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि वेरिफिकेशन प्रोसेस आगे बढ़ता है तो पोल पैनल सप्लीमेंट्री लिस्ट जारी कर सकता है। इससे पहले 20 फरवरी को, पश्चिम बंगाल सरकार और चुनाव आयोग के बीच चल रही खींचतान से निराश होकर कोर्ट ने एसआईआर प्रोसेस में पोल पैनल की मदद के लिए मौजूदा और पूर्व जिला जजों को तैनात करने का निर्देश जारी किया था।

**युद्धाभ्यास 'खड़ग शक्ति' में दिखी भारत की सैन्य शक्ति**

# सुखोई ने दुश्मनों का सप्लाई डिपो उड़ाया, सी-130 विमान रनवे पर उतरा

बीकानेर, (हि.स.)

**राजस्थान में पाकिस्तान बॉर्डर के पास जैसलमेर के पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में भारतीय वायुसेना के युद्ध अभ्यास 'खड़ग शक्ति' के दौरान भारतीय सेना की सैन्य शक्ति एक बार फिर देखने को मिली। सबसे पहले सुखोई 30 ने दुश्मन के रनवे और ठिकानों को तबाह किया।**

सुखोई ने दुश्मन के ठिकानों को टारगेट करते हुए 44 बम बरसाए। मिग-29 फाइटर जेट ने टैंकों का काफिला ध्वस्त किया। जैसे ही बम दुश्मनों के टारगेट पर गिरे, धूल का गुबार बन गया। वॉर जोन में आकाश मिसाइल ने टारगेट को हवा में ही उड़ा दिया। सेना ने आधुनिक और पारंपरिक युद्ध कौशल का जबरदस्त प्रदर्शन किया। इस दौरान दस हजार फीट की ऊंचाई से पैराट्रूपरों की सामरिक छलांग, चेतक और चीता हेलीकॉप्टरों द्वारा त्वरित एम्युनिशन आपूर्ति व रेकी, हथियारों से लैस अपाचे अटैक हेलीकॉप्टर की सटीक मार कार्रवाई, स्वॉर्म और लॉजिस्टिक ड्रोन का उपयोग के साथ-साथ तोपखाने की समन्वित फायरिंग का प्रदर्शन हुआ।

अभ्यास में ड्रोन ऑपरेशन्स, दिव्यास्त्र बैटरी, अग्निबाण रेजीमेंट, अश्नी योद्धा सिस्टम, स्मर्च रॉकेट सिस्टम और इंटीग्रेटेड आर्टिलरी फायरपावर का प्रदर्शन किया गया। अंतिम चरण में पश्चिमी कमान के आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार खटियार और टू कोर कमांडर जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल राजेश पुष्कर की उपस्थिति में संयुक्त युद्धाभ्यास और एयरबोर्न ऑपरेशन का लाइव प्रदर्शन हुआ।



## तोपें और टैंकों ने अपनी गर्जना से आसमान गुंजायमान कर दिया

लेफ्टिनेंट जनरल राजेश पुष्कर ने बताया कि युद्धाभ्यास के दौरान महाजन की रेतीली धरा पर सेना की तोपें और टैंको ने अपनी गर्जना से आसमान गुंजायमान कर दिया और ड्रोन तकनीक के उपयोग पर विशेष फोकस किया गया। युद्धाभ्यास में नाइट फायरिंग (रात्रि कालीन युद्धाभ्यास) पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसके माध्यम से अंधेरे में भी दुश्मन के काल्पनिक ठिकानों को अचूक निशानों से ध्वस्त करने का अभ्यास किया गया। आधुनिक युद्ध के बदलते स्वरूप को देखते हुए इस अभ्यास में ड्रोन तकनीक का व्यापक उपयोग किया गया, जिससे निगरानी से लेकर सटीक हमलों तक में ड्रोन की भूमिका प्रदर्शित की गई।

### चेतक हेलीकॉप्टरों ने गोला बारुद और आवश्यक सामग्री की आपूर्ति सुनिश्चित की

अभ्यास की एक प्रमुख विशेषता ड्रोन आधारित निगरानी और आक्रमण प्रणाली रही। स्वॉर्म ड्रोन और क्वाटकॉप्टर के माध्यम से वास्तविक समय में लक्ष्य चिन्हांकन किया गया। चेतक हेलीकॉप्टरों ने गोला बारुद और आवश्यक सामग्री की आपूर्ति सुनिश्चित की, जिससे अग्रिम मोर्चे पर तैनात टुकडियों की संचालन क्षमता निर्बाध बनी रही। जमीनी स्तर पर टेंक, बख्तरबंद वाहन और मशीनीकृत पैदल सेना ने एकीकृत फायरिंग ड्रिल के माध्यम से आगे बढ़ते हुए लक्ष्य भेदन का अभ्यास किया। कमांडो की अग्रिम टुकड़ी ने दुश्मन के ठिकानों की पहचान कर उनकी सूचना तोपखाना इकाईयों को दी, जिसके बाद समन्वित गोलाबारी से लक्ष्यों को निष्प्रभावी किया गया।

## सम्पादकीय

# भारत–ब्राजील समझौता : ड्रैगन के एकाधिकार को चुनौती और ग्लोबल साउथ का सुनहरा उदय

उ मौजूदा दौर में दुनिया भर में भू–राजनीति के स्वरूप में जिस तेजी से उतार–चढ़ाव देखे जा रहे हैं, उसमें सभी देशों के सामने अपने भविष्य और विकास की राह सुरक्षित करने की चुनौती दिख रही है। खासतौर पर जिन कारकों पर आने वाले वर्षों में विकास की दिशा निर्भर करेगी, उसके मद्देनजर अलग–अलग देशों के बीच साझेदारी के नए अध्याय तैयार हो रहे हैं, विकल्प की राह खोजी जा रही है। भारत और ब्राजील के बीच हुए समझौते को इसी की एक कड़ी के रूप में देखा जा सकता है, जिसमें मुख्य रूप से उन बिंदुओं पर सहमति बनी है, जिसमें सहयोग के क्षेत्र में विकल्प के नए रास्ते तैयार हों। आज दुनिया भर में यह चिंता सतह पर देखी जा रही है कि आने वाले वर्षों में विकास का आधार बनने वाले अहम कारकों को लेकर कैसे एक नई आपूर्ति श्रृंखला बनाई जाए। भारत–ब्राजील के बीच हुआ समझौता इसी संदर्भ में महत्त्वपूर्ण हो जाता है कि इसके जरिए दोनों को अन्य मजबूत देशों पर निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी। गौरतलब है कि इस समझौते में अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को बीस अरब डालर से ज्यादा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसे एक मजबूत आपूर्ति श्रृंखला बनाने की दिशा में काफी महत्त्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। समझौते में सबसे अहम सहमति दुर्लभ खनिजों और भू–धातुओं को लेकर बनी है, जो आने वाले वर्षों में समूची दुनिया में विकास के सबसे अहम कारक बनने वाले हैं। इससे तकनीक के क्षेत्र में आदान–प्रदान, नई संभावनाओं की खोज, अनुसंधान और विकास को बढ़ावा मिलेगा। यह जगजाहिर तथ्य है कि आज लीथियम और कोबाल्ट जैसे अन्य दुर्लभ खनिज तथा भू–धातु विकास के संचालक तत्त्व बन रहे हैं। वैश्विक स्तर पर जिस तरह इलेक्ट्रिक वाहनों, ऊर्जा क्षेत्र, आधुनिक रक्षा उपकरणों के निर्माण और रोबोटिक्स उत्पादन के क्षेत्र में सभी देश अपनी स्थिति मजबूत करना चाहते हैं और इस संबंध में ज्यादा बेहतर अवसरों की तलाश में हैं। ऐसे में दुर्लभ खनिजों की मांग में काफी तेजी आने की उम्मीद है। फिलहाल वैश्विक स्तर पर दुर्लभ खनिज प्रसंस्करण के सबसे बड़े हिस्से पर चीन का नियंत्रण है। भारत–ब्राजील के बीच हुए समझौते का एक मुख्य उद्देश्य आधुनिक उद्योग और तकनीक के लिए आवश्यक सामग्री की दीर्घकालिक आपूर्ति सुनिश्चित करना है और साथ ही इस क्षेत्र के प्रमुख आपूर्तिकर्ता और खासतौर पर चीन पर निर्भरता को कम करना है। भारत के लिए यह समझौता इसलिए महत्त्वपूर्ण है कि ब्राजील को चीन के बाद दुर्लभ खनिजों से समृद्ध दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश माना जाता है। ब्राजील के साथ नए करार के बाद भारत को इन खनिजों को सीधे हासिल करने में मदद मिलेगी। इसके अलावा, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को लेकर एक सहमति बनी है। इसका असर छोटे कारोबारियों पर भी पड़ेगा और उन्हें नई तकनीकों के साथ–साथ ब्राजील के बाजार और उसकी नीतियों के अनुकूल अपना रुख तय करने का मौका मिलेगा। साथ ही स्वास्थ्य, शिक्षा और डिजिटल क्षेत्र में विकास के अन्य अहम बिंदुओं पर भी सहयोग के नए आयाम खुले हैं। दोनों देशों के बीच साझेदारी ऐसे समय में सामने आई है, जब अमेरिका व्यापार समझौते में भारत के सामने अपने फायदे में शर्तें सामने रख रहा है। हालांकि यह ध्यान रखने की जरूरत है कि बहुध्रुवीय विश्व में अगर कोई विकसित देश अपने हित में विकासशील देशों पर दबाव को औजार बनाता है, तो आज एक बेहतर कूटनीति विकल्प की राह तैयार कर सकती है।

## दैनिक विनय उजाला सुविचार

इंसान को कोई चीज इतना नहीं बदल सकती... जितना उसके दिल पर गुजरी हुई तकलीफें उसे बदल देती हैं...
**– डॉ. रमेश जैन, उज्जैन**

पैर छूकर आशीर्वाद लेना बहुत सरल है, परंतु हमारे कर्म जब किसी के हृदय को छू जाएं, तब उसकेहृदय से हमारे लिए जो आशीष निकलते हैं, वही सच्चा आशीर्वाद है।
**– टीना कश्यप, मुंबई**

सबके पास समान आंखें हैं, लेकिन सबके पास समान दृष्टिकोण नहीं है, बस यही बात इंसान को इंसान से अलग करती है...
**– राशि परिहार, इंदौर**

जिनका मन स्थिर होता है, उनके पास हर समस्या का समाधान होता है।
**– डॉ. विनय दीवान, भोपाल**

प्रशंसा और आलोचना दोनों को सादगी से स्वीकार करने का गुण होना चाहिए, क्योंकि पौधे को वृक्ष बनने के लिए पानी के साथ धूप की भी ज़रूरत पड़ती है।
**– लता मालवीय**


पाने से कहीं अधिक कठिन होता हैं, उसे संभालकर रखना, फिर चाहे वह दौलत हों,इज्ज़त हों, प्रेम हों या फिर कोई अच्छा इंसान...
**– सुनील शर्मा**

## घनिष्ठता की सुध...!

क्यों? याद आते हैं उन्हें हमेशा सिर्फ़ हक़,
मुश्किल में पालक दिल नहीं जाता धड़क।
सिर्फ लेना ही लेना क्योंकर उन्हें हैं सूझता,
कुछ देने हेतू मन कभी क्यों न पसिजता।

हाल–चाल भले बुरे ना हो पूछ लिया करो,
तुम रिश्तों के घनिष्ठता की सुध लिया करों।
क्या? हमने ही बिसारने का प्रण लिया हैं,
वहीं गडे मुर्दे उखाड़ने का निश्चय किया हैं।

तुम्हारी गलतियों को नजरअंदाज किया है,
कभी–कभी हमने खून का घूंट भी पिया है।
यूं हक़ जमाना पालकों के मन में ठिकाना,
पहले उनकी करिए सेवा बाद में मुस्कुराना।



**संजय एम तराणेकर**
(कवि, लेखक व समीक्षक)
इन्दौर–452011 (मध्य प्रदेश)
मो. 98260 25986
(स्व–रचित, मौलिक व अप्रकाशित)
दैनिक विनय उजाला

विशेष सम–सामयिक

मिसाइलों की सटीकता इस कदर उन्नत हो चुकी है कि अब मिसाइलें पूरे शहर को तबाह करने के बजाय एक विशिष्ट खिड़की या मोबाइल लॉन्चर को निशाना बनाती हैं। इनका इस्तेमाल विरोधी पर शुरुआती हमले में ही बढ़त बनाने, उनके प्रमुख स्थानों, संस्थानों पर रणनीतिक, घातक विध्वंस के अलावा दुश्मन को अपने ही क्षेत्र में सीमित रखने, एंटी एक्सेस अथवा एरिया डिनायल के लिये भी किया जा रहा है।

## भारतीय सेना के लिए जरूरी हो गई है

# इंटीग्रेटेड रॉकेट फोर्स...!!

दैनिक विनय उजाला



**संजय श्रीवास्तव**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और विज्ञान व तकनीकी विषयों के जानकार हैं)
–इमेज रिफ्लेक्शन सेंटर



नी ड ऑफ द ऑवर समझे जाने वाले रॉकेट–मिसाइल फोर्स के एकीकृत कमांड का निर्माण हमारे रक्षा परिदृश्य को बदलकर रख देगा। इसमें मिसाइल, रॉकेट, ड्रोन और कुछ दूसरे हथियार और आक्रमणरोधी प्रणालियां भी शामिल होंगी। बेशक इस मामले में चीन हमसे बहुत आगे निकल चुका है, मगर एक साल पहले इसकी शुरुआत करने वाले पाकिस्तान को हम अगले दो वर्षों में पछाड़ देंगे यह तय है।,

भारत का 'एकीकृत रॉकेट बल' यानी इंट्रीग्रेटेड रॉकेट फोर्स अथवा आईआरएफ के निर्माण की योजना अब विचारों, सुझावों, चर्चाओं तथा प्रस्तावों की परिधि पार करके ठोस आकार लेने के करीब है। पिछले महीने ही सेना प्रमुख ने इसके गठन की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया था और अब प्रस्ताव भी। भले ही इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है पर कुछ सैन्य सूत्रों बताते हैं कि बदलती युद्ध रणनीति एवं देश की सुरक्षा जरूरतों को और बेहतर बनाने के लिए भारतीय सेना के रॉकेट–मिसाइल फोर्स का एकीकृत कमांड बनाने के प्रस्ताव को रक्षा प्रमुख की औपचारिक मंजूरी मिलने के बाद सेना ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी हैं। अभी मिसाइल क्षमताओं का संचालन भारतीय सेना में कोर ऑफ आर्टिलरी, सामरिक बल कमांड के तहत किया जाता है। जल्द ही मिसाइलों, राकेटों और खास तरह के ड्रोन इत्यादि के कमांड के लिये एक अलग एकीकृत व्यवस्था होगी। सेना प्रमुख ही नहीं रक्षा प्रमुख सहित सभी इसे नीडस ऑद द ऑवर मानते हैं इसलिए इस बल का गठन शीघ्र और अवश्यंभावी है, मुमकिन है इस पर इस पर कुछ ठोस काम होने के बाद इसकी उचित समय पर रणनीतिक घोषणा हो।

रॉकेट और मिसाइलों की व्यवस्था को एकीकृत कर एक कमांड के तहत लाना और फिर उसे मिलिट्री एआई के अंतर्गत 'किल चेन' का हिस्सा बनाना भविष्य के युद्ध में टिकने के लिये अपरिहार्य है। फिलहाल चीन ने बहुत पहले 2015 में ही ऐसे बल का गठन कर लिया था और मिलेट्री एआई अथवा किल चेन के मामले में वह अमेरिका से आज बस जरा सा ही पीछे है। वह इस प्रणाली पर अमेरिका से कई गुना ज्यादा खर्च कर रहा है, चीन इस पर 350 हजार करोड़ युआन खर्चता है, तो अमेरिका फिलहाल 125 करोड़ डॉलर और हम महज 25 हजार करोड़ रुपये। चीन की राकेट और मिसाइल के एकीकृत कमांड पीएलएआर हमसे कई साल और तकनीकी स्तर पर बहुत आगे है। फिलवक्त हमारी कवायद संख्यात्मक मामले में चीन की बराबरी का नहीं बल्कि असेमेट्रिक अथवा असममित मारक क्षमता विकसित करना है।

चीन के बाद पाकिस्तान भी पिछले साल मई से शुरू कर अब तक अपनी आर्मी राकेट फोर्स कमांड को खासा विकसित कर चुका है। पाकिस्तान पश्चिम दिशा से आर्मी राकेट कमांड फोर्स के जरिये फतेह सीरीज की मिसाइलों और राकेटों से हमले कर सकता है, तो उत्तर से चीन अपनी हाइपरसोनिक मिसाइलों से भारत को नुकसान पहुंचा सकता है। अगर दोनों देश मिलकर भारत पर हमला करते हैं, तो उनके रॉकेट–मिसाइलों के आगे भारत की रक्षा प्रणाली संकट में आ सकती है। इसलिए भारत को रॉकेट–मिसाइल फोर्स की बहुत जरूरत है, सो चीन और पाकिस्तान की तरफ से दुतरफा दबाव के मद्देनजर रक्षा मामले में सजग भारतीय सेना इस कमांड के गठन में अब और देर नहीं करेगी। वैसे भी इसका सुझाव 2021 में तत्कालीन सीडीएस विपिन रावत दे चुके थे और अब तक इसमें पांच बरस की देरी हो ही चुकी है। भले विचार के पांच साल बाद काम की शुरुआत हुई पर कमांड के गठन में बहुत देर नहीं लगेगी, तीन साल के भीतर यह पूरी तरह सक्रिय होगा। पिछले तीन वर्षों में सेना इसके जरूरी 'हार्डवेयर' इकट्ठा कर चुकी है। 'प्रलय' मिसाइलों की दो नई यूनिट्स को मंजूरी मिल चुकी है और पिनाक रॉकेट सिस्टम की मारक क्षमता 300–450 किमी करने पर काम चल रहा है। चीन से हम आगे नहीं निकल पायेंगे मगर दो सालों से पहले ही पाकिस्तान को पछाड़ देंगे, तय है। दक्षिण एशिया में किसी और देश ने इस तरह के बल बनाने की न तो घोषणा की है न ही उनके पास तकनीकी और वित्तीय क्षमता है।

युद्ध के तौर तरीके बढते तकनीक दखल के चलते बदलते जा रहे हैं, एआई समर्थित मिलिट्री एआई, रॉकेट मिसाइल इंट्रीग्रेटेड फोर्स, ड्रोन इत्यादि की भूमिका महत्वपूर्ण होती जा रही है। पहले मिसाइलों का इस्तेमाल केवल बड़े हमले या परमाणु निवारण के लिए होता था, आज मैदाने जंग में मिसाइलें केवल 'विस्फोटक ले जाने वाले वाहन' नहीं बल्कि 'स्मार्ट और ऑटोनॉमस हंटर' बन चुकी हैं। ये दूर बैठकर हमला करने यानी 'नॉन–कॉन्टैक्ट वारफेयर' का आधार हैं। मिसाइलों की सटीकता इस कदर उन्नत हो चुकी है कि अब मिसाइलें पूरे शहर को तबाह करने के बजाय एक विशिष्ट खिड़की या मोबाइल लॉन्चर को निशाना बनाती हैं। इनका इस्तेमाल विरोधी पर शुरुआती हमले में ही बढ़त बनाने, उनके प्रमुख स्थानों, संस्थानों पर रणनीतिक, घातक विध्वंस के अलावा दुश्मन को अपने ही क्षेत्र में सीमित रखने, एंटी एक्सेस अथवा एरिया डिनायल के लिये भी किया जा रहा है। भविष्य में एक साथ 50–100 छोटी मिसाइलें या ड्रोन छोड़े जा सकते हैं, जो आपस में 'संवाद' करेंगे। अगर एक मिसाइल नष्ट हो जाती है, तो दूसरी खुद–ब–खुद उसका लक्ष्य संभाल लेगी। जल्द ही ये एआई से सन्नद्ध होकर किल चेन का हिस्सा बनेंगी।

रॉकेट और मिसाइल हालांकि दोनों अलग–अलग हैं, रॉकेट के उलट मिसाइल तय टारगेट को हिट करने के लिए बनाई गई है, जिसमें इंटर्नल गाइडेंस सिस्टम भी होते हैं। पर अब वे इतने अलग नहीं रहे। दोनों ही बहुत असरदार और निर्णायक युद्धक सक्षमता साबित कर रहे हैं। भारतीय सेना अपनी लंबी दूरी की मारक क्षमता को बढ़ाने और मौजूदा आधुनिक युद्ध की जरूरतों के मुताबिक इन दोनों की अलग अलग खूबियों के इस्तेमाल हेतु रॉकेट और मिसाइलों को एक ही कमांड के तहत रखते हुए इसमें पिनाक मल्टी बैरल रॉकेट लॉन्चर, प्रलय टैक्टिकल बैलिस्टिक मिसाइल और ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल, निर्भय जैसे सिस्टम एवं विशेष तरह के ड्रोन के अलावा मिसाइल और एयर डिफेंस हथियार इत्यादि भी शामिल कर रही है, तो यह उचित ही है। यह विशेष रॉकेट–मिसाइल फोर्स अधिक तेजी से लंबी दूरी तक सटीक मार करने के साथ समान असर के लिए ज्यादा किफायती भी होगी। ये तीनों सेनाओं की संयुक्त यानी ट्राई–सर्विस फोर्स होगी जिसे चीन, पाकिस्तान से लगती सीमा पर तैनात किया जा सकता है।

इस एकीकृत बल बनने के बाद भारत की रणनीतिक स्थिति बहुत मजबूत होगी। कमांड चेन छोटी होने से बेहतर तालमेल होगा तो त्वरित लक्ष्य भेदन संभव होगा। सेना अपनी सीमाओं के भीतर से ही पाकिस्तान या चीन के महत्वपूर्ण रसद केंद्रों और एयरबेसों को सटीक निशाना बनाने में सक्षम हो जाएगा। 'मिसाइल से मिसाइल' का मुकाबला करने की क्षमता बढ़ेगी तो 'कोल्ड स्टार्ट' जैसी रणनीतियों को और अधिक धार मिलेगी। इससे भारत को अपनी अग्नि सीरीज जैसी परमाणु मिसाइलों को रिजर्व में रखने की सुविधा मिलेगी; क्योंकि छोटे और मध्यम स्तर के टकरावों के लिए यह 'रॉकेट फोर्स' ही पर्याप्त होगी। इस बल का मुख्य उद्देश्य युद्ध की शुरुआत में दुश्मन के एयरबेस, संचार केंद्रों और ईंधन डिपो को तबाह करना होगा ताकि मिसाइल आक्रमणों की सटीकता विपक्षियों की कमर और मनोबल तोड़ दे, जिससे रणनीतिक बढत और वायुसेना तथा पैदल सेना को रास्ता मिल सके। भारतीय रॉकेट फोर्स की यही खासियत, तात्कालिकता, गति, सटीकता, मारक क्षमता होगी। भविष्य के युद्धों में इनकी भूमिका एआई तथा किल चेन के एकीकरण के बाद जो दुश्मन की पहचान करने से लेकर उसे नष्ट करने तक की एकीकृत व्यवस्था है, अत्यंत घातक हो जायेगी। उम्मीद है कि इस रॉकेट मिसाइल एकीकृत कमांड फोर्स के गठन की विधिवत आधिकारिक घोषणा सरकार अथवा सेना शीघ्र ही करेगी।

# रोबोट और मानव : आज के समय में प्रासंगिकता

व र्तमान युग को तकनीकी क्रांति का दौर कहा जाता है। रोबोट और कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने मानव जीवन के लगभग हर क्षेत्र—शिक्षा, चिकित्सा, उद्योग, सेना, अंतरिक्ष और दैनिक जीवन—को प्रभावित किया है। ऐसे में प्रश्न उठता है कि आज के समय में रोबोट और मानव की भूमिका क्या है और उनकी प्रासंगिकता कैसे समझी जाए ? आज रोबोट केवल मशीन नहीं, बल्कि कार्यसहयोगी बन चुके हैं। रोबोट थकते नहीं, भावनात्मक रूप से प्रभावित नहीं होते और निरंतर समान दक्षता से कार्य कर सकते हैं। इसलिए वे दक्षता और सटीकता के प्रतीक हैं:

– उद्योगों में उत्पादन की गति और सटीकता बढ़ा रहे हैं।

– अस्पतालों में सर्जरी और देखभाल में सहायता कर रहे हैं।

– अंतरिक्ष अनुसंधान में जोखिम भरे कार्य कर रहे हैं।

– शिक्षा में वर्चुअल असिस्टेंट और स्मार्ट लर्निंग टूल के रूप में कार्य कर रहे हैं।

इसके विपरीत, मानव केवल कार्य करने वाली इकाई नहीं है, बल्कि वह चेतन, संवेदनशील और नैतिक प्राणी है।

– मानव में रचनात्मकता है।

– भावनाएँ, सहानुभूति और नैतिक निर्णय क्षमता है।

– मूल्य, संस्कृति और संबंधों की समझ है।

रोबोट गणना कर सकते हैं, पर करुणा महसूस नहीं कर सकते। वे आदेश का पालन कर सकते हैं, पर नैतिक दुविधा का समाधान नहीं कर सकते।

### रोबोट और मानव : एक दार्शनिक–समकालीन विमर्श

वर्तमान समय केवल तकनीकी उन्नति का युग नहीं, बल्कि मनुष्य की आत्मपहचान के पुनर्परिभाषण का युग है। रोबोट और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बढ़ते प्रभाव ने यह प्रश्न तीव्र कर दिया है कि मनुष्य क्या है, उसकी विशिष्टता क्या है, और भविष्य में उसका स्थान कहाँ होगा?

### 1. अस्तित्व का प्रश्न : मनुष्य बनाम मशीन

दार्शनिक दृष्टि से मनुष्य केवल जैविक संरचना नहीं, बल्कि चेतना, संवेदना और आत्मबोध का समुच्चय है। मशीनें सूचना संसाधित कर सकती हैं, निर्णयों का अनुकरण कर सकती हैं, यहाँ तक कि रचनात्मकता की नकल भी कर सकती हैं; परंतु क्या वे आत्मानुभूति रखती हैं? मशीन जानती है, पर क्या वह समझती है? वह प्रतिक्रिया देती है, पर क्या वह अनुभव करती है? यहाँ अंतर स्पष्ट होता है—रोबोट क्रियात्मक हैं, जबकि मनुष्य अनुभवात्मक है।

### 2. नैतिकता और उत्तरदायित्व

समकालीन समाज में रोबोट निर्णय लेने लगे हैं—चिकित्सा, युद्ध, वित्त, न्यायिक विश्लेषण आदि में। परंतु दार्शनिक प्रश्न यह है कि यदि कोई निर्णय त्रुटिपूर्ण हो, तो उत्तरदायी कौन होगा? मशीन में नैतिक विवेक नहीं होता; वह उस प्रोग्राम का विस्तार है जिसे मनुष्य ने निर्मित किया है। इसलिए तकनीकी युग में नैतिकता का केंद्र अभी भी मनुष्य ही है। तकनीक शक्ति दे सकती है, पर दिशा मनुष्य ही देता है।

### 3. मानवता का संकट या अवसर?

कुछ चिंताएँ यह कहती हैं कि रोबोट मनुष्य की नौकरियाँ छीन लेंगे और उसे अप्रासंगिक बना देंगे। परंतु इतिहास बताता है कि हर तकनीकी क्रांति ने कार्य की प्रकृति बदली है, मनुष्य को समाप्त नहीं किया। रोबोट दोहराव वाले कार्यों को संभाल सकते हैं, जिससे मनुष्य रचनात्मक, विश्लेषणात्मक और सहानुभूतिपूर्ण भूमिकाओं में अधिक समय दे सके। इस दृष्टि से रोबोट प्रतिस्पर्धी नहीं, बल्कि सहायक हो सकते हैं।

### 4. चेतना और संवेदना का आयाम

मनुष्य की सबसे बड़ी विशेषता उसकी संवेदनशीलता है—दुख, प्रेम, करुणा, सौंदर्य और आध्यात्मिकता का अनुभव। मशीन गणना कर सकती है कि दुख क्या है, पर उसे महसूस नहीं कर सकती। यहीं मानव की प्रासंगिकता स्थायी हो जाती है। तकनीकी युग में भी कविता, कला, दर्शन और संबंधों की आवश्यकता बनी रहती है – क्योंकि वे मनुष्य के अस्तित्व की गहराई से जुड़े हैं।

### 5. भविष्य की दिशा : संतुलन की आवश्यकता

यदि तकनीक अनियंत्रित हो जाए, तो वह मनुष्य को साधन बना सकती है। पर यदि मनुष्य विवेक और नैतिकता के साथ तकनीक का उपयोग करे, तो वही तकनीक मानवता के उत्कर्ष का माध्यम बन सकती है।

भविष्य का समाज वही होगा जहाँ—

– रोबोट दक्षता का प्रतीक होंगे,

– और मनुष्य मूल्य तथा चेतना का केंद्र होगा।

प्रतिस्पर्धा नहीं, सहयोग

आज का समय रोबोट और मानव के बीच प्रतिस्पर्धा का नहीं, बल्कि सहयोग का है:

– रोबोट मानव की क्षमताओं को विस्तार देते हैं, लेकिन उनका स्थान नहीं ले सकते।

– यदि रोबोट तकनीकी शक्ति हैं, तो मानव उसकी दिशा निर्धारित करने वाली चेतना है।

– रोबोट की प्रासंगिकता कार्यकुशलता में है, और मानव की प्रासंगिकता मूल्य, संवेदना और नैतिक नेतृत्व में।

– रोबोट हमारे हाथों की शक्ति हैं, पर मानव हमारे हृदय और मस्तिष्क की पहचान है।

– रोबोट और मानव का संबंध प्रतिस्पर्धा का नहीं, बल्कि सहअस्तित्व का होना चाहिए।

– रोबोट हमारे बाह्य संसार को सुव्यवस्थित कर सकते हैं, पर मानव ही आंतरिक संसार को अर्थ देता है।

अत: आज की सबसे बड़ी चुनौती यह नहीं कि मशीन कितनी बुद्धिमान है, बल्कि यह कि मनुष्य अपनी मानवता को कितना जीवित रख पाता है। तकनीक साधन है, मानव उद्देश्य। भविष्य वही होगा, जहाँ तकनीक और मानवता का संतुलन बना रहेगा।



**डॉ. राखी परम सावलानी**
शोधकर्ता और रचनाकार
(इंदौर–मुंबई)
दैनिक विनय उजाला

## इतिहास के पन्नों में 25 फरवरी : सर डॉन ब्रैडमैन – 99.94 की औसत वाला अमर शिखर

क्रिकेट इतिहास में जब भी महानतम बल्लेबाज की चर्चा होती है, तो सबसे पहले नाम आता है सर डॉन ब्रैडमैन का। ऑस्ट्रेलिया के इस दिग्गज ने अपने प्रदर्शन से ऐसा मानदंड स्थापित किया, जिसे आज तक कोई बल्लेबाज छू भी नहीं पाया। 25 फरवरी 2001 को 92 वर्ष की आयु में उन्होंने अंतिम सांस ली, लेकिन उनके रिकॉर्ड आज भी जीवंत हैं।

ब्रैडमैन ने 1928 से 1948 के बीच 52 टेस्ट मैचों में 99.94 की अविश्वसनीय औसत से 6,996 रन बनाए। टेस्ट क्रिकेट में यह औसत आज भी अटूट है और आधुनिक युग के तमाम महान बल्लेबाज इसके आसपास भी नहीं पहुंच सके। उनका करियर ऐसे दौर में चमका जब न तो



आधुनिक सुरक्षा उपकरण थे और न ही पिचें बल्लेबाजों के अनुकूल मानी जाती थीं।

इंग्लैंड के खिलाफ उनकी बल्लेबाजी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। एशेज मुकाबलों में उन्होंने 19 शतक जड़े और कई बार अकेले दम पर मैच का रुख बदल दिया। 1930 में इंग्लैंड दौरे पर उन्होंने लीड्स में 334 रन की ऐतिहासिक पारी खेली। उस समय तिहरा शतक लगाना किसी सपने से कम नहीं था। बाद में यह रिकॉर्ड भले ही टूटा, लेकिन उस दौर में यह उपलब्धि अद्वितीय थी।

## तनाव को आने न दें, खुश रहें...

बो र्ड परीक्षा का समय आने पर बच्चे और उनके माता–पिता दोनों ही तनाव में आ जाते हैं। इस समय पर बच्चों को सही दिशा और मार्गदर्शन की जरूरत होती है। जैसे बच्चों को अपने लक्ष्यों और उद्देश्यों के बारे में बताएं। उन्हें यह समझाएं कि बोर्ड परीक्षा एक महत्वपूर्ण कदम है, लेकिन यह जिंदगी का एक ही कदम है।इसे लिए कुछ अभ्यास और समय प्रबंधन की जरूरत होगी बच्चों को नियमित रूप से पढ़ाई करने और अभ्यास करने के लिए प्रेरित करें। उन्हें समय प्रबंधन के तरीके सिखाएं, जिससे वे अपने समय का सही उपयोग कर सकें। बच्चों को ध्यान, योग, या अन्य मानसिक तनाव कम करने के तरीके सिखाएं। उन्हें यह समझाएं कि मानसिक तनाव एक स्वाभाविक बात है, लेकिन इसे नियंत्रित करने के लिए कुछ कदम उठाए जा सकते हैं।

बच्चों को स्वस्थ पोषण और व्यायाम के महत्व के बारे में बताएं। उन्हें यह समझाएं कि एक स्वस्थ शरीर और मानसिक स्वास्थ्य एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। समझाएं कि असफलता एक स्वाभाविक बात है, और इसे सीखते हुए आगे बढ़ने का एक मौका माना जाता है। उन्हें यह समझाएं कि सफलता और असफलता दोनों ही जिंदगी का एक हिस्सा हैं, और हमें दोनों ही को सही ढंग से लेना चाहिए। माता–पिता और शिक्षकों के रूप मे हमे उन्हे यह बताना होगा कि आपका समर्थन हमेशा उनके साथ हैं, और उनकी सफलता और असफलता दोनों ही को आप सही ढंग से लेते हैं।



**सचिन वर्मा**
9752810641
दैनिक विनय उजाला

## संक्षिप्त समाचार

### डिप्टी सीएम का राहुल पर हमला, बोले- दंगे करवाना चाहते हैं मोहब्बत की दुकान चलाने वाले



**लखनऊ, एजेंसी।** यूपी के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि मोहब्बत की दुकान चलाने का दावा करने वाले देश में दंगे करवाना चाहते हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी देश को नीचा दिखाना चाहते हैं। कांग्रेस के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को टारगेट करना अब एक फैशन बन गया है। दिल्ली में हुई एआई समिट में दुनिया भर से प्रतिनिधि आए थे। कांग्रेस के लोगों का नग्न होकर प्रदर्शन करना देश को शर्मसार करने वाला है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी एआई को देश के कोने-कोने में फैलाना चाहते हैं। यही उनका विजन है जबकि कांग्रेस और राहुल गांधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सरकार पर हर दिन आरोप लगाते रहते हैं। राहुल गांधी का मकसद झूठ बोलकर देश को नीचा दिखाना है। वो विदेशी प्रोपोगैंडा फैला रहे हैं। उनको समझना चाहिए कि सूरज पर थूकने से अपना ही चेहरा गंदा होता है। उनका एजेंडा देश की छवि को धूमिल करना है। वो विदेशी मंचों से भारत को अपमानित करते हैं। ये चीन से राजीव गांधी फाउंडेशन में फंड लेते हैं। डिप्टी सीएम ने कहा कि भारत आर्थिक जगत में सारे रिकॉर्ड तोड़ते हुए आगे बढ़ रहा है। कांग्रेस ने देश का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और अखिलेश यादव एक ही थाली के चट्टे-बट्टे हैं।

### दिल्ली में अरुणाचल की महिलाओं से नस्लीय दुर्व्यवहार की गौरव गोगोई ने की निंदा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के मालवीय नगर इलाके में अरुणाचल प्रदेश की तीन महिलाओं के साथ कथित तौर पर नस्लीय दुर्व्यवहार और धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार, यह घटना 20 फरवरी को दोपहर करीब 3 :30 बजे हुई, जब महिलाओं के किराए के फ्लैट में ड्रिलिंग और बिजली का काम चल रहा था। बताया गया है कि मरम्मत कार्य को लेकर पड़ोसियों से कहासुनी हो गई। इसी दौरान पड़ोसियों ने महिलाओं के साथ कथित रूप से नस्लीय टिप्पणी की और उन्हें डराने-धमकाने की कोशिश की। महिलाओं ने इस मामले की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। इस घटना पर कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में कहा कि अरुणाचल की महिलाओं के साथ हुआ नस्लीय दुर्व्यवहार बेहद परेशान करने वाला और अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि किसी भी नागरिक को अपने ही देश में पराया जैसा महसूस नहीं कराया जाना चाहिए। गोगोई ने कहा कि यह घटना इस बात की याद दिलाती है कि उत्तर-पूर्व के लोगों के प्रति भेदभाव अब भी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। उन्होंने मांग की कि प्रशासन इस मामले में तुरंत कार्रवाई करे, दोषियों को कानून के तहत जवाबदेह ठहराए और पीड़ित महिलाओं को पूरी सुरक्षा और सहयोग दे। उन्होंने यह भी कहा कि समान नागरिकता का मतलब देश के हर हिस्से में समान सम्मान और समान सुरक्षा मिलना होना चाहिए। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और आगे की कार्रवाई की तैयारी में है।



### बीजेपी की पूरी राजनीति गाय, टीका, टोपी, हिन्दुस्तान, पाकिस्तान, कब्रिस्तान जैसे शब्दों पर टीकी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल ईमान ने भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) पर बड़ा हमला किया है। पार्टी ने कहा है कि बीजेपी की डिक्शनरी में चंद शब्द हैं जिन्हें हटा दिया जाए तो यह पार्टी मर जाएगी। अमित शाह के बिहार दौरा और राज्यसभा चुनाव को लेकर भी उन्होंने बड़ा बयान दिया। उन्होंने मीडिया पर भी भेदभाव करने का आरोप लगाया। विधानसभा परिसर में अख्तरुल ईमान ने मीडियाकर्मियों के साथ बात की। इस दौरान उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर सांप्रदायिकता का आरोप लगाया। कहा कि बीजेपी की पूरी राजनीति गाय, टीका, टोपी, हिन्दुस्तान, पाकिस्तान, कब्रिस्तान जैसे शब्दों के आसपास उलझी है। अगर इन शब्दों को बीजेपी की डिक्शनरी से हटा दिया जाए तो बीजेपी मर जाएगी जैसे पानी के बिना मछली मर जाती है। अमित शाह के दौरे पर एआईएमआईएम नेता ने कहा कि वे आएं इसका स्वागत। लेकिन कोई राजनीति नहीं करें। सुरक्षा की बात करें और दौरे को सरकारी रहने दें। आंतरिक सुरक्षा की समीक्षा करना जरूरी है। हमलोग बांग्लादेश और नेपाल की सीमा पर रहते हैं। घुसपैठ पर ईमान ने कहा कि 2014 से ये लोग सरकार में हैं। सभी पैरामिलिट्री फोर्स उनके नियंत्रण में हैं। अगर कोई घुसपैठ हो रहा है तो ये लोग क्या कर रहे हैं। इन लोगों ने चूड़ियां पहन रखा है क्या? लेकिन इनका मकसद कुछ और है। इन लोगों ने एसआईआर कराया पर क्या निकला? गृहमंत्री को सीमांचल की गरीबी, बेकारी और अन्य समस्याओं पर बिचार करना चाहिए। लेकिन यह काम नहीं करेंगे। ईमान ने कहा कि हमारी कमजोर पार्टी है। राज्यसभा में कभी प्रतिनिधित्व नहीं किया। इस बार के राज्यसभा चुनाव में हमारी पार्टी का समर्थन करें, अगली बार हम उनका समर्थन करेंगे। उन्होंने हीना शहाब को राज्यसभा भेजने के राजद नेताओं के प्रस्ताव का समर्थन नहीं किया। भाई वीरेंद्र के बयान को भी नकार दिया। कहा कि वे पार्टी के प्रवक्ता नहीं हैं। उनके बयान का कोई वैल्यू नहीं है। एआईएमआईएम विधायक ने मीडिया पर पक्षपात करने का आरोप लगाया।



महाराष्ट्र भाजपा में बड़ा फेरबदल...

# भाजपा की नई टीम का ऐलान, नवनाथ बान बने मुख्य प्रवक्ता

मुंबई, एजेंसी

**महाराष्ट्र भाजपा ने अपने संगठन में बड़ा बदलाव किया है। प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण ने नई टीम का एलान करते हुए नवनाथ बान को पार्टी का मुख्य प्रवक्ता बनाया है।**

इसके अलावा चित्रा वाघ को महिला मोर्चा और कृष्णराज महादिक को युवा मोर्चा की जिम्मेदारी मिली है। इस लिस्ट में कई उपाध्यक्ष और महामंत्री भी शामिल हैं। महाराष्ट्र भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपने संगठन में बड़े बदलाव किए हैं। पार्टी ने पहली बार बीएमसी कॉर्पोरेटर बने नवनाथ बान को मुख्य प्रवक्ता नियुक्त किया है। नवनाथ बान इससे पहले पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रमुख थे



और अब वह केशव उपाध्ये की जगह लेंगे। प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण ने मंगलवार को एक मीडिया वार्ता में नए पदाधिकारियों के नामों का एलान किया। इसमें मुख्य प्रवक्ता, महामंत्री, मंत्री, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष और युवा मोर्चा अध्यक्ष जैसे अहम पद शामिल हैं।

### चुनाव के कारण हुई देरी

चव्हाण ने बताया कि कुछ महीने पहले केंद्रीय नेतृत्व ने उन्हें प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी थी। लेकिन इसके तुरंत बाद आचार संहिता और स्थानीय निकाय चुनाव शुरू हो गए। इसलिए वरिष्ठ नेताओं ने तय किया कि नई नियुक्तियों का एलान चुनाव के बाद ही किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ये फैसले राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, वरिष्ठ नेता अमित शाह, बी एल संतोष, शिव प्रकाश, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और राज्य के अन्य बड़े नेताओं से चर्चा के बाद लिए गए हैं।

### पद सीमित होते हैं इसलिए सबको मौका नहीं मिल पाता

चव्हाण ने कहा कि भाजपा के संविधान और महाराष्ट्र के हालात को देखते हुए हर कार्यकर्ता पद के योग्य है। हर किसी ने इतने वर्षों में पार्टी के सफर में अपना योगदान दिया है। हालांकि, पद सीमित होते हैं इसलिए सबको मौका नहीं मिल पाता। जिन्हें जिम्मेदारी मिली है, वे बधाई के पात्र हैं।

### भाजपा ने बनाए 10 उपाध्यक्ष

पार्टी ने अभी कुछ खास पदों की लिस्ट जारी की है। इसमें उपाध्यक्ष के लिए विधायक अतुल भातखलकर, भारती पवार, संजय कोरगे, संजय भेंडे, रामदास कदम, केशव उपाध्ये, गोपीचंद पडलकर, प्रिया शिंदे, सुजय विखे पाटिल और अर्चना पाटिल चाकुरकर। महा सचिव : के लिए एमएलसी निरंजन डावखरे, संजय कुटे, माधवी नाइक, राजेश पांडे, सुनील राणे और योगेश सागर। सचिव के लिए मंगेश चव्हाण, संजय कुटे, परिणय फुके, वर्षा दहले, संजय जगताप, अर्चना देहानकर, रोहिणी नायडू, राम सतपुते, प्रवीण घुघे, रेखा कुलकर्णी और भैरवी घाक। मोर्चा और अन्य पद पर कृष्णराज महादिक को भाजपा युवा मोर्चा का अध्यक्ष और चित्रा वाघ को महिला मोर्चा का अध्यक्ष बनाया गया है। योगेश तिलेकर को ओबीसी मोर्चा की कमान मिली है, जबकि विधायक मिहिर कोटेचा को प्रदेश कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पार्टी ने साफ किया है कि अभी यह एक सीमित लिस्ट है और अन्य मोर्चों के नामों का एलान बाद में किया जाएगा।

राजनीतिक हलचल तेज

# केरल चुनाव से पहले बीजेपी में शामिल हुईं पूर्व केपीसीसी महासचिव वत्सला

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

पूर्व केपीसीसी महासचिव वत्सला प्रसन्नकुमार मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गईं। तिरुवनंतपुरम स्थित बीजेपी राज्य मुख्यालय में पार्टी स्टेट प्रेसिडेंट राजीव चंद्रशेखर ने उन्हें पार्टी में औपचारिक रूप से शामिल कराया। चंद्रशेखर ने उन्हें पार्टी का शॉल पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता जैसे राज्य महासचिव एस सुरेश और एनडीए उपाध्यक्ष एएन राधाकृष्णन भी उपस्थित थे। वत्सला प्रसन्नकुमार एर्नाकुलम जिले के उत्तर परवूर से हैं, जो विपक्ष के नेता वीडी सतीशन का गढ़ माना जाता है।

वत्सला प्रसन्नकुमार पहले परवूर नगर पालिका की अध्यक्ष रह चुकी हैं और कांग्रेस में काफी सक्रिय भूमिका निभाई है। उनकी यह पार्टी बदलने की घटना केरल की राजनीति में एक अहम बदलाव के रूप में देखी जा रही है, खासकर आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर। वत्सला ने बीजेपी में शामिल होने का मुख्य कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार की



ओर से चलाई जा रही जनकल्याण योजनाओं और महिलाओं के सशक्तिकरण पर पार्टी के मजबूत रुख को बताया। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं और नीतियों ने उन्हें आकर्षित किया है, जिसके कारण वे कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में शामिल हुई हैं।

**बीजेपी को कितना होगा फायदा :** रिपोर्ट के मुताबिक, परवूर जैसे क्षेत्र में कांग्रेस का प्रभाव मजबूत है, ऐसे में यह कदम बीजेपी के लिए महिलाओं और स्थानीय स्तर पर अपनी पकड़ मजबूत करने का मौका देता है। सूत्रों की मानें तो वीडी सतीशन के खिलाफ वत्सला प्रसन्नकुमार चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर कर सकती हैं, जिससे उत्तर परवूर में राजनीतिक समीकरण प्रभावित हो सकते हैं। बीजेपी इस घटना को केरल में अपनी बढ़ती ताकत के प्रमाण के रूप में पेश कर रही है। हालांकि, कांग्रेस के एक जिला नेता ने दावा किया कि वत्सला प्रसन्नकुमार का बीजेपी में शामिल होना उत्तर परवूर में उनकी पार्टी पर कोई खास प्रभाव नहीं डालेगा।

### चुनाव पर क्या पड़ेगा असर


कांग्रेस का मानना है कि परवूर उनका मजबूत गढ़ है और यहां के मतदाता उनके साथ बने रहेंगे। यह बयान पार्टी के भीतर आत्मविश्वास को दर्शाता है, लेकिन साथ ही बीजेपी की रणनीति पर सवाल भी उठाता है। केरल में बीजेपी लगातार अपनी स्थिति सुधारने की कोशिश कर रही है और ऐसे नेता जो कांग्रेस से आते हैं, उन्हें पार्टी में महत्वपूर्ण स्थान दिया जा रहा है। यह घटना राज्य की राजनीति में महिलाओं की भागीदारी और दल-बदल के ट्रेंड को भी उजागर करती है। यह देखना दिलचस्प होगा कि आगामी विधानसभा चुनावों में इसका क्या असर पड़ता है, खासकर एर्नाकुलम जिले में।

बयान से भाजपा के निशाने पर आई कांग्रेस

# कुछ लोगों के लिए राजाजी से ऊपर हैं लुटियंस : शशि थरूर

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन के केंद्रीय प्रांगण में चक्रवर्ती राजगोपालाचारी (राजाजी के नाम से प्रसिद्ध) की प्रतिमा के अनावरण की जमकर प्रशंसा की। कुछ घंटों बाद भाजपा ने थरूर की इस प्रशंसा का इस्तेमाल उनकी पार्टी कांग्रेस पर निशाना साधने के लिए किया और दावा किया कि कांग्रेस इस कदम के खिलाफ थी। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला की एक्स पर पोस्ट में लिखा था, 'दुख की बात है कि कांग्रेस में कुछ लोग लुटियंस को राजाजी से ऊपर, विदेशी को स्वदेशी से ऊपर, औपनिवेशिक को भारतीय से ऊपर रखते हैं। पूनावाला थरूर की उस हालिया पोस्ट का जिक्र कर रहे थे, जिसमें उन्होंने राष्ट्रपति भवन में राजगोपालाचारी की प्रतिमा के अनावरण का स्वागत किया था। थरूर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वे राजगोपालाचारी की उदार आर्थिक नीतियों और मुक्त उद्यम के समर्थन की प्रशंसा करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उनके मूल्य 'सांप्रदायिक कट्टरता' से मुक्त थे। कांग्रेस सांसद थरूर की पोस्ट के एक हिस्से में लिखा था, 'यह दुखद है कि आज उनका अनुसरण करने वाले बहुत कम लोग बचे हैं।' स्वतंत्र भारत के पहले भारतीय गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राजगोपालाचारी की प्रतिमा का अनावरण सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा राष्ट्रपति भवन में किया गया। इस प्रतिमा को ब्रिटिश वास्तुकार एडविन लुटियंस की प्रतिमा की जगह पर लगाया गया है।



### इल्तिजा मुफ्ती ने की प्रतिमा लगाए जाने की आलोचना

अपने पोस्ट में पूनावाला ने पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की नेता इल्तिजा मुफ्ती की ओर से इस कदम की आलोचना का भी हवाला दिया। पूनावाला ने कहा कि इस मामले पर अलग-अलग विचार दर्शाते हैं कि कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक 'लुटियंस मामले पर बंटी' हैं। मुफ्ती ने एडविन लुटियंस के परपोते की एक पोस्ट पर प्रतिक्रिया दी थी, जिसमें उन्होंने प्रतिमा को हटाए जाने पर निराशा व्यक्त की थी। मैट रिडले ने लुटियंस की प्रतिमा के साथ अपनी एक पुरानी तस्वीर साझा करते हुए लिखा, 'यह जानकर दुख हुआ कि लुटियंस (मेरे परदादा) की प्रतिमा को दिल्ली स्थित उस राष्ट्रपति भवन से हटाया जा रहा है जिसे उन्होंने ही डिजाइन किया था। पिछले साल मैं इसके साथ था।'

केरल का नाम बदलने पर सियासत तेज, पूछा-

# अब अंग्रेजी में केरल के लोगों को क्या कहा जाएगा?

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

**केरल का नाम बदलकर केरलम करने की पहल पर राजनीतिक हलचल बढ़ गई है। केंद्र सरकार इस प्रस्ताव को कैबिनेट में पास कर चुकी है।**

इससे पहले ही संभावित चर्चा के बीच तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने इस मुद्दे पर तंज कसते हुए नया सवाल खड़ा कर दिया है। उन्होंने पूछा कि अगर राज्य का नाम केरलम हो गया तो अंग्रेजी में केरल के लोगों को क्या कहा जाएगा। उनके इस बयान से नाम बदलने की बहस को नया मोड़ मिल गया है। दरअसल, केरल विधानसभा दो बार प्रस्ताव पारित कर चुकी है, जिसमें केंद्र से संविधान में संशोधन की मांग की गई है। मांग यह है कि राज्य का नाम उसकी मलयालम वर्तनी के अनुसार केरलम किया जाए और इसे आठवीं अनुसूची की सभी भाषाओं में लागू किया जाए। अब केंद्र की कैबिनेट ने भी नाम बदलने वाली मांग पर मुहर लगा दी है। ऐसे में आधिकारिक तौर पर राज्य का नाम बदल जाएगा। शशि थरूर ने सोशल मीडिया मंच पर लिखा कि नाम बदलना ठीक है, लेकिन अंग्रेजी बोलने वालों के लिए एक छोटा सा भाषाई सवाल है। उन्होंने पूछा कि केरलाइट और केरलन शब्दों का क्या होगा। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि केरलमाइट किसी सूक्ष्म जीव जैसा लगता है और 'केरलमियन' किसी खनिज जैसा।

उन्होंने मुख्यमंत्री कार्यालय को टैग करते हुए सुझाव दिया कि नए शब्द के लिए प्रतियोगिता कराई जा सकती है। वहीं राज्य भाजपा अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि केरलम नाम उपयुक्त है क्योंकि राज्य अपनी परंपराओं और संस्कृति की रक्षा करना चाहता है। उन्होंने कहा कि लोग बदलाव चाहते हैं और प्रदर्शन की राजनीति को आगे लाना चाहते हैं। इस मुद्दे पर सीपीएम, कांग्रेस और भाजपा तीनों दल नाम परिवर्तन के समर्थन में बताए जा रहे हैं।

खरगे ने प्रधानमंत्री की कार्यशैली पर उठाए सवाल

# मोदी सरकार लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर कर विपक्ष की आवाज दबा रही

भोपाल, एजेंसी

**राजधानी भोपाल में भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के विरोध में आयोजित किसान महाचौपाल में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यशैली पर तीखे सवाल उठाए।**

वहीं, उनके बयान पर भाजपा ने पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष को अपने ही कार्यकर्ताओं से भाषण सुनने की अपील करनी पड़ रही है। खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा निशाना साधते हुए उन्हें हिटलर जैसा तानाशाही रवैया अपनाने वाला प्रधानमंत्री बताया। खरगे ने कहा कि वे 54 वर्षों से विधायक, सांसद रहे हैं, लेकिन उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में ऐसा प्रधानमंत्री कभी नहीं देखा। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर कर रही है और विपक्ष की आवाज दबाने का



काम कर रही है।

खरगे के बयान पर भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने ट्वीट कर कहा कि अब स्थिति ऐसी हो गई है कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष को मंच से कहना पड़ रहा है अगर आप सुनेंगे तो मैं बोलूंगा। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जब किसी दल में राष्ट्रीय अध्यक्ष को अपने ही कार्यकर्ताओं से सुनने की अपील करनी पड़े, तो यह संगठन की स्थिति को दर्शाता है। भाजपा ने कांग्रेस के नेतृत्व और संगठनात्मक संतुलन पर भी सवाल उठाए।

### मोदीजी कांग्रेस राज में पैदा हुए, अपना नाम बदल लें

खरगे ने व्यंग्य करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का काम सिर्फ नाम बदलना रह है। योजनाओं, सड़कों और संस्थानों के नाम बदले जा रहे हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि मोदीजी खुद कांग्रेस शासनकाल में पैदा हुए, तो उन्हें अपना नाम भी बदल लेना चाहिए।

### व्यापार समझौते से किसानों को नुकसान का आरोप

खरगे ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को किसानों के खिलाफ बताते हुए कहा कि इस एग्रीमेंट से किसानों को अपनी उपज का उचित दाम नहीं मिलेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले भारत को व्यापार में लाभ होता था, लेकिन अब सरकार की नीतियों से किसानों के हितों से समझौता किया जा रहा है।

### मोदी ट्रंप के सामने यस सर कहने में लगे हैं

खड़गे ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री हर मुद्दे पर उनकी बात मान लेते हैं। तेल खरीद और व्यापार नीतियों को लेकर उन्होंने केंद्र सरकार पर झुकने का आरोप लगाया। खरगे ने कथित ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए दावा किया कि ट्रंप ने खुद कहा कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच कार्रवाई रुकवाई। खरगे ने कहा कि मोदी प्रेस कॉन्फ्रेंस से बचते हैं और सीधे सवालों का जवाब नहीं देते।

### कार्यकर्ताओं को दिया संघर्ष का संदेश

कांग्रेस अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से डरने की बजाय संघर्ष करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा संविधान और किसानों के अधिकारों की रक्षा के लिए लड़ाई जारी रखनी होगी। खरगे ने कहा कि अमेरिका में केवल लगभग 3 प्रतिशत लोग खेती पर निर्भर हैं, जबकि भारत में बड़ी आबादी कृषि पर आधारित है। भोपाल की इस किसान महाचौपाल से कांग्रेस ने साफ संकेत दिया है कि वह भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर देशभर में राजनीतिक अभियान तेज करेगी।

अनुराग ठाकुर का राहुल गांधी पर हमला : बोले-

# विदेशी ताकतों के इशारे पर चल रही कांग्रेस, देश से माफी मांगे...

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा के लोकसभा सांसद अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी देश-विरोधी और विदेशी ताकतों के कहने पर काम कर रहे हैं। ठाकुर का यह बयान हाल ही में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान हुए हंगामे के बाद आया है। मामले में कुछ दिन पहले नई दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट हो रहा था, जिसमें देश विदेश की कई बड़ी



हस्तियों और नेताओं ने हिस्सा लिया था। वहां यूथ कांग्रेस के सदस्यों ने घुसकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने बेरोजगारी, महंगाई और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते जैसे मुद्दों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार के खिलाफ नारे लगाए थे।

### देश से मांगे माफी

ठाकुर ने कहा भाजपा, पीएम मोदी और अब भारत का विरोध यह राहुल गांधी का एजेंडा बन गया है। वह भारत की संवैधानिक संस्थाओं और नागरिकों से नफरत करने लगे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का भारत-विरोधी प्रोपेगेंडा फेल हो गया है और आगे भी फेल होगा। अंत में उन्होंने मांग की कि राहुल गांधी को अपने व्यवहार के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए।

**राहुल गांधी देश की छवि खराब कर रहे :** इस प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया देते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी देश की छवि खराब कर रहे हैं। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा, राहुल गांधी देश-विरोधी ताकतों के प्रवक्ता बन गए हैं। वे भारत-विरोधी एजेंडा चलाते हैं और नकारात्मक राजनीति को बढ़ावा देते हैं। उनका एकमात्र काम झूठ बोलना, डर फैलाना, भारत को बदनाम करना और पीएम मोदी को गाली देना है। ठाकुर ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी भारत की आर्थिक उपलब्धियों को कम करके दिखाते हैं। उन्होंने कहा, जब भारत की अर्थव्यवस्था सबसे तेजी से बढ़ रही है, तो वे इसे मरी हुई बताते हैं।

### नकली मोहब्बत की दुकान

गौरव भाटिया ने कहा कि राहुल गांधी देश को शर्मिंदा करने की कोशिश में खुद बेनकाब होते जा रहे हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि राहुल गांधी की नकली मोहब्बत की दुकान में केवल बेशर्मी का सामान है। उन्होंने कहा कि न तो भगत सिंह और न ही महात्मा गांधी ने कभी सोचा होगा कि कांग्रेस के कार्यकर्ता अपनी तुलना उनसे करेंगे। भाजपा प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि जब एआई समिट के दौरान पूरी दुनिया की नजर भारत पर थी, तब राहुल गांधी के इशारे पर उदय भानु ने देश की छवि खराब करने वाली हरकत की। पुलिस ने उनकी गिरफ्तारी के बाद कोर्ट से सात दिन की रिमांड मांगी थी। कोर्ट ने सभी तथ्यों को देखने के बाद उदय भानु को चार दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया है।

**राहुल गांधी की राजनीति विदेशों से प्रभावित हो रही है...** भाजपा नेता ने सवाल उठाया कि क्या राहुल गांधी की राजनीति विदेशों से प्रभावित हो रही है। उन्होंने पूछा, क्या कांग्रेस अब अंकल सैम और जॉर्ज सोरोस के इशारे पर चल रही है? क्या वे भारत के दुश्मन देशों का समर्थन कर रहे हैं? उन्होंने राजीव गांधी फाउंडेशन का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस डोनेशन लेती है और फिर चीन की तारीफ करती है। ठाकुर ने तंज कसते हुए पूछा कि क्या राहुल लोकसभा में विपक्ष के नेता हैं या भारत के ही विपक्ष के नेता हैं? अनुराग ठाकुर ने चार फरवरी को लोकसभा में हुई घटना की भी याद दिलाई। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सांसदों ने प्रधानमंत्री की सीट के पास जाकर सदन की कार्यवाही रोकी थी।

## संक्षिप्त समाचार

### मक्का फसल के बीच लगा रखे थे गांजे के पौधे, पुलिस ने जब्त किए 53,750 रुपए के 107.500 किलो गांजे के 266 पौधे



**खरगोन, निप्र।** भगवानपुरा पुलिस ने ग्राम मदनी खुर्द के रहने वाले सुभाष पिता मंगलिया कनासे उम्र 45 साल के खेत से मक्का की फ़सल के बीच अवैध रूप से लगा कर रखे 53,750 रुपए मुल्य के 107.500 किलोग्राम वजनी गांजे के कुल 266 पौधों की जप्ती की। पुलिस ने आरोपित सुभाष पिता मंगलिया को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध अपराध क्रमांक 83/2026 धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध किया। उक्त कार्यवाही में एसडीओपी भीकनगांव राकेश आर्य, भगवानपुरा थाना प्रभारी निरीक्षक इलापसिंह मुजाल्दे, उपनिरीक्षक नरेश प्यासे, उपनिरीक्षक प्रेमसिंह सेमले, सहायक उपनिरीक्षक राकेश शर्मा, बाबूलाल ब्राम्हणे, नरसिंह मोरे, प्र.आर. मनसजन जमरे, दिनेश जाधव, राजेन्द्र कुशवाह, आर. हीरालाल धनगर, प्रकाश सोलंकी, पूजा शर्मा, दीपक सोनी, गोविंद खन्ना, सै. ाधेश्याम चौहान एवं सायबर सेल से अभिलाष डोंगरे, सचिन चौधरी और भगवानपुरा पुलिस स्टाफ शामिल रहा।

### शिंदे बने भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष

**बड़वानी,निप्र।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के वरिष्ठ नेता व अंबेडकर फाउंडेशन भारत सरकार के सदस्य भगवती प्रसाद शिंदे को भाजपा अनुसूचित जाति का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। खरगोन-बड़वानी लोकसभा सांसद गजेंद्र सिंह पटेल एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेमसिंह पटेल ने अपने निवास पर नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष शिंदे का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। राजपुर में आयोजित जिला कार्यशाला में सम्भाग संगठन प्रभारी सुरेंद्र शर्मा, जिला संगठन प्रभारी बाबूलाल यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष अजय यादव, पूर्व सांसद सुभाष पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष बलवंत सिंह पटेल, पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश खण्डेलवाल व ओम सोनी, जिला उपाध्यक्ष मुकेश कुशवाह, भाजपा नेता अंतर सिंह पटेल व विकास आर्य, नीति शोध प्रभारी विकास डावर, भाजपा नेत्री जया शर्मा, जितेंद्र निकुम आदि पदाधिकारियों ने स्वागत किया। इनकी नियुक्ति पर अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोहन चितावले, भाजपा जिला महामंत्री भागीरथ कुशवाह, राजेन्द्र भावसार, बाबूलाल आर्य, सुखदेव भोसले, जिला पदाधिकारीयो, जनप्रतिनिधियों, भाजपा कार्यकर्ताओं एवं स्नेहीजनों ने बधाई देकर शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।



### योग, ध्यान और प्राणायाम सत्र का आयोजन



**बड़वानी,निप्र।** उच्च शिक्षा विभाग और नेशनल टास्क फोर्स के दिशा निर्देश अनुसार प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, बडवानी मे प्राचार्य डॉ. वीणा सत्य के निर्देशन में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य के विकास के लिए योग, ध्यान और प्राणायाम सत्र का आयोजन किया गया। सत्र में योग, ध्यान और प्राणायाम करने के साथ साथ समूह चर्चा भी की गयी। विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के योग, प्राणायाम तथा ध्यान के बारे में जानकारी देते हुये डॉ. श्याम नाईक ने बताया कि योग एवं ध्यान तनाव, चिंता और अवसाद को कम करने एकाग्रता बढ़ाने और मानसिक शांति पाने की अत्यधिक प्रभावित तकनीकें हैं। डॉ. निर्मला मौर्य ने कहा हममें से कुछ लोग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को दो अलग-अलग चीज अलग-अलग मानते हैं, लेकिन यह दोनों वास्तव में आपस में काफी जुड़े हुए हैं। कई मामलों में समग्र मानसिक स्वास्थ्य उपचार संबंधी पद्धतियां बहुत प्रभावी साबित होती हैं। डॉ. सुप्रिया चौहान ने कहा बीमारियां केवल शारीरिक उपचार से ठीक नहीं होती बल्कि शरीर और मन के एक साथ मिलकर काम करने से ठीक होती हैं। डा. डाली परमार ने बताया जब शरीर का ध्यान रखा जाता है और मन को पोषण दिया जाता है, तो स्वास्थ्य लाभ की प्रक्रिया शुरू हो जाती है। कमल यादव ने सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया। संचालन और आभार प्रदर्शन डॉ.संध्या परिहार ने किया।

### पुलिस लाइन खरगोन में हुई जनरल परेड



**खरगोन, निप्र।** पुलिस लाइन खरगोन में जनरल परेड का आयोजन किया गया। विभाग में अनुशासन बनाये रखने के लिये नियमित परेड का महत्वपूर्ण योगदान है। पुलिस फोर्स में परेड को अनुशासन की जड़ माना जाता है, परेड होने से पुलिस फोर्स में अनुशासन के साथ ही एक साथ टीम के रूप में कार्य करने की क्षमता बढ़ती है। परेड कमांडर सूबेदार मुकेश हायरी के द्वारा अतिरिक्त. पुलिस अधीक्षक श्रीमती शकुन्तला रुहल को सलामी दी एवं परेड के निरीक्षण के लिए आमंत्रित किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक शकुन्तला रुहल के द्वारा पुलिसकर्मियों के टर्नआउट को चेक किया गया व अच्छे टर्न आउट वाले पुलिसकर्मियों को प्रोत्साहन हेतु पुरस्कृत भी किया गया। जनरल परेड में 10 निरीक्षक, 05 उप निरीक्षक, 05 सहा सहित उप निरीक्षक सहित 100 से अधिक पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



## परंपरा के साथ बदलाव की बयार : नागलवाड़ी से शुरू हुआ जन जागरण

# भगोरिया के उल्लास में गूंजा बाल संरक्षण का संकल्प

राहुल गुप्ता









■ ग्रामीणों ने ली कुरीतियों को मिटाने की शपथ

■ बाल विवाह और बाल श्रम मुक्त बनेगा भगोरिया, मेले में 'कवच' की बड़ी पहल

**बड़वानी ( नागलवाड़ी ),निप्र।** जिला मुख्यालय से दूर नागलवाड़ी में आयोजित पारंपरिक भगोरिया पर्व इस वर्ष केवल सांस्कृतिक उल्लास तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह सामाजिक परिवर्तन का साक्षी भी बना। पहल जन सहयोग विकास संस्थान द्वारा संचालित 'कवच प्रोजेक्ट' के अंतर्गत यहाँ एक व्यापक जन-जागरूकता एवं बाल संरक्षण शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान हजारों की संख्या में मौजूद ग्रामीणों ने उत्सव के बीच बच्चों के सुरक्षित भविष्य का संकल्प लिया।

**सामुदायिक सहभागिता से परिवर्तन की नींव :** कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भगोरिया जैसे बड़े सांस्कृतिक मंच का उपयोग कर समुदाय को बाल अधिकारों के प्रति संवेदनशील बनाना था। मेले में उपस्थित ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, उपसरपंच, शिक्षकगण और आंगनवाड़ी प्रतिनिधियों ने अपनी सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई। प्रबुद्ध नागरिकों ने मंच से आह्वान किया कि परंपराओं का सम्मान करते हुए हमें उन सामाजिक कुरीतियों को छोड़ना होगा जो बच्चों के विकास में बाधक हैं।

**बाल संरक्षण की सामूहिक शपथ :** कार्यक्रम के सबसे भावुक क्षण में, उपस्थित जनसमुदाय ने एक साथ हाथ उठाकर सामूहिक शपथ ली। ग्रामीणों ने संकल्प लिया कि वे अपने गाँव में किसी भी कीमत पर बाल विवाह नहीं होने देंगे। किसी भी बच्चे को बाल श्रम की आग में नहीं झोंका जाएगा, बल्कि उन्हें अनिवार्य रूप से शिक्षा से जोड़ा जाएगा। बाल शोषण या हिंसा की किसी भी घटना की सूचना तत्काल संबंधित सरकारी तंत्र और विभाग को दी जाएगी।

**स्कूली बच्चों ने बुलंद की आवाज :** कार्यक्रम का विशेष आकर्षण विद्यालय के बालक-बालिकाएं रहे, जिन्होंने निर्भीकता के साथ मंच संभाला। इन नन्हे हाथों ने बाल विवाह और श्रम के विरुद्ध आवाज उठाते हुए संदेश दिया कि वे स्वयं भी सजग रहेंगे और अपने साथियों को भी जागरूक करेंगे। 'कवच प्रोजेक्ट' के माध्यम से संस्था का लक्ष्य जिले के हर गाँव में एक ऐसा मजबूत सुरक्षा तंत्र विकसित करना है, जहाँ हर बच्चा निर्भय होकर अपना बचपन जी सके।

### संस्था का दृष्टिकोण

पहल जन सहयोग विकास संस्थान के प्रतिनिधियों ने बताया कि बड़वानी जैसे जनजातीय बहुल क्षेत्र में आर्थिक और सामाजिक कारणों से बाल विवाह और पलायन जैसी चुनौतियां सामने आती हैं। ऐसे में 'कवच प्रोजेक्ट' ग्राम स्तरीय समितियों को सशक्त कर रहा है। आज का यह आयोजन इस बात का प्रमाण है कि जब पंचायत प्रतिनिधि, शिक्षक और आम नागरिक एक साथ खड़े होते हैं, तो सामाजिक बदलाव को जन-आंदोलन बनने से कोई नहीं रोक सकता।

## 'मैं अकेला नहीं हूं' पर की समूह चर्चा

विनय उजाला



**बड़वानी,निप्र।** शासकीय आदर्श महाविद्यालय बड़वानी में मानसिक स्वास्थ्य एवं छात्र कल्याण हेतु राष्ट्रीय कार्यबल के अंतर्गत दिए गए निर्देशानुरूप विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा, मध्य प्रदेश शासन द्वारा जारी पत्र के अनुसार महाविद्यालय में राष्ट्रीय कार्यबल के गठन के पश्चात विभिन्न गतिविधियां आयोजित करने हेतु कैलेंडर जारी किया गया है। इसी कैलेंडर के अनुपालन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रमोद पंडित के मार्गदर्शन में समय-समय पर संवाद, समूह चर्चा और कार्यशाला आयोजित की जाती है। विद्यार्थियों में बढ़ते तनाव, अवसाद के कारण आत्महत्या की घटनाएं ना हो इस दृष्टि से 'मैं अकेला नहीं हूं' इस विषय पर समूह चर्चा का आयोजन किया गया। डॉ. पंडित ने विद्यार्थियों से चर्चा करते हुए कहा कि आप स्वयं को प्रसन्न रखें।विभिन्न गतिविधियों में भाग लें। अपनी सहभागिता से रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करें। आप स्वयं को कभी भी अकेला महसूस ना करें। आप अपने दोस्तों से, अध्यापकों से प्राचार्य से बातचीत करें। निरंतर किसी न किसी कार्य में स्वयं को संलग्न रखें। जिससे किसी भी प्रकार के तनाव से बचा जा सकता है।कार्यशाला के आयोजन प्रभारी डॉ. दिनेश पाटीदार ने संचालन करते हुए कहा कि हमारा शरीर ऊर्जा का केंद्र है। हम इसे कचरे का घर न बनाएं। हमारे मन मस्तिष्क को अच्छे विचारों से पोषित करें। कार्यशाला में डॉ. लखन परमार ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं विद्यार्थियों में आत्मविश्वास विकसित करती है। स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के जिला नोडल डॉ.अनिल पाटीदार ने बताया कि विद्यार्थी अधिक से अधिक अपने करियर पर फोकस करें और बहुविकल्प तैयार रखें।

### एमपी आईगॉट पोर्टल पर कोर्स का लें प्रशिक्षण

**खरगोन, निप्र।** मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत प्रदेश के सभी विभागों में कार्यरत लोक सेवकों की कार्यक्षमता बढ़ाने और उन्हें डिजिटल लर्निंग प्लेटफार्म IGOT पोर्टल के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। अपर कलेक्टर रेखा राठौर द्वारा समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को निर्देश जारी कर कहा है कि आर.सी.वी.पी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी, म.प्र. भोपाल द्वारा जिला स्तर पर सभी विभागों के शत-प्रतिशत लोकसेवकों को 28 फरवरी 2026 तक एमपी IGOT पोर्टल पर क्रियाशील किया जाए। साथ ही पोर्टल पर उपलब्ध विभिन्न कोर्सेस में से कम से कम एक कोर्स प्रत्येक लोकसेवकों को पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाए।

## शनिवार को निकलेगी श्याम ध्वज यात्रा

जितेन्द्र वासुरे



**मंडलेश्वर, निप्र।** नगर एक बार फिर भक्तिमय वातावरण में सराबोर होने जा रहा है। श्री श्याम अलबेली सरकार के पावन सानिध्य में श्री श्याम ध्वज यात्रा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा अपने चतुर्थ वर्ष में प्रवेश कर रही है, जो भक्तों की अटूट आस्था और समर्पण का प्रतीक है। यह पावन ध्वज यात्रा दिनांक 28 फरवरी, शनिवार को दोपहर 2:30 बजे मंडलेश्वर से प्रारंभ होकर पावन तीर्थ श्री सांवलिया धाम (धरगांव) तक पहुंचेगी। यात्रा में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु ध्वज लेकर जयकारों के साथ शामिल होंगे। पूरे मार्ग में भजन-कीर्तन, पुष्प वर्षा एवं स्वागत द्वारों से वातावरण भक्तिमय बना रहेगा। यात्रा के दौरान श्याम नाम की गूंज से नगर का वातावरण धर्ममय हो उठेगा। श्रद्धालु जन पारंपरिक वेशभूषा में, हाथों में ध्वज लिए, उत्साह एवं श्रद्धा के साथ यात्रा में सहभागिता करेंगे। विभिन्न स्थानों पर जलपान एवं प्रसादी की भी व्यवस्था की जाएगी। इस धार्मिक आयोजन का सफल संचालन श्री श्याम सेवा समिति मंडलेश्वर द्वारा किया जा रहा है। समिति ने समस्त श्याम प्रेमियों एवं धर्मप्रेमी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर यात्रा को सफल बनाने का आग्रह किया है। यह ध्वज यात्रा न केवल आस्था का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक समरसता, एकता और धर्मभावना का संदेश भी देती है।



### प्रबोध मिश्र 'हितैषी' के 700 दोहों का है संकलन

## 'प्रकृति नटी की गोद में' का विमोचन रूपांतरण सभागार में संपन्न

विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र।** गजलांजलि साहित्यिक संस्था उज्जैन के तत्वावधान में बड़वानी के ख्यात साहित्यकार प्रबोध मिश्र 'हितैषी' के सात सौ दोहों के संकलन 'प्रकृति नटी की गोद में' का विमोचन रूपांतरण सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रसिद्ध चित्रकार डॉ. श्रीकृष्ण जोशी, मुख्य अतिथि डॉ. श्रीराम दवे, विशिष्ट अतिथि मालवी के ख्यात कवि डॉ. शिव चौरसिया, सेवानिवृत्त न्यायाधीश शशिमोहन श्रीवास्तव और मालवी की सिद्धहस्त कवयित्री माया बधेका थी। हितैषी रचित सरस्वती वन्दना का सस्वर पाठ शिक्षिका सुनैनी शुक्ला ने तथा सुश्री बधेका ने संकलन के कुछ दोहों का वाचन किया। मुख्य अतिथि दवे न दोहों की श्रेष्ठता ज्ञापित की। डॉ. शिव चौरसिया ने चुनिंदा दोहों की व्याख्या की। विस्तृत समीक्षा साहित्यकार अशोक रक्ताले 'फणीन्द्र' ने प्रस्तुत की। संचालन हास्य कवि सुरेंद्र सर्किट ने किया। कार्यक्रम में डॉ. रामनरेश शुक्ला, डॉ. हरीश कुमार, डॉ. पुष्पा चौरसिया डॉ. इंद्रेश मंगल, डॉ. सुदीप मिश्र, संदीप सृजन, दिलीप जैन, विनोद काबरा, इंजी प्रफुल्ल शुक्ला, डॉ. अखिलेश चौरे, डॉ. महेश मिश्र और अतुल मिश्रा सहित साहित्यिक संस्थाओं के साहित्यकार बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## भगोरिया पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने की छापामार कार्यवाही

विनय उजाला



**खरगोन, निप्र।** कलेक्टर भव्या के निर्देशों पर खरगोन जिले में भगोरिया पर्व के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच के लिए विशेष अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापामार कार्यवाही की गई।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी एच.एल. अवास्या और सहयोगी अधिकारी आर.आर. सोलंकी द्वारा गोगांवा बस स्टैंड के अन्नपूर्णा रेस्टोरेंट से जलेबी, नागराज रेस्टोरेंट से सेव, गणेश सुपारी मेन रोड़ गोगांवा से कंगन और गुड़, तंवर किराना बिलखेड़ रोड़ गोगांवा से चॉकलेट, मोहना में रानी पिता रमेश वर्मा की दुकान से हार कंगन, कपिल पिता मयाराम झलने की दुकान से चना व दही, रवि पिता ओमप्रकाश सयदे की दुकान से दही, सुमित पिता कैलाश राठौर की दुकान से खजूर, दिनेश पिता देवीलाल कुमरावत की दुकान से मीठी सेव, तुकाराम पिता मयाराम मोर्य की दुकान से दाल और उमेश पिता तुकाराम कुमरावत की दुकान से सोयाबीन तेल के नमूने लेकर जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे गए। जहां खाद्य पदार्थों की जांच के उपरांत अवमानक पाये जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006, नियम 2011 के तहत विक्रेताओं पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## हत्या के आरोपी को बारह घंटे में किया गिरफ्तार

**पाटी ( बड़वानी )।** थाना पाटी क्षेत्र अंतर्गत अप.क्र. 57/2026 धारा - 103 (1) बीएनएस में 23 फरवरी को दर्ज फरियादिया दामा पिता दयाराम अलावे, निवासी चंदनदेवी फलिया, ग्राम ओसाडा की रिपोर्ट पर आरोपी अमा उर्फ उमेश पिता दयाराम अलावे, उम्र 30 वर्ष, निवासी चंदनदेवी फलिया, ग्राम ओसाडा के विरुद्ध अपराध क्रमांक 57/2026 धारा 103(1) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी ग्राम ओसाडा में ही मौजूद है और मौका पाकर फरार हो सकता है। पुलिस टीम ने बताए गए हुलिए एवं पहनावे के आधार पर संदिग्ध को घेराबंदी कर पकड़ा। आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लट्ठ बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपी को माननीय न्यायालय बड़वानी में प्रस्तुत किया गया, जहां से जेल वारंट जारी होने पर उसे जेल दाखिल किया गया। पूरी कार्रवाई मात्र 12 घंटे के भीतर पूर्ण कर ली गई, जो पुलिस की त्वरित कार्यवाही का प्रमाण है। इस कार्य में उप निरीक्षक रामदास यादव, जानी चारेल, सउनि ब्रजेश मिश्रा, श्रीराम फगोरे, चंपालाल मोरे, प्रआर. नरेश ठकराव, कमल, मौसम चौहान, गजराज पटेल, ज्ञानेश्वर की भूमिका रही।

### कार से 1.65 लाख की शराब पकड़ी, चालक फरार

**खरगोन, निप्र।** गोगावां थाना प्रभारी उपनिरीक्षक दीपक यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम मोहम्मदपुर पम्प हाऊस के पास नहर के किनारे कच्चे रास्ते पर नाकाबंदी कर नीले रंग की एक बैलेनो कार को रोका, वाहन चालक बैलेनो कार छोड़कर, मौके से भाग निकला। पुलिस ने कार से लगभग 1,65,820 रुपए मुल्य की शराब जब्त की।

### किसान कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा

## किसानों ने की अमेरिका से ट्रेड डील रद्द करने की मांग

विनय उजाला



**खरगोन, निप्र।** हाल ही में भारत सरकार ने अमेरिका से जो ट्रेड डील की है, वो किसानों के लिये खतरनाक है। ट्रेडडील को रद्द करने की मांग को लेकर जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष परसराम पाटीदार के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि हाल ही में जो केंद्र की मोदी सरकार ने अमेरिका से ट्रेड डील की है उसमें कपास के किसानों को सबसे अधिक नुकसान होगा। भारत का 70% कपास बांग्लादेश को निर्यात किया जाता है, लेकिन बांग्लादेश और अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील में एक शर्त यह है कि यदि बांग्लादेश अमेरिका से कपास आयात करेगा तो उसे 0% टैरिफ लगेगा। सबको पता है कि भारत सरकार के ऊपर अमेरिका ने 18% टैरिफ लगा रखा है।

ज्ञापन का वाचन करते हुए जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष परसराम पाटीदार ने कहा कि बांग्लादेश ने यह घोषणा कर दी है कि भविष्य में वह हिंदुस्तान से कपास आयात नहीं करेगा। उधर हमारे वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि यदि भारत की कॉटन इंडस्ट्री भी अमेरिका का कपास आयात करेगी तो उसे भी 0% टेरिफ लगेगा। ऐसी स्थिति में भारत के कॉटन व्यवसाय भी अमेरिका से कपास आयात करेंगे। इन दोनों के बीच में पिसेगा कपास उत्पादन करने वाला किसान। इस ट्रेड डील से कपास उत्पादक किसान की कमर टूट जाएगी। इसलिए हम किसान कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता आपसे मांग करते हैं कि भारत अमेरिका ट्रेड डील को निरस्त करें।

इस अवसर पर जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष परसराम पाटीदार के साथ शहर कांग्रेस कमेटी उत्तर के अध्यक्ष नितेश मंडलोई, जिला कांग्रेस महासचिव संगठन जितेंद्र भावसार, जिला कांग्रेस प्रवक्ता राजेश मंडलोई, अजा कांग्रेस प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव संजीव गांगुली,किसान नेता गबू यादव, डॉक्टर विजय दुबे, संतोष यादव शिवराम यादव संतोष पाटीदार, राधेश्याम यादव, अशोक पाटीदार, श्रीराम पटेल, राजाराम यादव, पंडरी यादव,नोबेल कुशवाहा, अशोक पाटीदार, भगवान पाटीदार, राजेश यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### बड़वानी के वार्ड 9 में हुई जलसुनवाई

**बड़वानी,निप्र।** बड़वानी शहर के ओल्ड हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी वार्ड 09 में जल सुनवाई कैंप लगाकर जल गुणवत्ता परीक्षण कार्य अमृत मित्र महिलाओं ओर निकाय की टीम के द्वारा किया गया। शिविर में मुख्य नगरपालिका अधिकारी सोनाली शर्मा, निकाय के सहायक यंत्री पुष्पराज अजनारे, जलप्रदाय प्रभारी की उपस्थिति में शिविर लगाया गया। शिविर में वार्ड 09 पार्षद राकेश जाधव भी उपस्थिति रहे। कुल 13 पेयजल नमूने की जांच की जिसमें वार्ड में निवासरत नागरिकों के घरों का पानी एवं निवास पर स्थापित ट्यूबवेल के पानी की जांच की गई। साथ ही 04 आवेदन पाइप लीकेज सुधार के प्राप्त हुए।

## यातायात जागरूकता माह का आयोजन

विनय उजाला



**बड़वानी, निप्र।** पुलिस मुख्यालय, भोपाल के निर्देशन में बड़वानी पुलिस द्वारा माह जनवरी 2026 को जिले भर में यातायात जागरूकता माह के रूप में मनाया गया। अभियान के अंतर्गत जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये।

यातायात थाना प्रभारी विनोद बघेल के नेतृत्व में आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने, सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा सुरक्षित वाहन संचालन को प्रोत्साहित करने हेतु विशेष अभियान चलाया गया। नागरिकों को दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अनिवार्य रूप से लगाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने एवं शराब पीकर वाहन न चलाने संबंधी महत्वपूर्ण संदेश दिये गये। अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ नाटक, रैलियाँ, शपथ ग्रहण कार्यक्रम तथा स्कूल, कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये। विद्यार्थियों एवं नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित करते हुए पम्पलेट एवं जानकारी पत्रक वितरित किये गये। इस अभियान में संजीवनी नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। उन्होंने नाटक, निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं के माध्यम से सड़क सुरक्षा का प्रभावी संदेश दिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता में विशेष योगदान देने वाले विद्यार्थियों को 24 फरवरी को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आमंत्रित कर प्रभारी पुलिस अधीक्षक धीरज बब्बर द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समापन समारोह में महिला डेस्क की काउंसलर श्रीमती अनीता चोयल को भी उत्कृष्ट योगदान हेतु प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रभारी पुलिस अधीक्षक धीरज बब्बर ने कहा कि यातायात जागरूकता अभियान यह जीवनभर सुरक्षित ड्राइविंग आदतों को अपनाने का संकल्प है।

# मप्र को नई रेल और रेल सुविधाओं की मिल रही है निरंतर सौगात : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश को नई रेलों और रेल सुविधाओं की निरंतर सौगात मिल रही है। प्रदेश की राजधानी भोपाल से ऊर्जा राजधानी सिंगरौली तक सप्ताह के सातों दिन सीधी रेल की सुविधा प्रारंभ हो रही है, जो मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों के यात्रियों के लिये भी महत्वपूर्ण सिद्ध होगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार की शाम भोपाल के मुख्य रेलवे स्टेशन से भोपाल-धनबाद-चौपन एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना कर रहे थे। यह ट्रेन सप्ताह में 3 दिन सीधी-सिंगरौली तक, 3 दिन धनबाद तक और एक दिन चौपन तक जायेगी। इस ट्रेन का रूट बीना-सागर-मुड़वारा होकर रहेगा।



### प्रदेश में निरंतर बढ़ रही रेल सुविधाएं, नई रेल भविष्य के विकास का नया रास्ता

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज ही प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केन्द्रीय कैबिनेट जबलपुर-गोंदिया रेल लाइन के दोहरीकरण को मंजूरी दी गई है। इसके पहले मध्यप्रदेश को इंदौर-मनमाड रेल लाइन सहित सिंहस्थ के दृष्टिगत अनेक सौगातें मिली हैं। वंदे भारत और मेट्रो ट्रेन की स्पीड भी बढ़ रही है। मध्यप्रदेश में विदेशों की तरह आधुनिक रेल सुविधाएं विकसित हो रही हैं। रेल बजट में भी 24 गुना अधिक बजट मिला है। छह अमृत भारत स्टेशन कटनी साउथ, नर्मदापुरम ओरछा, सिवनी शाजापुर और श्रीधाम के पुनर्विकास का कार्य हो रहा है। प्रदेश के 80 स्टेशनों का कायाकल्प हो रहा है। करीब पौने तीन हजार करोड़ रूपये की लागत से आधुनिक सुविधाओं का लाभ यात्रियों को दिया जायेगा।

### बहुप्रतिक्षित थी भोपाल से सीधी-सिंगरौली के लिये सीधी रेल सुविधा : केन्द्रीय रेल मंत्री वैष्णव

केन्द्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि स्वतंत्रता के पश्चात से भोपाल से सीधी-सिंगरौली क्षेत्र तक रेल सुविधा की मांग चल रही थी। मध्यप्रदेश में रेल सुविधाओं का विस्तार जारी रहेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मध्यप्रदेश में रेल सुविधाएं बढ़ाने के लिये निरंतर ध्यान आकर्षित करते हैं। आने वाले समय में मध्यप्रदेश की तीव्र औद्योगिक विकास में नई रेल सुविधाएं उपयोगी सिद्ध होंगी, जहां 18 हजार करोड़ रूपये से अधिक लागत की इंदौर-मनमाड रेल लाइन अर्थव्यवस्था बदलेगी, वहीं 5200 करोड़ लागत से जबलपुर-गोदिंया रेल लाइन का दोहरीकरण कान्हा राष्ट्रीय उद्यान, धुआंधार जल प्रपात और अन्य स्थानों के पर्यटन महत्व में वृद्धि करेगा। नागरिकों को समृद्धि का भरपूर लाभ मिलेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज के दिन को भी यादगार बना दिया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश के पिछड़े माने गये सीधी-सिंगरौली क्षेत्र को भोपाल से प्रतिदिन की रेल कनेक्टिविटी का लाभ मिल रहा है। यह ट्रेन सातों दिन चलेगी, भले गंतव्य 3 हों। यह युक्ति और बुद्धि का खेल ही नहीं बल्कि भविष्य के विकास का नया रास्ता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नई ट्रेन से राज्यों के पर्यटन विकास में सहयोग मिलेगा। मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, झारखंड के बीच सीधा संपर्क स्थापित होगा।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नई ट्रेन भोपाल-धनबाद-चौपन एक्सप्रेस को दिखाई हरी झंडी

### मुख्यमंत्री आज करेंगे समूहों की 'आजीविका विपणन क्षमतावर्धन कार्यशाला' का शुभारंभ

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 25 फरवरी बुधवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में स्व-सहायता समूहों की आजीविका मिशन क्षमतावर्धन कार्यशाला का शुभारंभ करेंगे। कार्यशाला का उद्देश्य मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित स्व-सहायता समूहों के सदस्यों के मार्केटिंग के तहत श्रमतावर्धन के लिए प्रशिक्षण दिया जायेगा। इससे स्व-सहायता समूहों की सदस्यों को उत्पाद विक्रय के लिये राष्ट्र स्तरीय वृहद बाजार उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यशाला में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल एवं राज्यमंत्री श्रीमती राधा सिंह उपस्थित रहेंगी। आजीविका मिशन की सीईओ हर्षिका सिंह ने बताया है कि स्व-सहायता समूहों द्वारा उत्पादित-उत्पादों को जनसामान्य तक पहुंचाने के लिये ई-मार्केट पोर्टल एक उत्तम व्यवस्था है।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम ने प्रधानमंत्री मोदी और रेल मंत्री वैष्णव का माना आभार

### गोंदिया-जबलपुर रेल लाइन के दोहरीकरण की मंजूरी महाकौशल सहित प्रदेश के लिए बड़ी सौगात : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल( विनय उजाला )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि केंद्रीय कैबिनेट द्वारा गोंदिया-जबलपुर रेल लाइन के दोहरीकरण की मंजूरी महाकौशल सहित प्रदेश के लिए बड़ी सौगात है। इससे नक्सल समस्या से मुक्त बालाघाट जिले के साथ ही जबलपुर, मंडला और सिवनी में कनेक्टिविटी मजबूत होगी, व्यापार-व्यवसाय और पर्यटन भी बढ़ेगा। इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं केंद्रीय मंत्री-मंडल का हृदय से आभार माना है। सेवातीर्थ में केन्द्रीय सरकार की पहली केबिनेट बैठक में गोंदिया से जबलपुर रेलवे लाईन दोहरीकरण को मंजूरी मिल गई है। रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने इसे रामायण सर्किट से लेकर नार्थ से साउथ तक का एक महत्वपूर्ण कॉरीडोर बताया है। इस दोहरीकरण का सबसे ज्यादा लाभ विकास के रूप में बालाघाट जिले मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने गोंदिया-जबलपुर रेललाइन के दोहरीकरण को मंजूरी प्रदान करते हुए 5236 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। इस कार्य के पूर्ण होने से मध्यप्रदेश के विकास को गति मिलेगी और रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे। करीब 231 किलोमीटर के गोंदिया-जबलपुर रेलवे दोहरीकरण का काम 5236 करोड़ रूपए से 5 साल में पूरा होगा। जिससे महाराष्ट्र के गोंदिया और मध्यप्रदेश के जबलपुर, मंडला, सिवनी, बालाघाट को इसका लाभ मिलेगा। इस दौरान इस लाईन में आने वाले वन्यप्राणियों की सुरक्षा के लिए 450 करोड़ रूपए अंडरपास और फेसिंग में खर्च किए जाएंगे। साथ ही रेलवे दोहरीकरण के इस काम में नर्मदा नदी में एक बड़े ब्रिज के साथ ही मेजर और माईनर ब्रिज बनाए जाएंगे।

### पीएमएफएमई योजना से प्रेमलता गृहिणी से बनीं सफल उद्यमी

**भोपाल,निप्र।** कभी घर की जिम्मेदारियों तक सीमित रहने वाली नीमच जिले के ग्राम बमोरा की प्रेमलता पाटीदार आज एक सफल उद्यमी के रूप में अपनी अलग पहचान बना चुकी हैं। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना ने उनके सपनों को पंख देकर आत्मनिर्भरता की नई राह दिखाई है। प्रेमलता बताती हैं कि वे हमेशा कुछ अपना करना चाहती थीं, लेकिन संसाधनों की कमी और मार्गदर्शन के अभाव में आगे बढ़ना आसान नहीं था। इसी दौरान उन्हें उद्यानिकी विभाग के माध्यम से



पीएमएफएमई योजना की जानकारी मिली। योजना के तहत उन्होंने 23.61 लाख रुपये की लागत से 'बालाजी उद्योग' नाम से खाद्य तेल प्रसंस्करण इकाई स्थापित की। उद्योग की स्थापना के लिए उन्होंने नीमच जिले में भारतीय स्टेट बैंक की जीरन शाखा से 20 लाख रुपये का ऋण प्राप्त किया। शासन की ओर से उन्हें 8.26 लाख रुपये का अनुदान भी मिला, जिससे उनका आत्मविश्वास और मजबूत हुआ। प्रेमलता ने 'गोपाल कृष्ण' नाम के ब्रांड से कोकोनट ऑयल का पंजीयन कराया और अपने उत्पाद को बाजार में उतारा। गुणवत्तापूर्ण उत्पाद और निरंतर मेहनत के बल पर उनका व्यवसाय तेजी से आगे बढ़ा। आज उनका मासिक टर्नओवर लगभग 8 से 10 लाख रुपये है और वे प्रतिमाह 2 से 3 लाख रुपये की शुद्ध आय अर्जित कर रही हैं। सालाना लाभ लगभग 30 लाख रुपये से अधिक पहुंच चुका है। प्रेमलता की सफलता केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है। उन्होंने अपने उद्योग में 7 स्थानीय लोगों को रोजगार देकर गांव में आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा दिया है। वे कहती हैं कि सरकार की योजना ने मुझे हिम्मत दी, लेकिन सफलता मेहनत और विश्वास से मिली।

## बीएसएसएस में एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन





विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** भोपाल स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज़ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष इकाई शिविर का समापन समारोह गरिमापूर्वक संपन्न हुआ।

प्रातः प्रभात फेरी, पीटी एवं योग के साथ दिन का शुभारंभ हुआ। तत्पश्चात नाश्ते के उपरांत प्रातः 10:30 बजे बौद्धिक सत्र आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आदरणीय डॉ. अशोक कुमार श्रोति क्षेत्रीय निदेशक, क्षेत्रीय निदेशालय मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ एवं डॉ. राजकुमार वर्मा युवा अधिकारी, भारत सरकार उपस्थित रहे। दोनों वक्ताओं ने स्वयंसेवकों को सेवा, नेतृत्व एवं राष्ट्र निर्माण हेतु प्रेरित किया। इसी अवसर पर माय भारत पोर्टल पर संचालित माय भारत बजट क्वेस्ट में भी स्वयंसेवकों की सहभागिता कराई गई। इसके पश्चात समापन समारोह की तैयारियाँ की गईं। प्रांगण की स्वच्छता कर सुंदर सजावट, चित्रांकन एवं पुष्प-सज्जा से परिसर को आकर्षक रूप प्रदान किया गया। रात्रि में आयोजित समापन समारोह में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. फादर जॉन पी. जे. की उपस्थिति रही। मुख्य अतिथियों के रूप में डॉ. अनंत कुमार सक्सेना कार्यक्रम समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ, बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय, राहुल सिंह परिहार ईटीआई प्रशिक्षक, कार्यक्रम अधिकारी मुक्त इकाई बीयू एवं अक्षय तिवारी प्राध्यापक कार्यक्रम अधिकारी, शासकीय महाविद्यालय कुरवाई, जिला विदिशा उपस्थित रहे।

समारोह का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण से हुआ। तत्पश्चात लक्ष्य गीत, शिविर प्रतिवेदन एवं विभिन्न राज्यों के लोकनृत्यों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्वयंसेवकों को सम्मानित कर बी एवं सी प्रमाणपत्र तथा सहभागिता प्रमाणपत्र वितरित किए गए। राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ।

## अहमदाबाद रेल मंडल के दो कर्मचारी संरक्षा में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित

विनय उजाला

**अहमदाबाद।** पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक (प्रभारी) प्रदीप कुमार ने पश्चिम रेलवे मुख्यालय, मुंबई में आयोजित समारोह में अहमदाबाद मंडल के दो कर्मचारियों को रेल संरक्षा में उत्कृष्ट कार्य, सतर्कता एवं सुरक्षित ट्रेन संचालन में महत्वपूर्ण योगदान के लिए 'मैन ऑफ द मंथ' (जनवरी-2025) संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया। इन कर्मचारियों की सजगता एवं त्वरित कार्रवाई से संभावित दुर्घटनाएँ टलीं तथा रेल संपत्ति और यात्री सुरक्षा सुनिश्चित हुई।

**रवि प्रकाश शर्मा, पॉइंट्समैन – कटोसन रोड :** 19.01.2026 को रवि प्रकाश शर्मा, पॉइंट्समैन कटोसन रोड स्टेशन पर एल.सी. संख्या 29 पर ड्यूटी पर कार्यरत थे। गाड़ी संख्या IFFCO/MB एल.सी. संख्या 29 से गुजर रही थी। 'ऑल राइट' सिग्नल मिलाते समय उन्होंने देखा कि ब्रेकवान से नौवें वैगन में एक हैंगिंग पार्ट बाहर लटका हुआ है। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए उन्होंने तत्काल खतरे का लाल संकेत प्रदर्शित किया तथा ड्यूटी पर तैनात स्टेशन मास्टर को सूचित किया। स्टेशन मास्टर ने लोको पायलट से संपर्क कर गाड़ी को पुनः कटोसन रोड स्टेशन पर रुकवाया। जांच में वैगन में हैंगिंग पार्ट पाया गया, जिसे सुरक्षित रूप से बांध दिया गया। इसके उपरांत आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की गई।





**चंद्रपाल सिंह, टेक्नीशियन ग्रेड-II, टीआरडी डिपो महेसाणा :** 10.01.2026 को श्री चंद्रपाल सिंह, टेक्नीशियन ग्रेड-II, टीआरडी डिपो महेसाना द्वारा आंबलियासन-जगुदन खंड के मध्य ओएचई सेक्शन की फुट पेट्रोलिंग के दौरान कैटेनरी वायर ड्रॉपर क्लिप का बोल्ट ढीला पाया गया, जो किसी भी समय खुल सकता था। समय रहते पहचान नहीं की जाती, तो पैंटोग्राफ के उलझने से ओएचई में खराबी हो सकती थी।

## पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती के परिजनों को मिली बम से उड़ाने की धमकी

**भोपाल,( हि.स. )।** मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती के परिजनों को टीकमगढ़ में बम से उड़ाने की धमकी मिली है। उनकी बहू और जिला पंचायत अध्यक्ष उमिता राहुल लोधी ने देहात थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपितों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

घटनाक्रम 22 फरवरी की रात का है। मंगलवार को उमिता लोधी ने मामले की जानकारी मीडिया से साझा की। उन्होंने बताया कि 21 फरवरी को सोशल मीडिया (फेसबुक) पर एक पोस्ट साझा की थी। इसी पोस्ट पर 22 फरवरी की रात करीब 10ः30 बजे जीडब्ल्यू बृजेंद्र कुशवाहा नामक आईडी से एक विवादित कमेंट आया। इसमें उन्हें और उनके पति, पूर्व मंत्री राहुल लोधी को जान से मारने और बम से उड़ाने की खुली धमकी दी गई थी।

उन्होंने बताया ब्रिजेंद्र कुशवाह नाम की आईडी से कमेंट किया गया था कि तेरे बेटे को भुगतना है। हमारे पास हाईड्रोजन बम है। हम बनाना जानते हैं...नेताओं को हम खुद ही मारेंग। हाईड्रोजन बम से 30 दिन बाद फोड़ूंगा, हमें ढूंढने से पहले भ्रष्टाचारियों को खोजों तो खैर है... वरना हम कुछ भी कर सकते हैं। उमिता लोधी ने सतर्कता दिखाते हुए तुरंत कमेंट का स्क्रीनशॉट ले लिया। इस धमकी के महज आधे घंटे बाद रात करीब 11 बजे दो अज्ञात नकाबपोश युवक उनके देहात थाना स्थित बंगले पर पहुंच गए। उमिता लोधी ने बताया कि जब उन्होंने छज्जे से नीचे देखा, तो युवकों ने उन्हें देखते ही गाली-गलौज शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी दोहराई। इन युवकों ने अपने चेहरे कपड़े से ढके हुए थे। उमिता लोधी ने उन्हें छज्जे से देखा। आरोप है कि युवकों ने उन्हें देखते ही गालियां देना शुरू कर दिया और जान से मारने की धमकी दोहराई।

### जनक दुलारी शर्मा के निधन पर सीएम ने दुख व्यक्त किया

**भोपाल,निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, मध्य क्षेत्र के सह बौद्धिक शिक्षण प्रमुख एवं पूर्व संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा की पूज्य माताजी श्रीमती जनक दुलारी शर्मा के निधन पर दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मां सम्पूर्ण जीवन की आधारशिला होती हैं, उनका जाना अपूरणीय क्षति है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान और शोकाकुल परिजन को यह असीम दु:ख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है।

## सांसद लालवानी की अध्यक्षता में बैंकर्स, प्रशासनिक अधिकारियों एवं इंडस्ट्री प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न

### अनक्लेम्ड अमाउंट, मुद्रा लोन, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम श्रम योगी मानधन योजना और वित्तीय साक्षरता पर हुई विस्तृत चर्चा

विनय उजाला

**इंदौर, निप्र।** सांसद शंकर लालवानी की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में बैंकर्स, प्रशासनिक अधिकारियों और उद्योग प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में कारोबार के लिए आसान ऋण, सब्सिडी योजनाओं की वास्तविक स्थिति, अनक्लेम्ड अमाउंट तथा वित्तीय साक्षरता जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। इंडस्ट्री की ओर से श्री प्रमोद डफरिया ने कहा कि केंद्र सरकार बिना सुरक्षा निधि (कोलेटरल) के



लोन देने की योजनाएँ लाती है और बैंकों के सहयोग से इसे बेहतर ढंग से लागू किया जा सकता है। एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज महिला विंग की श्रीमती श्रेष्ठा गोयल ने बैंक सब्सिडी आधारित लोन एवं मुद्रा लोन आसानी से उपलब्ध करवाने की बात कही।

**सांसद ने योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की :** सांसद श्री लालवानी ने योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि अब तक मुद्रा लोन के अंतर्गत 57,210 हितग्राहियों को लगभग 825 करोड़ रुपये का ऋण वितरित किया गया है। स्ट्रीट वेंडर योजना के अंतर्गत 2.70 लाख लोगों को 63 करोड़ रुपये की सहायता दी गई है। वित्तीय साक्षरता बढ़ाने एनजीओ के साथ कार्य किया जा रहा है। संकल्प से समाधान अभियान के तहत विभिन्न योजनाओं की मॉनिटरिंग की जा रही है। अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और किसान क्रेडिट कार्ड की प्रगति की भी समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना पर भी चर्चा हुई। लालवानी ने ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक बिना बाधा पहुँचे।

### पश्चिम रेलवे द्वारा विभिन्न गंतव्यों के लिए 684 ट्रेन ट्रिप्स संचालित किए जाएंगे

# होली पर्व पर अहमदाबाद मंडल ने किया विशेष यात्री प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्थाएं

विनय उजाला

**अहमदाबाद।** आगामी होली त्योहार के अवसर पर यात्रियों की संभावित अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुएपश्चिम रेलवे के अहमदाबाद मंडल द्वारा व्यापक तैयारियाँ की जा रही हैं। होली पर्व के दौरान पश्चिम रेलवे द्वारा विभिन्न गंतव्यों के लिएकुल 684 ट्रेनट्रिप्स संचालित किए जाएंगे, जिससे यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

इस संबंध में मंडल रेल प्रबंधक श्री वेद प्रकाश की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी संबंधित विभागों को यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा एवं सुगम आवागमन सुनिश्चित करने हेतु ठोस एवं प्रभावी प्रबंध करने के निर्देश दिए गए।






### यात्री सुविधाएं एवं भीड़ प्रबंधन : यात्री होल्डिंग एरिया-अहमदाबाद रेलवे स्टेशन

■ **कालूपुर साइड :** कालूपुर साइड के होल्डिंग एरिया को तीन भागों में विभाजित किया जाएगा

1. मल्टी मोडल ट्रांसपोर्ट हब ( MMTH )बिल्डिंग का ग्राउंड फ्लोर – लगभग 43,056 वर्ग फुट
2. पैसेंजर रिज़र्वेशन सिस्टम ( PRS कार्यालय के पास स्थित वर्तमान होल्डिंग एरिया– लगभग 4,133 वर्ग फुट
3. एलिवेटेड रोड के नीचे ऑटो-रिक्शा लेन एवं दोपहिया पार्किंग क्षेत्र का एक भाग– लगभग 4,844 वर्ग फुट

■ **सरसपुर साइड :** सरसपुर साइड के होल्डिंग एरिया को दो भागों में विभाजित किया जाएगा

1. बुकिंग कार्यालय के पास स्थित वर्तमान होल्डिंग एरिया– लगभग 3,229 वर्ग फुट
2. बुकिंग कार्यालय एवं कूली मस्जिद की ओर जाने वाले मार्ग का क्षेत्र– लगभग 6,458 वर्ग फुट

■ **साबरमती रेलवे स्टेशन :** साबरमती स्टेशन पर लगभग 4,000 से 5,000 यात्रियों के बैठने की समुचित व्यवस्थाकी गई है। यातायात के सुचारु प्रवाह को सुनिश्चित करने हेतुप्रवेश एवं निकास द्वारों को अलग-अलग रखा गया है, जिससे भीड़ का बेहतर प्रबंधन किया जा सके।

■ इन होल्डिंग क्षेत्रों में पंखों, पेयजल एवं आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था की गई है, जिससे प्लेटफार्मों पर अनावश्यक भीड़ को नियंत्रित किया जा सके तथा यात्रियों का चरणबद्ध प्रवेश सुनिश्चित हो।

### विशेष प्लेटफार्म प्रबंधन योजना

■ अधिकांश होली स्पेशल एवं अधिक भीड़ वाली गाड़ियाँ प्लेटफॉर्म संख्या 8 से संचालित की जाएंगी, जिससे भीड़ का प्रभावी वितरण सुनिश्चित हो सके।

■ केन्द्रीकृत घोषणा प्रणाली (Centralised Announcement System)को सुदृढ़ किया गया है, ताकि यात्रियों को समय-समय पर आवश्यक सूचनाएँ उपलब्ध कराई जा सकें।

■ अतिरिक्त हेल्प डेस्क, टिकट काउंटरों पर पर्याप्त स्टाफ, पेयजल सुविधा, स्वच्छता व्यवस्था एवं प्रतीक्षालयों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाएगी।

■ **सुरक्षा व्यवस्था :** स्टेशन परिसरों एवं प्रमुख प्लेटफार्मों पर RPF एवं GRP कर्मियों की अतिरिक्त तैनातीकी जाएगी।

■ RPF एवं वाणिज्य स्टाफ को आवश्यक VHF हैंडसेट उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे त्वरित समन्वय एवं प्रतिक्रिया सुनिश्चित हो सके।बैग चेकिंग अभियानको सघन रूप से चलाया जाएगा।

■ RPF CCTV कक्ष से ही वार रूम संचालित किया जाएगा, जहाँ से 24×7 निगरानी की जाएगी।

■ सादे वस्त्रों में RPF एवं GRP की CPDS ( अपराध रोकथाम एवं जांच दल )टीमें संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क निगरानी रखेंगी।

■ चौबीसों घंटे CCTV निगरानी प्रणालीसक्रिय रहेगी तथा किसी भी स्थान पर भीड़ बढ़ने की स्थिति में फील्ड इकाइयों को तत्काल सतर्क किया जाएगा।

### वाणिज्य एवं विशेष सहायता प्रबंध

■ मंडल स्तर परवार रूमका गठन किया गया है, जहाँ से वरिष्ठ अधिकारी 24×7 निगरानी करेंगे।

■ भीड़ की स्थिति में उच्च अधिकारी स्वयं प्लेटफॉर्म पर उपस्थित रहेंगे।

■ यात्रियों को होली स्पेशल ट्रेनों एवं अतिरिक्त सेवाओं की जानकारी देने हेतु सोशल मीडिया, प्रेस विज्ञप्ति, नियमित ट्वीट एवं सार्वजनिक घोषणा प्रणाली का व्यापक उपयोग किया जाएगा।

■ टिकट चेकिंग स्टाफ को अतिरिक्त सतर्कता एवं मार्गदर्शन हेतु निर्देशित किया गया है।

■ दिव्यांग, वृद्ध एवं अस्वस्थ यात्रियों हेतु विशेष प्रबंध

■ सिविल डिफेन्स टीम को समर्पित सहायता दल के रूप में तैनात किया जाएगा, जो दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिकों एवं अस्वस्थ यात्रियों को प्लेटफार्म तक पहुँचाने, ट्रेन में चढ़ाने एवं आवश्यक सहयोग प्रदान करेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### 'युवा संगम' आयोजन में रोजगार के लिए 136 आवेदकों का प्राथमिक चयन



**देवास, निप्र।** जिला प्रशासन देवास तथा आयुक्त तकनीकी शिक्षा कौशल रोजगार एवं उद्योग विभाग के आदेशानुसार बेराजगार आवेदकों को निजी संस्थाओं में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए 'युवा संगम' आयोजन के अन्तर्गत रोजगार स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के अवसर एक ही छत के नीचे देने के उद्देश्य से जिला व्यापार उद्योग केन्द्र रोजगार कार्यालय एवं आईटीआई देवास द्वारा 'युवा संगम' का आयोजन मंगलवार को मल्हार स्मृति सभाकक्ष में किया गया। युवा संगम में 15 निजी संस्थाओं ने भाग लिया एवं रोजगार प्राप्त करने के लिए 185 आवेदकों द्वारा पंजीयन कराया गया। निजी संस्थाओं द्वारा 136 आवेदकों का प्राथमिक चयन किया गया। युवा संगम में स्वास्थ्य विभाग ने आवेदकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। प्राचार्य आईटीआई हेमन्त दण्डोतिया ने युवा संगम में उपस्थित आवेदकों एवं कम्पनी के एचआर मैनेजर को देवास जॉब पोर्टल के बारे में बताया। उन्होंने देवास जॉब पोर्टल पर पंजीयन करने के बारे में बताया तथा जॉब पोर्टल के माध्यम से रिज्यूम अपलोड कर जॉब प्राप्त करने के लिए जानकारी दी। करियर कॉउन्सलर ने रोजगार-स्वरोजगार के बारे में जानकारी दी। इस दौरान विभिन्न कंपनियों के एचआर, उद्योग विभाग, आईटीआई, जिला रोजगार कार्यालय, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

### परिवहन विभाग ने किया सी.एम. हेल्पलाइन पर आई शिकायतों का निराकरण




**देवास, निप्र।** जिला परिवहन कार्यालय देवास द्वारा सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण के लिये मंगलवार को शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला परिवहन अधिकारी निशा चौहान ने पंजीबद्ध सीएम हेल्पलाइन के आवेदकों/शिकायतकर्ता की समस्याओं को सुना तथा तत्काल उनका निराकरण किया गया। जिला परिवहन अधिकारी निशा चौहान ने शिविर में उपस्थित हुए आवेदकों की समस्याओं को सुना तथा मौके पर ही आवश्यक औपचारिकताओं को पूर्ण करवाया जाकर शिविर में उपस्थित आवेदकों की समस्याओं का तत्काल निराकरण किया गया है। शिविर में मौके पर ही 7 शिकायतों का सन्तुष्टीपूर्वक निराकरण दर्ज किया गया। कार्यालय में शेष रही 7 शिकायतों के संबंध में आवेदकों को निर्धारित वांछित औपचारिकताएँ एवं दस्तावेज पूर्ण करवाने के संबंध में जानकारी प्रदाय की। इसके संबंध में आवेदकों ने शीघ्र ही निर्धारित दस्तावेज शीघ्र प्रस्तुत कर सीएम हेल्पलाइन के निराकरण के लिये कहा गया।

### रोटरी के सेवा कार्य प्रशंसनीय : डॉ. नागर




**सोनकच्छ, निप्र।** रोटरी अंतरराष्ट्रीय के 121वें स्थापना दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ सोनकच्छ द्वारा 23 फरवरी 2026 को रोटरी सेवा भवन, सोनकच्छ में गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत रोटरी के संस्थापक पॉल हैरिस की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात केक काटकर स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह नगर के प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ. धर्मेन्द्र नागर के मुख्य आतिथ्य एवं पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सत्यनारायण लाठी के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। सहायक मंडलाध्यक्ष दिनेश कारपेंटर, पूर्व सहायक मंडलाध्यक्ष सौभाग सिंह ठाकुर एवं पूर्व अध्यक्ष हुकम चंद्र अग्रवाल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष दिनेश राठौर ने की। मुख्य अतिथि डॉ. नागर ने अपने उद्बोधन में कहा कि रोटरी के सेवा कार्य समाज के लिए अत्यंत प्रशंसनीय हैं। रोटरी पोलियो, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में निरंतर उल्लेखनीय कार्य कर रही है। जिसमें सोनकच्छ क्लब के सेवा कार्य बहुत ही सराहनीय है। पूर्व अध्यक्ष संजय सेठी ने कार्यक्रम प्रारंभ की घोषणा की। मनोज परमार द्वारा चतुर्विद मंत्र का वाचन किया गया। इस अवसर पर मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों का शाल-श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया तथा सभी पूर्व अध्यक्षों एवं सदस्यों का दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया गया। समारोह में पूर्व सहायक मंडलाध्यक्ष कमल नागर, पूर्व अध्यक्ष सुरेश चंद्र यादव, शंकर लाल शर्मा, लाखन सिंह सेंधव, कैलाश परमार, प्रवीण त्रिवेदी, राकेश राठौर सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व अध्यक्ष ईश्वर सिंह जाधव ने किया एवं आभार प्रदर्शन क्लब सचिव महेशचंद्र राठौर ने किया।

### नागोरी बने प्रदेश अध्यक्ष



**सतवास/देवास, निप्र।** अखिल भारतीय पुलिस सहयोग संगठन के संस्थापक डॉ. अंशुमान सिंह गुड्डू की अनुशंसा पर पीपलकोटा के मंगलदीप नागोरी को मध्यप्रदेश का युवा मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। मंगलदीप नागोरी की नियुक्ति पर महेश यादव, विनोद भूतड़ा, हरीश दुबे, महबुब खान, रत्नेश जोशी, सुनिल प्रजापत, नीरज बैरागी, गणेश जयसवाल, मुकेश चोहान, शुभम जगताप, ललित कलोता आदि ने बधाई दी।

### देपालपुर में 1 मार्च को होगा जाट समाज का आयोजन

**बेटमा (सुनील मुनिया)।** समाज की एकता एवं संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से जाट समाज का एक बड़ा आयोजन दिनांक 1 मार्च 2026, रविवार को देपालपुर में किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण आयोजन में देश एवं प्रदेश स्तर के जाट समाज के कई पदाधिकारी और प्रमुख सामाजिक प्रतिनिधि शामिल होंगे।ष कार्यक्रम में विशेष रूप से जाट संसद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मन्नू चौधरी दांतल, राष्ट्रीय तेजवीर सेना के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष रोशन सिंघम, जाट जागृति मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेविंदर जाट, अखिल भारतीय जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष विलास पटेल सहित समाज के अनेक वरिष्ठजन और पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। आयोजन को लेकर समाजजनों में उत्साह देखा जा रहा है। इस संबंध में जानकारी अनिल जाट (देपालपुर), राहुल जाट (देपालपुर) तथा भंवरलाल जाट (गोकलपुर) द्वारा दी गई।

# फसल विविधिकरण अपनाएं, उद्यानिकी खेती करें : सिंह

## कृषि विज्ञान मेले में किसानों को कृषि आदान, उन्नत बीज, खाद, दवाई, नवीनतम उपकरण, उन्नत सिंचाई साधनों की दी जानकारी

विनय उजाला






**देवास, निप्र।** जिले के किसानों को कृषि की उन्नत तकनीकी की जानकारी देने, खेती में लगने वाले कृषि आदान, उन्नत बीज, खाद, दवाई एवं नवीनतम कृषि उपकरण, उन्नत सिंचाई के साधन की जानकारी एक ही स्थान पर दिलाने के उद्देश्य से मिलेट मिशन एवं राष्ट्रीय तिलहन मिशन ऑन इडिबल ऑइल योजनान्तर्गत कृषि उपज मंडी देवास में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेला का शुभारम्भ कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने मंगलवार को किया।

कलेक्टर श्री सिंह ने जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेले में नवीनतम कृषि उपकरण, उर्वरक, कीटनाशक, खाद, बीज, उन्नत सिंचाई के साधन एवं कृषि विज्ञान मेले में विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी के लिए प्रदर्शनी का अवोलकन किया।

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष लीला अटारिया, भैरूलाल अटारिया, बहादूर सिंह राजपूत, संयुक्त संचालक कृषि उज्जैन उम्मेद सिंह तोमर, उप संचालक कृषि गोपेश पाठक, उप संचालक उद्यानिकी राजू बडवाया, कृषि विज्ञान केन्द्र से वैज्ञानिक डॉ महेन्द्र सिंह, मण्डी सचिव अरविन्द परिहार, आत्मा से एमएल सोलंकी एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी, किसान संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में हम यह वर्ष किसान कल्याण वर्ष के रूप में मना रहे हैं, जिसके तहत हम किसानों का नवीन पद्धति से कृषि करना, फसल विविधिकरण आदि के माध्यम से किस प्रकार उन्नत कृषि कर सकते हैं, इसके लिए शासन द्वारा किसानों को जागरूक किया जा रहा है। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा जागरूकता के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसान हमारा अन्नदाता है तो हम उम्मीद करते है कि अन्नदाता रासायनिक मुक्त अनाज उत्पादित करें। आज लगातार रासायनिक खाद का उपयोग कर मृदा की उर्वकता समाप्त की जा रही है। जिसे हम फसल विविधिकरण के माध्यम से कम कर सकते हैं। बाजार में पारम्परिक फसलों के अलावा बहुत से अनाज, फल, सब्जी, मसाले भी उपलब्ध है, जो कि हम दूसरे स्थानों से आयात करते है। जिले के किसान भी इन फसलों लगाकर अच्छी आय अर्जित कर सकते हैं। मेले में नई तकनीकों के खेती कर रहे किसानों ने अपना अनुभव साझा किया कि किस प्रकार वे द्वारा किस प्रकार वे नई तकनीकों से फसल का उत्पादन कर अच्छी आय अर्जिक कर रहे हैं। इस दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने ई-कृषि यंत्र योजना अनुदान अंतर्गत ई-कृषि यंत्र खरीदने वाले किसानों को अनुदान प्रमाण-पत्र भी प्रदान किये।

### किसानों को मूंग से उड़द उत्पादन की ओर शिफ्ट होना चाहिए

कलेक्टर श्री सिंह ने जिले के किसानों से आग्रह किया कि हमें मूंग से उड़द में शिफ्ट होना चाहिए। इसके लिये शासन द्वारा 600 रूपये प्रति क्विंटल बोनस के रूप में दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि किसान भाई फसल कटाई उपरांत नरवाई नहीं जलाये। नरवाई प्रबंधन के लिए विभिन्न प्रकार के उपकरण उपलब्ध है। किसान उनका उपयोग कर नरवाई प्रबंध कर सकते है। उन्होंने कहा कि ई-टोकन के माध्यम से जिले में किसानों को खाद वितरण किया जा रहा है। जिले के किसान ऐग्री स्टैक शीघ्र बनवालें, जिससे उन्हें सुगमता से खाद मिल सकें। उन्होंने कहा कि मण्डी प्रागंण में शीघ्र ही ग्रैडिंग एवं सोर्टिंग मशीन लगने वाली है। जिसके माध्यम से किसान अपनी फसल साफ कर उचित दाम पर क्रय कर सकेगा। कलेक्टर श्री सिंह ने कृषक सूर्य मित्र योजना की जानकारी देते हुए बताया कि योजना अंतर्गत किसानों को सोलर पम्प लगवाने पर 90 प्रतिशत का अनुदान सरकार द्वारा दिया जाता है। जिले के अधिक से अधिक किसान इस योजना का लाभ लें।

# बीसाखेड़ी में आयोजित किया गया नि :शुल्क नेत्र शिविर

विनय उजाला



**सोनकच्छ, निप्र।** ग्राम पंचायत बीसाखेड़ी जिला देवास में सुजलॉन फाउन्डेशन के सहयोग से मदर आर्गेनाइजेशन के द्वारा आंखों की जांच हेतु निशुल्क शिविर का आयोजन किया गया।

उक्त जांच शिविर में मध्य प्रदेश वॉलंटरी हेल्थ एसोसिएशन इंदौर के सहयोग से सभी ग्रामीण की जिनकी आंखों में किसी प्रकार से दिक्कत हो रही थी। उनकी निशुल्क रूप से लगभग 110 ग्रामीण की जांच की गई एवं साथ ही साथ उनके ब्लड शुगर की जांच भी की गई। जांच के उपरांत 10 व्यक्तियों को मोतियाबिंद की पहचान होने पर निशुल्क रूप से इंदौर एवं देवास ऑपरेशन के लिए मार्गदर्शन दिया गया।

उक्त शिविर में ग्राम पंचायत बीसाखेडी सहित आसपास के ग्रामों के महिला एवं पुरुषों की आंखों की जांच के साथ-साथ उन्हें चश्मे भी उपलब्ध कराए गए। डॉ गायत्री परिहार कार्यकारी निदेशक मदर आर्गेनाइजेशन इंदौर ने बताया कि शिविर में आए लाभार्थियों को आंखों की जांच कर नज़र के चश्मे एवं मोतियाबिंद की स्थिति में निशुल्क ऑपरेशन हेतु भी मार्गदर्शित किया गया। संस्था का उद्देश्य निशुल्क रूप से ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाना है शिविर में जो भी लाभार्थी सम्मिलित हुए एवं साथ ही साथ उनके ब्लड शुगर की जांच भी की गई।

ग्राम बिशन खेड़ी में संस्थान के सहयोग से आंगनबाड़ी केंद्र में डिजिटल एजुकेशन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से टीवी भी दिया गया। इस अवसर पर सृजन फाउंडेशन से रामकुमार कटियार ने कहा कि निशुल्क रूप से ग्रामीणों के आंखों की जांच से उनकी आंखों की रोशनी बच सकती है। सुजलॉन फाउंडेशन के सहयोग से अधिक से अधिक ग्रामीण निशुल्क रूप से दूर दराज के इलाकों में स्वास्थ्य लाभ ले सके यही फाउंडेशन का उद्देश्य है। शिविर को सफल बनाने में ग्राम पंचायत की सरपंच सीमा जितेंद्र सिंह नारोलीया, उपसरपंच राजेंद्र सिंह राठौड़, महिला एवं बाल विकास से सुपरवाइजर रितु ठाकुर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती राम कन्या दुबे एवं स्वास्थ्य विभाग से साधना गौतम एवं संस्था के प्रोग्राम ऑफिसर सविता तंवर पूजा कुशवाहा उपस्थित रहे स्वास्थ्य शिविर में पूरे ग्रामीण का भरपूर सहयोग रहा एवं ग्राम पंचायत बीसाखेड़ी के सहायक सचिव श्री धर्मेंद्र चौहान ने उक्त कार्य को ग्राम कोतवाल, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, ग्रामीणों के सहयोग से सफल करवाया।



### भगवान से बड़ा होता है भक्त का पद : ब्रजकिशोर नागर

सुनिल मुनिया

**बेटमा (विनय उजाला)।** संसार में शक्ति और पद अस्थायी हैं, लेकिन भक्त का पद सबसे ऊंचा और स्थाई होता है। कलियुग में केवल 'भक्ति' ही वह माध्यम है, जिससे ईश्वर को सुलभता से पाया जा सकता है। समर्पण ही श्रेष्ठ है, भगवान धन, संपत्ति या विद्वता से नहीं, बल्कि केवल 'भाव' से रीझते हैं। जब इंसान अपना अहंकार त्याग कर ईश्वर की शरण में आता है, तब वह साधारण मनुष्य से 'भक्त' बन जाता है और भगवान उसके ऋणी हो जाते हैं। उक्त विचार धार रोड़ स्थित धरावरा धाम में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन शाजापुर से पधारे ब्रजकिशोर नागर ने व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि परमात्मा को वश में करने की शक्ति केवल प्रेम और अटूट भक्ति में है। एक सच्चा भक्त भगवान को अपने प्रेम की डोरी से बांध लेता है। व्यासपीठ का पूजन कथा के मुख्य यजमान नानूराम चौधरी ने सपत्नीक किया। इस अवसर पर अध्यक्ष दिनेश गर्ग, कल्याण भांगडिया, प्रकाश पटेल, ताराचंद खण्डेलवाल, मनोहर चौधरी, निलेश उपाध्याय, प्रवीण मोहन चौधरी, अम्बाराम कोतवाल, विष्णु सोनी, योगेश चौधरी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### शासकीय महाविद्यालय में हुआ व्याख्यान

## मानसिक स्वास्थ्य जीवन की सफलता का मूल आधार : डॉ. अभिषेक शर्मा



विनय उजाला

**सोनकच्छ, निप्र।** नगर के शासकीय महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य एल.एस. अटेरिया ने की तथा संचालन कार्यक्रम प्रभारी डॉ. आशिया अहमदी ने किया।

मुख्य वक्ता डॉ. अभिषेक शर्मा ने अपने व्याख्यान में मानसिक स्वास्थ्य को जीवन की सफलता का मूल आधार बताते हुए कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धी परिवेश में विद्यार्थियों पर अध्ययन, करियर और सामाजिक अपेक्षाओं का दबाव बढ़ता जा रहा है, ऐसे में मानसिक संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है।

डॉ. विजेंद्र खंगोड़े ने मानसिक तनाव के प्रमुख लक्षणों जैसे अत्यधिक चिंता, नींद की कमी, चिड़चिड़ापन, आत्मविश्वास में गिरावट और एकाग्रता की कमी पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को समय प्रबंधन, सकारात्मक सोच, नियमित व्यायाम, संतुलित आहार और संवाद की।

आदत विकसित करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि असफलता जीवन का अंत नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत का अवसर है। यदि किसी को लगातार अवसाद या निराशा महसूस हो तो विशेषज्ञ से परामर्श लेने में संकोच नहीं करना चाहिए।

### नई नीति का विरोध बस मालिकों ने सौंपा ज्ञापन हड़ताल की दी चेतावनी

**शाजापुर, निप्र।** बस मालिकों ने स्टेज केरिज बसों के संचालन के लिए लागू की जा रही नई नीति का विरोध किया है। इसे लेकर बस मालिकों ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें मांगें पूरी न होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी भी दी है। बस संचालकों ने स्टेज कैरिज बसों के संचालन के लिए लागू की जा रही नई नीति को दमनकारी बताया।

ज्ञापन शाजापुर में पदस्थ अधिकारी अनामिका आर्य को सौंपा गया। इस दौरान बस मालिकों ने अपनी आपत्तियां दर्ज कराते हुए नीति को वापस लेने की मांग की। ज्ञापन में शाजापुर बस मालिक समूह यात्री कल्याण समिति, बस स्टैंड शाजापुर की ओर से उल्लेख किया गया कि 22 फरवरी 2026 को सागर में प्रदेशभर के बस मालिकों और संगठनों के पदाधिकारियों की बैठक हुई थी। बैठक में नई नीति पर चर्चा की गई और इसे बस संचालकों के हितों के खिलाफ बताया गया। नई व्यवस्था से छोटे और मध्यम स्तर के संचालकों पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा।

# दो बच्चियों को बचाने कुत्ते से अकेले भिड़ गई मासूम

## पागल कुत्ते ने मासूम को किया घायल, गाल और जबड़े पर आई गंभीर चोट

विनय उजाला



**शाजापुर, निप्र।** नगर ही नहीं बल्कि जिले के कई क्षेत्रों में कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। जिले के प्रवेश द्वार कहे जाने वाला ग्राम बेरछा भी इससे अछूता नहीं है। जहां एक पागल कुत्ते ने एक मासूम पर हमला कर दिया। हालांकि वह अपने साथ खेल रही दो बालिकाओं को बचाने अकेले उस कुत्ते से भिड़ गई। लेकिन खुद गंभीर रूप से घायल हो गई।

घटना मंगलवार दोपहर की है। जब सेफिना पिता सावेद पठान निवासी बेरछा अपने घर के पीछे मैदान में अपनी दो सहेलियों के साथ खेल रही थी। तभी वहां पड़े रेत के ढेर पर एक कुत्ता आकर बैठ गया। कुछ देर तो बालिकाओं ने उसे अनदेखा किया। लेकिन कुछ देर बाद कुत्ता उन दो बालिकाओं के पीछे दौड़ा और एक पर उसने हमला करने का प्रयास भी किया। तभी सेफिना ने उन बालिकाओं को बचाया और उस कुत्ते को भगाने का प्रयास किया। लेकिन उसने उन बालिकाओं पर हमला कर दिया। इस पर सेफिना उस कुत्ते से भिड़ गई। जिस पर कुत्ते ने सेफिना के जबड़े और मुंह पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। तभी वहां से गुजर रहे कुछ लोगों ने यह देखा तो वे सेफिना की मदद को आए और कुत्ते को मार कर वहां से भगाया और उसके परिजनों को सूचना दी और परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल आए, जहां सेफिना का उपचार किया जा रहा है।

### नगर में भी बढ़ रहा है आवारा कुत्तों का आतंक

जिला मुख्यालय पर भी नगरवासी इन कुत्तों की वजह से परेशान हैं। जो शाम होते ही लोगों पर हमलावर हो जाते हैं। कई बार कुत्तों की वजह से लोग हादसे का शिकार भी हो चुके हैं। कुत्ते सड़क पर चलने वाले वाहनों के पीछे भागते हैं जिनसे बचने के लिए लोग तेज गति से वाहन भगाते हैं और हादसे की संभावना बढ़ जाती है। कई बार इसकी शिकायत भी जिला प्रशासन, नगर पालिका सहित अन्य अधिकारियों को की गई। लेकिन जिम्मेदार आज तक इस समस्या का स्थाई समाधान नहीं ढूंढ पाए हैं।

### नसबंदी की योजना भी बेअसर

नगर पालिका द्वारा कुत्तों की नसबंदी करने की भी योजना बनाई थी और एक कंपनी को यह काम सौंपा था। जिनके द्वारा कुत्तों को स्टेडियम मैदान में रखा गया और इनकी नसबंदी भी कर दी गई। उम्मीद थी कि इसके बाद कुत्तों के हमलों में कमी आएगी। लेकिन आज भी नगरवासी इन कुत्तों से परेशान हैं।

### पंडित बाबूलाल शर्मा का डेढ़ महीने बाद मौन व्रत तुड़वाने पहुंचे भाजपा जिला अध्यक्ष व क्षेत्रीय विधायक

# संतों के सान्निध्य के बगैर मानव जीवन का कल्याण कभी संभव नहीं : डॉ. सोनकर

विनय उजाला

**सोनकच्छ, निप्र।** ग्राम भलाईकला में प्रसिद्ध सूर्यमुखी खेड़ापति हनुमान मंदिर स्थित है, जिसके पुजारी भक्त गुरुजी श्री 108 महामंडलेश्वर पंडित महाराज बाबूलाल शर्मा ने 10 जनवरी से 24 फरवरी 2026 तक मौन व्रत क्षेत्र व प्रदेश एवं देश की सुख समृद्धि खुशहाली के लिए यह मौन व्रत रखा था। मंगलवार सुबह 11:30 बजे यह मौनव्रत तुड़वाने, संत मिट्टू सरकार व भाजपा जिला अध्यक्ष राय सिंह सेंधव एवं सोनकच्छ विधायक डॉ राजेश सोनकर, व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत, सहित भाजपा नेता पहुंचे।

इसको लेकर ग्रामीण क्षेत्र में काफी उत्साह का माहौल है व भलाई कला के ग्रामीण क्षेत्रों ने इस आयोजन पर एक विशाल भंडारे का आयोजन भी रखा। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र व आसपास के ग्रामवासियों ने महाराज के दर्शन एवं भोजन प्रसादी का लाभ लिया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने कहा कि हमें समय-समय पर



संतों का आशीर्वाद मिलना चाहिए। इन्ही शुभकामनाओं के साथ वह और भी शक्तिशाली बने व बलशाली बनें। बाबूलाल शर्मा हमें ऐसी साधनाओं से एक नया संस्कार देने का काम कर रहे हैं।

विधायक डॉ. राजेश सोनकर ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि संतों के सानिध्य के बगैर मानव जीवन का कल्याण नहीं हो सकता। मानव को मानव बनाने का काम अगर किसी ने किया है तो वह संतों ने किया है और हम बहुत भाग्यशाली है कि समय-समय पर हमें संतों का सानिध्य मिलता रहता है।

कार्यक्रम का संचालन दुर्गेश राठौर ने किया इस दौरान, बहादुर सिंह पिलवानी, किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री महेश पाटीदार, बबलू ठाकुर, सोनकच्छ मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह राजपूत, मनासा, नगर परिषद भौंरासा अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, डॉ.रूप सिंह नागर, अर्जुन सेंधव, नरेन्द्र माली, जीवन सिंह राजपूत, सुमेर सिंह नागर, मुकेश मालवीय सहित भाजपा नेता व आसपास के ग्रामवासी उपस्थित रहे, कार्यक्रम का आभार अर्जुन सेंधव ने माना।

## संक्षिप्त समाचार

### हरसूद विकासखंड के 5 विद्यार्थियों को कलेक्टर ने किया सम्मानित




**हरसूद, ( विनय उजाला )।** विकासखंड हरसूद से जिला स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले पांच विद्यार्थियों को कलेक्टर ऋषव गुप्ता द्वारा सम्मानित किया गया। मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय खंडवा में जिला स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सांदीपनि विद्यालय के विद्यार्थी कुमारी खुशी यादव पिता हरिप्रसाद यादव, शबाना परवीन पिता एजाज, डिंपल पिता शांतिलाल, असिता पिता श्रीकृष्णा और प्राथमिक शाला दमदमा के आनंदी पिता राकेश को कलेक्टर ऋषव गुप्ता एवं जिला पंचायत सीईओ नागार्जुन बी. गौड़ा तथा जिला शिक्षा अधिकारी पीएस सौलंकी द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही विकासखंड के विकासखंड अकादमिक समन्वयक रविंद्र पवार को उत्कृष्ट कार्य करने पर कलेक्टर द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला ओलंपियाड नोडल संजीव खरे, एपीसी संजय गणवीर, अर्जुन सिंह राजपूत एवं रश्मि चोरे आदि उपस्थित रहे। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विकासखंड स्त्रोत समन्वयक तरुण कुमार झींजोरे द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया।

### सरपंच प्रतिनिधि ने ग्राम निशानिया को नशा मुक्त करने जनसुनवाई में लगाई गुहार



**हरसूद, ( विनय उजाला )।** समीपस्थ ग्राम निशानिया को नशा मुक्त करने की मांग लेकर मंगलवार दोपहर 1 बजे के लगभग सरपंच प्रतिनिधि नया हरसूद में आहूत जनसुनवाई में पहुंचे। सरपंच प्रतिनिधि ने तहसीलदार संगीता मेहतो को एक आवेदन सौंपकर ग्राम निशानिया को नशा मुक्त करने की मांग की। आवेदन में बताया कि ग्राम पंचायत निशानिया में रोजाना शराब पीने वालों की संख्या बढ रही है। जिसके चलते गांव के नए युवा घरों सें पैसे निकालकर शराब पी रहे हैं। जिससे आए दिन ग्राम में घरों में विवाद होता है। साथ ही शराब पीकर आए दिन ग्राम में गाली-गलौज करने व उत्पाद मचाने की घटनाएं हो रही है। जिससे ग्रामीण महिलाओं में भय का वातावरण बना हुआ है। सरपंच प्रतिनिधि द्वारा तहसीलदार को सौंपे गए आवेदन में ग्राम की महिलाओं द्वारा भी हस्ताक्षर किए गए हैं। सरपंच प्रतिनिधि ने शराब बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर शराब बिक्री पर पूर्ण पाबंदी लगाने की मांग की है।

### दो माह बाद नगर परिषद छनेरा-नया हरसूद का स्थायी सीएमओ ने किया पदभार ग्रहण



**हरसूद, ( विनय उजाला )।** सीएमओ मोनिका पारधी का स्थानांतरण ओंकारेश्वर हो जाने के कारण करीब दो माह से नगर परिषद छनेरा नया हरसूद में स्थायी सीएमओ की दरकार थी। मंगलवार दोपहर नवागत सीएमओ नृपतसिंह नगर परिषद कार्यालय छनेरा-नया हरसूद पहुंचे। नगर परिषद कार्यालय में नवागत सीएमओ नृपतसिंह द्वारा पदभार ग्रहण किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद के लोकेंद्र सिंह, अरविंद गुप्ता, अनुराग यादव, संजय नामदेव तथा कांग्रेस सेवादल के योगेश त्रिवेदी द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर नवागत सीएमओ नृपतसिंह ने सबके सहयोग से नगर के विकास की बात कही।

### कलेक्टर सिंह ने सुनी नागरिकों की समस्याएं



**बुरहानपुर, निप्र।** मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर हर्ष सिंह ने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने प्राप्त शिकायतों एवं आवेदनों पर गंभीरता से सुनवाई करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों से चर्चा की एवं उन्हें प्रकरणों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में राजस्व, नगर निगम, श्रम, विद्युत, पुलिस सहित अन्य विभागों से संबंधित करीबन 60 आवेदनों पर सुनवाई की गयी। कलेक्टर श्री सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित कर आवेदकों को नियमानुसार राहत प्रदान की जाए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत सृजन वर्मा सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे। विदित है कि, आमजनों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से प्रति मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है।

### मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत यात्रियों का किया गया चयन

**बुरहानपुर, निप्र।** जिले में मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में अयोध्या-वाराणसी तीर्थ यात्रा के लिए पात्र यात्रियों का चयन कंप्यूटरीकृत लॉटरी के माध्यम से किया गया। जनप्रतिनिधि, सीईओ जिला पंचायत सृजन वर्मा सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में चयन प्रक्रिया पूर्णत: पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हुई। योजना अंतर्गत जिले को 200 तीर्थ यात्रियों का लक्ष्य प्राप्त है, जिसके विरूद्ध 1800 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए।

---

#### उपलब्धि के बाद रतलाम आई रिदमा पत्रकारों से हुई मुखातिब

# रिदमा की उड़ान राष्ट्रीय स्तर पर, मिसेज सेंट्रल इंडिया का मिला खिताब

विनय उजाला

**रतलाम, निप्र। शहर की रिदमा काकानी की प्रतिभा की उड़ान राष्ट्रीय स्तर पर देश के सेलिब्रिटी की नजरों से गुजरी। दर्जनों प्रतिभावान को पीछे छोड़ते हुए मिसेज सेंट्रल इंडिया सीजन का खिताब अपने नाम किया। इसके पहले महाराष्ट्र में रनर का खिताब भी जीत चुकी है।**

रतलाम आने पर रिदमा पत्रकारों से मुखातिब हुई। प्रेस क्लब भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में प्रेस क्लब अध्यक्ष मुकेश पुरी गोस्वामी, उपाध्यक्ष सुजीत उपाध्याय, सहसचिव दिनेश बरमेचा पूर्व अध्यक्ष रमेश टाक ने पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदन किया। अपने मन की बात बताते हुए रिदमा कहा कि महिलाओं को सपने देखना नहीं छोड़ना चाहिए। महिलाओं के सपनों को हकीकत की जमीन ही नहीं पूरा आसमान में मिलता है। खास बात तो यह है कि इसमें उम्र कोई बाधा नहीं बनती है। झिझक छोड़ना होती है। हर उम्र में अपनी प्रतिभा को पंख लगा सकते हैं। रिदमा पुणे में आई टी कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर कार्यरत है। रिदम ने हाल ही में दो उपलब्धियां प्राप्त की है। 21 फरवरी 2026 में 'द पेजेण्ट कंपनी द्वारा भोपाल में आयोजित मिसेज सेंट्रल इंडिया में विजेता का खिताब जीता है। इसके पहले 21 दिसंबर 2025 में पुणे में 'द पेजेण्ट कंपनी द्वारा आयोजित मिसेज महाराष्ट्र में रनर अप का खिताब अपने नाम किया है। गायन और नृत्य का शौक रखने वाली 34 वर्षीय रिदमा अपनी उपलब्धि का श्रेय जीवन साथी शैंकी भसीन के साथ ही रतलाम की गुलमोहर कॉलोनी निवासी पिता दिनेश और मां ललिता काकानी, भाई अंकित और भाभी पल्लवी को देती हैं। इन्होंने मुझे हमेशा आगे बढ़ाया और आज इस मुकाम पर पहुंची हूं। जूरी की भूमिका मयूरी सूर्यवंशी, शाहीन चौधरी, अंजलि लालवानी, हीरा वारिना, काल मास्करेनहाडा, जागृति अग्रवाल, डॉ. स्वाति जैन, गज़ल सचदेव, प्राजक्ता भोयर और रचना वर्मा ने निभाई।




#### 21 फरवरी को भोपाल में हुआ आयोजन

रिदमा ने बताया कि 21 फरवरी को मिस एंड मिसेज सेंट्रल इंडिया का आयोजित किया गया। 45 प्रतिभागियों ने मंच पर अपनी प्रतिभा और आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया। यहां पर बॉलीवुड सेलिब्रिटीज अमन वर्मा, हीरा वारना और फेमस डायरेक्टर बेजॉय नाम्बियार, फैशन जगत की हस्तियों ने शिरकत की।

#### यह थे विशिष्ट जन

कार्यक्रम के चीफ गेस्ट के रूप में शहर के प्रसिद्ध व्यवसायी दिलीप सूर्यवंशी एवं विधायक भगवान दास सबनानी उपस्थित रहे। अंतरराष्ट्रीय एंबेसडर 2026 मंजरी सिन्हा, डॉ. स्वाति जैन, डॉ. पूर्णिमा तिवारी, मिस पूर्णिमा सुनमोरिया, ज्योति झरबड़े, रेखा मारवाल विशेष रूप में मौजूद थे।

#### महिला सशक्तिकरण का प्रेरणादायक मंच

रिदमा ने बताया कि इवेंट मैनेजर हिमानी सिंह आरुषि मिश्रा कोरियोग्राफर एवं रैम्प वॉक डायरेक्टर पूजा सिंह तथा भोपाल सिटी डायरेक्टर मनीषा आनंद के नेतृत्व में यह आयोजन महिला सशक्तिकरण का प्रेरणादायक मंच बनकर उभरा।

---

## 121वें रोटरी विश्व दिवस के अवसर पर रॉबर्ट्स नर्सिंग होम में 'रोटरी आशीष ईएनटी सेंटर' का किया गया शुभारंभ







विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** प्रकल्प रोटरी फाउंडेशन के वैश्विक अनुदान क्रमांक 2579494 के अंतर्गत Rotary Club of Indore United के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।

इसमें Rotary Club of Indore Royal, Rotary District 1880 तथा Rotary District 3292 का सहयोग प्राप्त हुआ। प्रकल्प के तहत स्थापित अत्याधुनिक ईएनटी उपकरणों से नाक-कान-गला शल्य चिकित्सा अब अधिक सुरक्षित, सटीक और प्रभावी होगी।

आईपीडीजी रोटेरियन अनीश मलिक (मंडल गवर्नर 2024-25) ने बताया कि इन उन्नत उपकरणों के माध्यम से मरीजों को विशेषज्ञ उपचार अब वाजिब दरों पर उपलब्ध कराया जा सकेगा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रोटेरियन दिलीप मजूमदार एवं रोटेरियन रेवा मजूमदार रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. सुदाम खाड़े (आईएएस), श्री गोपाल जी मोदी एवं राजकुमार जी तख्तानी उपस्थित रहे। मंडल गवर्नर 2025-26 रोटेरियन सुशील मल्होत्रा ने रोटरी के 'चतुर्विद मंत्र' प्रचार पॉकेट कार्ड का विमोचन किया। डॉ. चिराग यशलाहा ने कहा कि नवीन तकनीक से ईएनटी सर्जरी के परिणाम और बेहतर होंगे। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर इलेक्ट संस्कार कोठारी, पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर संजीव गुप्ता, कमल भुराडिया सहित अनेक वरिष्ठ चिकित्सक एवं रोटेरियन सदस्य उपस्थित रहे। रोटेरियन सिम्मी मलिक, किरण मोदी एवं रोमा धमिजा ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन अनिल साबू ने किया तथा जनसंपर्क प्रमुख घनश्याम सिंह ने प्रकल्प की महत्ता पर प्रकाश डाला। स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ और गुणवत्तापूर्ण बनाने की दिशा में यह पहल शहर के लिए महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

---

## कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप के प्रयासों से आरडीए को 25 करोड़ का ऋण स्वीकृत

विनय उजाला



**रतलाम, निप्र।** बजट की कमी से अटकी रतलाम विकास प्राधिकरण की योजनाओं को अब गति मिलने वाली है। कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप के प्रयासों से हाऊसिंग एण्ड अर्बन डेव्हलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (हुड़को) ने आरडीए को 25 करोड़ का ऋण स्वीकृत किया है। इससे बहुप्रतिक्षित ट्रांसपोर्ट नगर सहित आरडीए की अन्य योजनाएं क्रियान्वित होगी। कैबिनेट मंत्री श्री काश्यप ऋण की इस स्वीकृति के लिए लगातार प्रयासरत थे। उन्होंने शासन के साथ हुड़को को भी पत्र लिखा था। ट्रांसपोर्ट नगर की योजना रतलाम की एक महत्वपूर्ण योजना है, जिससे शहर के विकास को नई गति मिलेगी और रोजगार के अवसर भी निर्मित होंगे। ट्रांसपोर्ट नगर के साथ-साथ आरडीए की अन्य योजनाएं भी इस ऋण से आगे बढ़ेगी। हुड़को ने आरडीए के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को लिखे गए 20 फरवरी के पत्र में 25 करोड़ के ऋण की स्वीकृति दी है। हुड़को के अनुसार ऋण का उपयोग केवल संचालन आवश्यकताओं में होगा।

---

#### नगरीय निकायों में कर एवं गैर कर राजस्व वसूली अभियान

## बकाया की जानकारी लें और कर जमा कराएं : महापौर

विनय उजाला



**इंदौर, नप्र।** राजस्व प्रभारी श्री निरंजनसिंह चौहान 'गुड्डू' ने जानकारी देते हुए बताया कि माननीय महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं आयुक्त क्षितिज सिंघल के निर्देशन तथा शासन के निर्देशानुसार प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों में कर एवं गैर-कर राजस्व वसूली अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 25 फरवरी 2026 को नगर निगम के समस्त जोनल कार्यालयों, निगम मुख्यालय, रजिस्ट्रार कार्यालय एवं अन्य स्थान पर विशेष कर संग्रहण शिविर (कैंप डे) का आयोजन किया जाएगा।

महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव एवं राजस्व प्रभारी श्री चौहान ने बताया कि शिविर का उद्देश्य अधिक से अधिक करदाताओं को एक ही दिन में सुविधा उपलब्ध कराकर उनके बकाया संपत्ति कर, जलकर एवं अन्य देयकों का त्वरित निराकरण करना है। शिविर के दौरान करदाताओं की समस्याओं का समाधान, बकाया राशि की जानकारी, कर निर्धारण से संबंधित मार्गदर्शन एवं ऑन-द-स्पॉट भुगतान की व्यवस्था उपलब्ध रहेगी।

डिजिटल इंडिया अभियान को बढ़ावा देते हुए नगर निगम द्वारा कर भुगतान की डिजिटल सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। करदाता घर बैठे ही निगम के व्हाट्सएप नंबर 7552465110 पर संपर्क कर अपने बकाया कर की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं तथा ऑनलाइन माध्यम से भुगतान कर सकते हैं। इस पहल से नागरिकों को कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं होगी तथा समय एवं संसाधनों की बचत होगी।

महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ओर आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल ने शहर के समस्त करदाताओं से अपील की है कि वे इस विशेष अभियान का लाभ उठाते हुए अपने बकाया करों का समय पर भुगतान करें और नगर निगम के विकास कार्यों में सहभागी बनें। नगर निगम प्रशासन द्वारा शिविर दिवस पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई हैं, ताकि करदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### जनसुनवाई में 99 आवेदन पर हुई सुनवाई

**रतलाम, निप्र।** कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की गई। कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह ने आवेदको को सुना एवं आवेदकों से आवेदन प्राप्त किये। जनसुनवाई में 99 आवेदन प्राप्त हुए। निराकरण योग्य आवेदनों का मौके पर ही उपस्थित विभागीय अधिकारियों से निराकरण करवाया गया एवं शेष आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करने के लिए संबंधित विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया गया। आवेदक ईश्वरलाल पिता नन्दलाल निवासी धराड़ ने पूर्व मे मिल रही किसान सम्मान निधि जो बंद हो गई है, उसे पुन: चालु करने हेतु आवेदन दिया।

---

## सीएमएचओ ने आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का निरीक्षण किया

#### दस्तक अभियान सहित राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की मॉनिटरिंग की





विनय उजाला

**रतलाम, निप्र।** रतलाम जिले में दस्तक अभियान का आयोजन 17 फरवरी से 22 मार्च तक किया जा रहा है । अभियान के दौरान 9 माह से 5 वर्ष आयु के बच्चों को विटामिन ए का घोल एवं आयरन फोलिक एसिड का अनुपुरण दिया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संध्या बेलसरे व प्रभारी सीपीएचसी सलाहकार लोकेश वैष्णव द्वारा शहरी क्षेत्र रतलाम में संजीवनी क्लीनिक रामगढ़, रतलाम ग्रामीण के आयुष्मान आरोग्य मंदिर -कनेरी एवं टीकाकरण सत्र स्थल-मथुरी का निरीक्षण किया गया। आयुष्मान आरोग्य मंदिर कनेरी पर भवन पूर्ण होने पर लाइट कनेक्शन पूर्ण कर शीघ्र ही इसे चालू करने के निर्देश ब्लाक मेडिकल आफिसर को दिए गए। रामगढ़ संजीवनी में डॉ स्वलेहा खान से जांच व उपचार संबंधी जानकारी ली। एएनएम लाड़ कुंवर से टीकाकरण संबंधित लॉजिस्टिक व समस्त रिकार्ड देखा गया। एएनएम व आशा कार्यकर्ता को निर्धारित गणवेश में रहने हेतु निर्देशित किया गया। केंद्र पर गर्भवती जांच संबंधी लॉजिस्टिक हिमोग्लोबीनोमीटर , यूरिन एल्ब्यूमिन कीट, वेट मशीन चाइल्ड, परीक्षण टेबल , साइड स्क्रीन उपलब्ध करा कर सेवाएं प्रदान करने के निर्देश दिए गए । जैव चिकित्सा अपशिष्ट का निष्पादन नियम अनुसार करने के लिए निर्देशित किया गया।

टीकाकरण स्थल मथुरी में भी निरीक्षण में एएनएम सीमा सिलावट को बीपी इंस्ट्रूमेंट, स्टेथोस्कोप, डिजिटल थर्मामीटर, हिमोग्लोबीनोमीटर, यूरिन एल्ब्यूमिन कीट, गर्भवती महिलाओं की हाई रिस्क सूची, एंट्री करने वाला टैबलेट, फीटल डाप्लर , इंफेटोमीटर, ओ जी टी टी हेतु प्लास्टिक ग्लास उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। आंगनवाडी कार्यकर्ता श्रीमती बबीता से दस्तक अभियान अंतर्गत सैम व मेम बच्चों की जानकारी मांगी जिस पर उनके द्वारा 11 बच्चे मैम में होना बताया गया। सी एम एच ओ ने ए एन एम द्वारा टीकाकरण के निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन नहीं किए जाने पर दोनों स्थानों की एएनएम व आशा कार्यकर्ता को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। रतलाम जिले के बाजना विकासखंड के ग्राम कलसा, देवपाड़ा केंद्र पर नियमित टीकाकरण की मॉनिटरिंग डी सी एम कमलेश मुवेल, बीपीएम मोइनुद्दीन अंसारी, एविडेंस एक्शन के संभागीय समन्वयक कपिल कुमार यति, द्वारा की गई निरीक्षण के दौरान सभी बच्चों को आयरन फोलिक एसिड का अनुपुरण एवं 9 माह से 5 वर्ष के बच्चों को विटामिन ए का घोल पिलाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान विभिन्न एएनएम आशा कार्यकर्ता एवं मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ता आदि उपस्थित थे।

---

**पश्चिम रेलवे**
**अहमदाबाद मंडल**

**रोड अंडर ब्रिज प्रदान करके लेवल क्रॉसिंग नाबूद करना**

**ई-निविदा सूचना संख्या:** 25 वर्ष 2025-26 **दिनांक :** 24.02.2026 **ई-निविदा संख्या :** DRM-ADI-200-2025-26 **कार्य का नाम:** पालनपुर-सामाखियाली सेक्शन: - कवर्ड एप्रोच वाले रोड अंडर ब्रिज प्रदान करके लेवल क्रॉसिंग्स (LC नंबर 59, 60 और 80) को नाबूद करना। **अनुमानित लागत :** ₹ 322357107.77 **EMD राशि:** ₹ 1761800.00 **ई-निविदा बंद होने की तिथि:** दिनांक 17.03.2026 समय 15:00 बजे **कार्यालय का पता:** वरि. मंडल इंजीनियर (सम.) अहमदाबाद, डी.आर.एम. ऑफिस, चामुंडा ब्रिज के पास, नई स्वदेशी मिल के सामने, नरोडा रोड, अमदुपुरा, अहमदाबाद- 382 345. **ई-निविदा में भाग लेने हेतु वेबसाइट:** www.ireps.gov.in
ADI 285
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**
**विभिन्न कार्य**

उप मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर (निर्माण) पश्चिम रेलवे, रतलाम। **निविदा संख्या-** S&T/C/RTM/119/2025- 26, **दिनांक-** 17.02.2026 **आमंत्रित करता है। कार्य का नाम-** नए हॉट स्टैंडबाय इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम की डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, प्रोग्रामिंग, परीक्षण और कमीशनिंग, साथ ही बेरावान्या स्टेशन पर विभिन्न इनडोर और आउटडोर सिग्नलिंग सिस्टम और गियर की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग, उप सीएसटीई कंस्ट्रक्शन रतलाम (डब्ल्यूआर) के तहत रतलाम-नागदा (41.38 किमी) चौगुनाकरण कार्य के संबंध में रतलाम-नागदा खंड में तीसरी और चौथी नई बीजी लाइन के संरेखण में आने वाले एसएंडटी उल्लंघनों को हटाने के लिए। **कार्य की अनुमानित लागत-** 6,41,36,195.20। **बयाना राशि की लागत-** 4,70,700/-। **बोली शुरू होने की तिथि- आखिरी तारीख और समय-** 19.03.2026 को 15.00 बजे। ज़्यादा जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं।
1149
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**
**विभिन्न कार्य**

सीनियर डीईएन (दक्षिण) मुंबई सेंट्रल सीनियर क्रमांक 1 आमंत्रित करता है। **ई-टेंडर सूचना क्रमांक बीसीटी/25- 26/321 दिनांक 20.02.2026। कार्य और स्थान- चर्चगेट-विरार सेक्शन-** सीनियर डीईएन (दक्षिण) मुंबई सेंट्रल सेक्शन के अंतर्गत रेलवे बीएफआर पर क्रेन लगाकर रिलीज हुई रेल, पीआरसी स्लीपर, टर्नआउट स्लीपर, क्रॉसिंग, स्विच इत्यादि को उठाना। कार्य की **अनुमानित लागत-** 2,20,49,879.25। **ईएमडी-** 2,60,300/-। **सीनियर क्रमांक- 2. ई-टेंडर सूचना क्रमांक बीसीटी/25- 26/322 दिनांक 20.02.2026। कार्य और स्थान- चर्चगेट-विरार सेक्शन-** एसएसई (पी. वे) भयंदर सेक्शन के अंतर्गत दो साल की अवधि के लिए विरार कटिंग यार्ड में नई संपत्तियों के रखरखाव का आउटसोर्सिंग। **काम की कीमत-** 92,29,166.37. **EMD:** 1,84,600/-. **दोनों टेंडर जमा करने की तारीख और समय-** 17.03.2026, 15.00 बजे तक. **दोनों टेंडर खोलने की तारीख और समय-** 17.03.2026 को 15.30 बजे. ज़्यादा जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं.
1153
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**
**सिग्नल और दूरसंचार कार्य**

उप मुख्य सिग्नल और दूरसंचार। इंजीनियर (फील्ड) (निर्माण) चर्चगेट, मुंबई, पश्चिम रेलवे, मुंबई-400020 **निविदा सूचना संख्या DyCSTE-C-BCT-340, दिनांक 23.02.2026 को आमंत्रित करता है। कार्य का नाम-** उल्लंघन हटाने के लिए मौजूदा एस एंड टी गियर्स की शिफ्टिंग, नई इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग (ईआई) प्रणाली की डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, प्रोग्रामिंग, परीक्षण, और कमीशनिंग। मौजूदा इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग (ईआई) में परिवर्तन, ट्रेन प्रबंधन प्रणाली (टीएमएस) में संशोधन/टीएमएस के साथ ईएल का इंटरफेसिंग, सहायक चेतावनी प्रणाली का स्थानांतरण, गोरेगांव (जीएमएन) से बोरीवली (बीवीआई) सेक्शन और वसई रोड (बीएसआर) स्टेशन के बीच हार्बर बीजी लाइन के काम के संबंध में इनडोर और आउटडोर सिग्नलिंग और दूरसंचार कार्यों को पूरा करें, **EMD:** 46,60,700/-. **ई-बिड बंद होने की तारीख-** 27.03.2026, 15.00 बजे तक. **ई-बिड खुलने की तारीख-** 13.03.2026. ज़्यादा जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं।
1162
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**
**मशीन से कुचला हुआ पत्थर**

मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, छठी मंजिल, इंजी. विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई - 400008, **ई-टेंडर नोटिस संख्या- बीसीटी/25- 26/324, दिनांक 23.02.2026 आमंत्रित करता है। कार्य और स्थान- विरार- जोरावासन खंड-** ट्रैक गिट्टी के लिए विनिर्देश के अनुसार 50 मिमी आकार की मशीन से कुचले हुए पत्थर की गिट्टी की आपूर्ति यानी IS/RDSO-GE/0001:2023) फरवरी-2023 या अद्यतित और अतुल मेगा डिपो में गिट्टी को हॉपर में लोड करना। (शेष मात्रा 91,350.46 घन मीटर)। **कार्य की लगभग लागत-** 8,48,10,680.56। **ईएमडी-** 5,74,100/-। **जमा करने की तिथि और समय- खुलने की तारीख और समय-** 24.03.2026 को 15.30 बजे। ज़्यादा जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं।
1165
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**
**वडोदरा मंडल**

**50 mm आकार के मशीन से क्रश किए गए 423395 Cu.m. पत्थर बैलेस्ट की आपूर्ति**

**ई-निविदा सूचना संख्या: DRM-BRC 185 OF 2025-26** भारत के राष्ट्रपति की ओर से, मंडल रेल प्रबंधक (का/ले), पश्चिम रेलवे, प्रतापनगर, वडोदरा – 390 004 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सीलबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा संख्या एवं कार्य का नाम: DRM BRC 185 of 2025-26** — पश्चिम रेलवे के वडोदरा मंडल के अंतर्गत गोधरा के निकट टिंबा रोड स्टेशन पर 50 mm आकार के मशीन से क्रश किए गए 423395 Cu.m. पत्थर बैलेस्ट की आपूर्ति, जिसे सीधे वैगनों में लोड किया जाएगा। **कार्य की अनुमानित लागत (रु.)** ₹30,51,63,470.47 **जमा की जाने वाली बोली सुरक्षा (रु.)** ₹ 16,75,800.00 **निविदा जमा करने एवं खोलने की तिथि एवं समय:** निविदा 13.03.2026 को 15:00 बजे से पूर्व जमा की जानी है तथा उसी दिन 15:30 बजे खोली जाएगी। **वेबसाइट की जानकारी और उस जगह का नोटिस जहाँ पूरी जानकारी देखी जा सकती है, ऑफिस का पता जहाँ से टेंडर फॉर्म खरीदा जा सकता है:** वेबसाइट @ www.ireps.gov.in डिविजनल रेलवे मैनेजर (WA/C) पश्चिम रेलवे, प्रतापनगर, वडोदरा
BRC 370
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

## विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप 2026 का शेड्यूल जारी

### पाकिस्तान के खिलाफ मैच से शुरू होगा भारत का अभियान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईसीसी ने विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप 2026 का शेड्यूल जारी कर दिया है। इस बार टूर्नामेंट में कुल 12 टीमें हिस्सा लेंगी, जो अब तक के इतिहास में सबसे ज्यादा हैं। मेजबान इंग्लैंड 12 जून को टूर्नामेंट के उद्घाटन मुकाबले में श्रीलंका से खेलेगा। टूर्नामेंट का 10वां एडिशन 12 जून से 5 जुलाई तक खेला जाएगा। टीम इंडिया 14 जून को अपना अभियान इस टूर्नामेंट में शुरू करेगी। भारतीय टीम का पहला मुकाबला पाकिस्तान के साथ होगा। टीम इंडिया के ग्रुप में पाकिस्तान के अलावा ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका, बांग्लादेश और नीदरलैंड भी मौजूद हैं। आईसीसी ने 12 टीमों को 6-6 टीमों के 2 ग्रुप में बांटा है। इन दोनों ग्रुप की टॉप पर रहने वाली दो-दो टीमें सेमीफाइनल में क्वॉलिफाई करेंगी। आईसीसी के सीईओ संजोग गुप्ता ने कहा, विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप 2026 का शेड्यूल जारी होना, इस ग्लोबल प्रीमियर स्पोर्टिंग इवेंट से पहले एक अहम पड़ाव है। यह इवेंट आईसीसी के विमेंस क्रिकेट में लगातार इन्वेस्टमेंट का हिस्सा है, जिसमें ज्यादा भागीदारी और हाई-परफॉर्मेंस के तरीके, इवेंट और प्रोडक्शन स्टैंडर्ड, टूर्नामेंट प्राइज मनी, मीडिया डिस्ट्रीब्यूशन और कमर्शियल पार्टनरशिप शामिल हैं।



## डी गुकेश के पास साल का अपना पहला खिताब जीतने का मौका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विश्व चैंपियन डी गुकेश विश्व कप से जल्दी बाहर होने और टाटा स्टील मास्टर्स में निराशाजनक प्रदर्शन को भुलाकर बुधवार से शुरू होने वाले प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव में साल का अपना पहला खिताब जीतने की कोशिश करेंगे। दूसरी वरीयता प्राप्त गुकेश को शीर्ष वरीयता प्राप्त जर्मन खिलाड़ी विंसेंट कीमर और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा, जिनका हाल का प्रदर्शन अच्छा रहा है। कीमर लाइव रेटिंग में चौथे स्थान, जबकि अब्दुसत्तोरोव पांचवें स्थान पर हैं। गुकेश 10वें स्थान पर हैं और इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले भारतीय खिलाड़ियों में रेटिंग के मामले में सबसे आगे हैं। पिछले कुछ समय तक लाइव रेटिंग में शीर्ष 10 में तीन भारतीय खिलाड़ी हुआ करते थे, लेकिन अर्जुन एरिगेसी और आर प्रज्ञानंद खराब प्रदर्शन के कारण नीचे खिसक गए हैं।



**पहले वनडे में भारत 6 विकेट से हारा**

# मूनी और गार्डनर के दम पर ऑस्ट्रेलिया की जीत

ब्रिस्बेन, (हि.स.)

**महिला वनडे विश्व कप जीतने के बाद अपना पहला एकदिवसीय मुकाबला खेल रही भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में 6 विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा। एलन बॉर्डर फील्ड पर खेले गए इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने 70 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया।**

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का कप्तान हरमनप्रीत कौर का फैसला भारत के लिए उल्टा साबित हुआ। अतिरिक्त उछाल का फायदा उठाते हुए मेजबान गेंदबाजों ने भारतीय शीर्ष क्रम को जल्दी झटका दिया। प्रतिका रावल खाता खोले बिना आउट हो गईं, जबकि शेफाली वर्मा और जेमिमा रोड्रिग्स भी सस्ते में पवेलियन लौट गईं।

### स्मृति ने 68 गेंदों में 58 रन की पारी खेली

स्मृति मंधाना ने 68 गेंदों में 58 रन की पारी खेलकर टीम को संभालने की कोशिश की और हरमनप्रीत कौर (53) के साथ 48 रन की साझेदारी की। हालांकि मंधाना के आउट होते ही भारतीय पारी लड़खड़ा गई। दीप्ति शर्मा भी ज्यादा देर नहीं टिक सकीं। ऑस्ट्रेलिया की स्पिनर एशले गार्डनर (3/33) ने अहम विकेट झटके।




### कश्वी ने 43 रन की तेज पारी खेलकर स्कोर 214 तक पहुंचाया

कश्वी गौतम ने 43 रन की तेज पारी खेलकर स्कोर को 214 तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई, लेकिन पूरी टीम 48.4 ओवर में ऑलआउट हो गई। मेगन शुट ने दो विकेट लिए। 215 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया को कप्तान एलिसा हीली (50) और फोएबे लिचफील्ड ने 55 रन की मजबूत शुरुआत दी। भारत को सफलता स्पिनर श्री चारणी ने दिलाई, जिन्होंने लगातार दो विकेट लेकर मैच में वापसी की कोशिश की। इसके बाद बेथ मूनी ने 76 रन की संयमित पारी खेलते हुए टीम को जीत की ओर अग्रसर किया। अंत में एनेबल सदरलैंड ने छक्का लगाकर ऑस्ट्रेलिया को 38.2 ओवर में 217/4 तक पहुंचा दिया। दो मैचों की वनडे सीरीज अभी बाकी है। भारत अब 27 फरवरी को होबार्ट में खेले जाने वाले दूसरे वनडे में वापसी की कोशिश करेगा। मल्टी-फॉर्मेट सीरीज फिलहाल 4-4 अंकों की बराबरी पर है, जिसमें भारत ने टी20 सीरीज 2-1 से जीतकर चार अंक हासिल किए थे।

**एफआईएच मेन्स प्रो लीग**

## स्पेन ने शूटआउट में भारत को 4-3 से हराया

होबार्ट, (हि.स.)

**एफआईएच मेन्स प्रो लीग 2025-26 के होबार्ट चरण में भारतीय पुरुष हॉकी टीम को स्पेन के खिलाफ कड़े मुकाबले में शूटआउट में 3-4 से हार का सामना करना पड़ा। निर्धारित समय तक मुकाबला 1-1 से बराबरी पर छूटा था, जिसके बाद विजेता का फैसला शूटआउट से हुआ। भारतीय टीम अब 25 फरवरी को होबार्ट चरण के अपने अगले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगी।**

भारत ने 19वें मिनट में बढ़त बनाई जब कप्तान हार्दिक सिंह ने शानदार टर्न लेते हुए मनींदर सिंह को पास दिया और मनींदर ने बेहतरीन टोमहॉक शॉट के जरिए गेंद जाल में पहुंचा दी। इससे पहले स्पेन ने शुरुआती मिनटों में आक्रामक खेल दिखाया और चौथे मिनट में पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया, लेकिन भारतीय गोलकीपर मोहित ने शानदार बचाव किया।

मैच के 59वें मिनट में भारतीय रक्षा पंक्ति की एक चूक भारी पड़ गई और ब्रूनो फॉन्ट ने शानदार गोल कर स्पेन को बराबरी दिला दी। अंतिम क्षणों में स्पेन को लगातार तीन पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन भारतीय डिफेंस ने उन्हें विफल कर दिया और मुकाबला 1-1 से समाप्त हुआ। शूटआउट में अभिषेक और हार्दिक सिंह के प्रयास चूक गए, जिसका फायदा उठाते हुए स्पेन ने 4-3 से जीत दर्ज की। इस हार के बावजूद भारत को एक अंक मिला।





**प्रीमियर लीग: सेस्को ने दागा जीत का गोल**

## मैनचेस्टर यूनाइटेड ने एवर्टन को 1-0 से हराया

लिवरपूल, (हि.स.)

प्रीमियर लीग 2025-26 में सोमवार को खेले गए मुकाबले में मैनचेस्टर यूनाइटेड ने एवर्टन को 1-0 से हराकर महत्वपूर्ण तीन अंक हासिल किए। जीत के नायक एक बार फिर सुपर सब बेंजामिन सेस्को बने, जिन्होंने मैदान पर उतरने के 13 मिनट बाद निर्णायक गोल दागा। सेस्को ने पिछले चार मैचों में तीसरी बार बेंच से आकर गोल किया और टीम को अहम अंक दिलाए। मैच के 71वें मिनट में उन्होंने शानदार फिनिश के साथ गेंद को गोलकीपर जॉर्डन पिकफोर्ड के पार पहुंचाया। यह गोल पूरे मैच का सबसे बेहतरीन मूव था।




### सेस्को ने बिना गलती किए गेंद को गोल में पहुंचा दिया

हमले की शुरुआत मैथियस कुन्हा की लंबी पास से हुई, जिसे ब्रायन म्बेउमो ने बेहतरीन तरीके से कंट्रोल किया और सटीक पास सेस्को को दिया। सेस्को ने बिना गलती किए गेंद को गोल में पहुंचा दिया। अंतरिम कोच माइकल कैरिक ने गोल की तारीफ करते हुए इसे आत्मविश्वास से भरा और निर्णायक फिनिश बताया। मैच का अधिकांश समय दोनों टीमों की डिफेंस हावी रही। भारी पिच के कारण खेल की रफ्तार धीमी रही और आक्रमण में धार कम नजर आई। हालांकि यूनाइटेड ने जवाबी हमले में अपनी ताकत दिखाई और एकमात्र मौके को गोल में बदल दिया।



**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक फ्रॉड : कर्मचारी जांच के घेरे में**

# 24 घंटे में वापस आए हरियाणा सरकार के 556 करोड़ रुपए

नई दिल्ली, एजेंसी

**हरियाणा के चंडीगढ़ स्थित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की एक शाखा में हुए 590 करोड़ रुपये के संदिग्ध घोटाले में राज्य सरकार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बड़ी रिकवरी की है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने साफ किया है कि सरकारी खातों से निकाली गई 556 करोड़ रुपये की भारी-भरकम राशि को 24 घंटे के भीतर ही रिकवर कर लिया गया है।**

विभागीय ऑडिट में बैंक स्टेटमेंट में गड़बड़ी पाए जाने के बाद सरकार ने तुरंत एक्शन लिया। मुख्यमंत्री सैनी ने बताया कि वापस आई 556 करोड़ रुपये की रकम में 22 करोड़ रुपये का ब्याज भी शामिल है। अब तक की जांच में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के चार से पांच कर्मचारियों की भूमिका सामने आई है।

स्टेट विजिलेंस और एंटी-करप्शन ब्यूरो ने मामले की गंभीरता को देखते हुए बैंक अधिकारियों, सरकारी कर्मचारियों और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि बैंक द्वारा 21 फरवरी को औपचारिक सूचना देने से पहले ही, सरकार ने 18 फरवरी को आईडीएफसी बैंक को अपने पैनल से हटा दिया था और सारा सरकारी फंड ब्याज समेत एक राष्ट्रीयकृत बैंक में ट्रांसफर कर दिया था।




### बैंक ने कहा... हरियाणा सरकार को पूरी राशि वापस कर दी

दूसरी ओर, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने बताया कि उसने चंडीगढ़ शाखा में हुए धोखाधड़ी के मामले में हरियाणा सरकार को पूरी राशि वापस कर दी है। बैंक ने अपने ग्राहक-प्रथम सिद्धांतों और पेशेवर, सिद्धांत-आधारित बैंकिंग के प्रति प्रतिबद्धता का हवाला दिया है। बैंक ने साफ किया कि उसने हरियाणा सरकार के संबंधित विभागों को मूलधन और ब्याज सहित 100% राशि का भुगतान कर दिया है, जो कुल मिलाकर ?583 करोड़ है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने धोखाधड़ी के दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने और बकाया राशि की वसूली के लिए हरियाणा सरकार और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ सहयोग करने की अपनी निरंतर प्रतिबद्धता पर भी जोर दिया।

**27 फरवरी को आएंगे नए आंकड़े...**

## भारत का जीडीपी मापने का तरीका बदलेगा

नई दिल्ली, एजेंसी

**महंगाई के बाद अब भारतीय अर्थव्यवस्था की वास्तविक वृद्धि यानी रियल जीडीपी को मापने के तरीके में एक बड़ा बदलाव होने जा रहा है।**

सरकार इस हफ्ते जीडीपी की गणना के लिए एक नई और अधिक सटीक प्रणाली पेश करने वाली है, जिससे आंकड़ों की विश्वसनीयता और अधिक बढ़ जाएगी। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के सचिव सौरभ गर्ग ने बताया कि अर्थव्यवस्था की वास्तविक तस्वीर पेश करने के लिए अब कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स (सीपीआई) और पुराने होलसेल प्राइस इंडेक्स (डब्ल्यूपीआई) से लगभग 500-600 आइटम्स का इस्तेमाल किया जाएगा। पहले महंगाई का असर घटाकर रियल जीडीपी निकालने के लिए सिर्फ 180 आइटम का ही इस्तेमाल किया जाता था।

**पुरानी और कमजोर व्यवस्था :** अर्थशास्त्रियों ने लंबे समय से यह चिंता जताई थी कि जीडीपी मापने का पुराना तरीका आउटडेटेड हो चुका है क्योंकि यह आम लोगों से जुड़े कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स के बजाय मुख्य रूप से थोक महंगाई पर ज्यादा निर्भर था।

**आईएमएफ की चेतावनी:** पिछले साल नवंबर में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भी भारत की जीडीपी गणना प्रणाली की कमजोरियों पर सवाल उठाए थे। आईएमएफ ने पुराने 2011-12 के बेस ईयर और 'सिंगल डिफ्लेशन' तरीके के ज्यादा इस्तेमाल के कारण इस फ्रेमवर्क को 'सी' रेटिंग दी थी। पुराने तरीके में कम थोक महंगाई होने पर रियल ग्रोथ रेट असलियत से ज्यादा दिखने लगती थी।




### डबल डिफ्लेशन से मिलेगी असली तस्वीर

इस पूरे बदलाव का सबसे अहम हिस्सा 'डबल डिफ्लेशन' तकनीक को अपनाना है। इस तकनीक में इनपुट (लागत) और आउटपुट (तैयार माल) दोनों की कीमतों में होने वाले बदलावों को अलग-अलग एडजस्ट किया जाता है। सौरभ गर्ग के मुताबिक, इससे खास तौर पर मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के आंकड़ों की सटीकता में भारी सुधार आएगा, जो पुराने तरीके में इनपुट और आउटपुट की कीमतों में अंतर के कारण सही नहीं आ पाते थे।

**नए टैरिफ नियमों से बाजार में हलचल**

# मजबूत घरेलू मांग के कारण तीसरी तिमाही में 8.1% रह सकती है वृद्धि दर

नई दिल्ली, एजेंसी

**वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं और अमेरिकी व्यापार नीतियों में हो रहे बड़े बदलावों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था अपने मजबूत घरेलू आधार के दम पर मजबूती से खड़ी है।**

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में भारत की वास्तविक जीडीपी ग्रोथ 8.1 प्रतिशत के करीब रहने का अनुमान है। वहीं, दूसरी ओर मूडीज एनालिटिक्स की एक रिपोर्ट यह संकेत देती है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा प्रस्तावित 15 प्रतिशत के एकमुश्त टैरिफ से ग्लोबल ट्रेड और विशेष रूप से एशिया-प्रशांत क्षेत्र के व्यापारिक समीकरणों में बड़े बदलाव आ सकते हैं।

### घरेलू खपत से भारतीय अर्थव्यवस्था को मिली रफ्तार

एसबीआई की रिपोर्ट इस बात पर जोर देती है कि भारत की आर्थिक वृद्धि का मुख्य इंजन उसकी घरेलू मांग है। कृषि और गैर-कृषि दोनों क्षेत्रों से मिल रहे सकारात्मक संकेतों के कारण ग्रामीण खपत मजबूत बनी हुई है। इसके साथ ही, पिछले त्योहारी सीजन के खर्च और राजकोषीय प्रोत्साहन से शहरी खपत में भी निरंतर सुधार देखने को मिला है। पहली अग्रिम रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2026 के लिए भारत की कुल जीडीपी वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है।



### अमेरिकी टैरिफ नीति और वैश्विक व्यापार पर असर: मूडीज

जहां भारत का घरेलू बाजार मजबूत है, वहीं विदेशी मोर्चे पर अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के एक हालिया फैसले ने ट्रंप प्रशासन के 'कंट्री-स्पेसिफिक' (देश-विशिष्ट) टैरिफ ढांचे को खारिज कर दिया है। इसके जवाब में ट्रंप ने 150 दिनों के लिए सभी आयातों पर 10 प्रतिशत का अस्थायी टैरिफ लगाया है और इसे बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने की योजना है।

### एशिया-प्रशांत क्षेत्र को राहत

मूडीज के मुताबिक, इस 15% एकसमान टैरिफ से चीन और दक्षिण-पूर्व एशिया के उन देशों को फायदा हो सकता है, जो अब तक भारी टैरिफ का सामना कर रहे थे। हालांकि, जापान, दक्षिण कोरिया और ताइवान पर इसका सीमित असर होगा क्योंकि उनके बेस टैरिफ पहले से ही 15% के करीब हैं। भारत की व्यापारिक वार्ताओं पर अनिश्चितता : सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले ने भारत और इंडोनेशिया के साथ अमेरिका की व्यापारिक वार्ताओं पर अनिश्चितता के बादल ला दिए हैं। भारत ने वाशिंगटन भेजे जाने वाले अपने प्रतिनिधिमंडल का दौरा भी फिलहाल टाल दिया है।

## अदाणी पावर की सहयोगी को 558 मेगावाट बिजली सप्लाई का ऑर्डर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की सबसे बड़ी निजी बिजली उत्पादक कंपनी अदाणी पावर को एक अहम बिजली आपूर्ति ऑर्डर मिला है। कंपनी ने मंगलवार को जानकारी दी कि उसकी सहायक इकाई मोक्सी पावर जनरेशन लिमिटेड (एमपीजीएल) को तमिलनाडु पावर डिस्ट्रीब्यूशन कॉरपोरेशन (टीएनपीडीसीएल) से 558 मेगावाट (नेट) बिजली आपूर्ति के लिए पांच साल की अवधि का लेटर ऑफ अवॉर्ड (एलओए) प्राप्त हुआ है। इस समझौते के तहत तमिलनाडु के उपभोक्ताओं को अतिरिक्त 558 मेगावाट भरोसेमंद और उच्च गुणवत्ता वाली बिजली उपलब्ध कराई जाएगी। इससे राज्य के बिजली ग्रिड की स्थिरता में सुधार होगा और घरों, छोटे व्यवसायों तथा उद्योगों को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। मोक्सी पावर जनरेशन लिमिटेड तमिलनाडु के तूतीकोरिन में स्थित 1,200 मेगावाट क्षमता वाले तापीय बिजली संयंत्र का संचालन करती है, जो राज्य की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

**बड़ी गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार**

# सेंसेक्स 1068 अंक टूटा, निफ्टी 25500 के नीचे

मुंबई, एजेंसी

भारतीय बाजार मंगलवार को बड़ी गिरावट के साथ बंद हुआ। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के नेतृत्व में होने वाले व्यवधान और व्यापार संबंधी अनिश्चितताओं को लेकर चिंताओं के बीच आईटी शेयरों में भारी नुकसान के कारण मंगलवार को इक्विटी बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में 1 प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। व्यापारियों ने कहा कि अमेरिका-ईरान के बीच बढ़ते तनाव और सुस्त वैश्विक संकेतों के बीच कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों में वृद्धि ने भी निवेशकों की भावना को प्रभावित किया है। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,068.74 अंक या 1.28 प्रतिशत गिरकर 82,225.92 पर बंद हुआ। दिन के दौरान, बेंचमार्क 1,359.93 अंक या 1.63 प्रतिशत गिरकर 81,934.73 के अंतरादिवसीय निचले स्तर पर पहुंच गया। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 288.35 अंक या 1.12 प्रतिशत गिरकर 25,424.65 पर बंद हुआ।



### छह लाख करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान

शेयर बाजार में बिकवाली का दबाव व्यापक रहा, जिसमें मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांक में करीब 1 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई। तेज गिरावट के बीच निवेशकों की संपत्ति में भारी कमी आई। इससे निवेशकों को एक ही दिन में छह लाख करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ।

### टैरिफ संबंधी चिंताएं ने डाला असर

उन्होंने आगे कहा कि वैश्विक व्यापार और टैरिफ संबंधी चिंताएं भी फिर से उभर आई हैं, साथ ही व्यापार समझौतों पर ट्रंप की चेतावनियों और संभावित राष्ट्रीय सुरक्षा टैरिफ की रिपोर्टों से अतिरिक्त दबाव उत्पन्न हुआ है। नायर ने आगे कहा कि आईटी क्षेत्र में लंबे समय तक तनाव रहने की आशंकाओं के चलते रियल एस्टेट शेयरों पर भी दबाव आया, जिससे रियल एस्टेट की मांग और मूल्यांकन पर असर पड़ सकता है।

## निधि छिब्बर को नीति आयोग के सीईओ का अतिरिक्त प्रभार

**नई दिल्ली,(हि.स)।** केंद्र सरकार ने निधि छिब्बर को नीति आयोग की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) का अतिरिक्त प्रभार दिया है। निधि छिब्बर वर्तमान में नीति आयोग के विकास निगरानी एवं मूल्यांकन कार्यालय (डीएमईओ) की महानिदेशक के पद पर कार्यरत हैं। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि वरिष्ठ नौकरशाह निधि छिब्बर को मंगलवार को नीति आयोग के सीईओ का अतिरिक्त प्रभार दिया गया। सरकार ने मौजूदा सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम का तीन साल का कार्यकाल आज पूरा होने के बाद निधि छिब्बर को नीति आयोग की मुख्य कार्यकारी अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार दिया है। छत्तीसगढ़ कैडर की 1994 बैच की भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की वरिष्ठ अधिकारी छिब्बर ने अपने करियर में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। छिब्बर वर्तमान में नीति आयोग के विकास निगरानी एवं मूल्यांकन कार्यालय के महानिदेशक के रूप में कार्यरत हैं। इससे पहले वे केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की अध्यक्ष रह चुकी हैं, जहां उन्होंने प्रमुख सुधारों और परीक्षा प्रक्रिया की देखरेख की।



## संक्षिप्त समाचार

### आबकारी विभाग ने जब्त की 18 पेटी अवैध शराब



**धार, निप्र।** जिले में आबकारी विभाग के द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान मे आबकारी वृत कुक्षी में अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्यवाही कर मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के आदेशानुसार एवं सहायक आबकारी आयुक्त राजनारायण सोनी के मार्गदर्शन में एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी मोहन भायल के नेतृत्व में अवैध मदिरा के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान में वृत्त कुक्षी में ग्राम रणगांव में एक मकान की विधिवत तलाशी लेने पर 18 गत्ते की पेटी में 192.0 बल्क लीटर विदेशी मदिरा बरामद हुई। इसमें 10 पेटी में माउंट बीयर के 500 एमएल क्षमता के 240 केन एवं 08 पेटी में गोवा व्हिस्की मदिरा के 400 पाव 180 एमएल धारिता के कुल 192.0 बल्क लीटर अवैध मदिरा बरामद एवं जप्त कर कब्जे आबकारी लिया जाकर मौके से फरार आरोपी विश्राम पिता फतेह सिंह के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क), तथा 34(2) के तहत विधिवत प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया। जप्त शराब की कुल कीमत 78 हजार रुपए है। उक्त कार्यवाही आबकारी आरक्षक रत्ना अमलियार पद्मा बघेल राशी सोलंकी का विशेष सहयोग रहा।

### पीएम पोषण के अंतर्गत स्व सहायता समूह की बैठक सम्पन्न



**बाग, निप्र।** विकासखंड बाग में पीएम पोषण के अंतर्गत स्व सहायता समूह, प्रधान अध्यापक और जनशिक्षकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बाग के निर्देशानुसार रखी गई, जिसमें समूह के अध्यक्ष सचिव प्रधानाध्यापक और जनशिक्षकों को बीआरसी धर्मेंद्र ठाकुर द्वारा विस्तृत रूप से बर्तन खरीदी के संबंध में बताया गया है कि शासन के निर्धारित मापदंड के अनुसार समूह एवं प्रधानाध्यापक जो बर्तन की आवश्यकता है, वही खरीदें। उनका रजिस्टर में सामग्री संधारित करें। जनपद पंचायत के प्रभारी बलराम अलावा ने निर्देश दिए गए कि सामग्री उच्च क्वालिटी की एवं निर्धारित मापदंड के अनुसार खरीदें। उन्होंने बताया कि विकास खंड स्तर पर समिति का गठन किया गया है, जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बाग, बीआरसीसी बाग पीएम पोषण प्रभारी, बीएससी संबंधित जन शिक्षक एवं स्कूल का प्रधानाध्यापक शामिल रहेंगे जो खरीदी गई सामग्री का भौतिक सत्यापन करेंगे। इस बैठक में पीएम पोषण प्रभारी मोहम्मद नईम खान ने गुणवत्ता पूर्वक सामग्री एवं रजिस्टर संधारित करना है एवं समय पर विकासखंड एवं जिले से खरीदी हुई सामग्रियों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा, जिसके लिए स्व सहायता समूह एवं प्रधान अध्यापक की जवाबदारी रहेगी बैठक में बीएससी जन शिक्षक एवं प्रधान अध्यापक भी उपस्थित रहे।

### रोजगार मेले में 112 बालक-बालिकाओं का पंजीयन, 6 निजी कंपनियों ने 64 आवेदकों का किया प्रारंभिक चयन




**बाग, निप्र।** मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन विकासखंड बाग जिला धार एवं जिला रोजगार कार्यालय धार द्वारा 23 जनवरी 2026 को जिला रोजगार मेले का आयोजन किया गया जिसमें 112 बालक एवं बालिकाओं का पंजीयन किया गया। रोजगार मेले में 06 निजी कंपनियों ने भाग लिया तथा 6 निजी कंपनियों ने 64 आवेदकों का प्रारंभिक रूप से चयन किया गया। इस रोजगार मेले में 6 कम्पनियां आई थीं, जिसमें न्यू झील फैशन वेअरपूट लटड, प्रतिभा सिंटेक्स लिमिटेड पीथमपुर, मराल ओवरसीज लिमिटेड खलघाट, बीमा पॉलिसी, कॅरियर काउंसलिंग कंपनी, परम कौशल कॉलेज सरदापुर के द्वारा युवक युवतियों को कार्य के सबंधित विस्तार से समझाया भी गया। इसमें खास कर बीमा सखी भर्ती हेतु विशेष अभियान था। पंजीयनकर्ता ने अपनी इच्छा भी जताई कंपनियों में जाने की ओर अपने परिवार से कोई इच्छुक हो तो उन्हें भी पात्रता रहेगी। यह रोजगार मेला दोपहर तीन बजे तक चलता रहा। रोजगार मेले में जिला प्रबंधक सरोज पाटीदार ने विशेष जानकारी दी। दिनेश डोडिया ब्लाक प्रबंधक, सीमा चौहान सह प्रबंधक, सुनील परमार सह प्रबंधक, ठाकुर सह प्रबंधक, नाजनीन शाह, अनीता सोलंकी, मुस्कान सोलंकी, नीरज बृजवासी, राकेश कम्प्यूटर आपरेटर आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

### लोकेश मोरी का सहायक प्रबंधक पद पर चयन



**बाग, निप्र।** विकासखंड बाग के अंतर्गत ग्राम पंचायत आगर में पदस्थ शिक्षक विजय सिंह मोरी के पुत्र लोकेश मोरी का चयन मध्य प्रदेश भवन विकास निगम में सहायक प्रबंधक (सिविल इंजीनियर) के पद पर हुआ है। उनकी इस सफलता पर उनके पिता विजय सिंह मोरी, माता निर्मला मोरी, दादा जाम सिंह मोरी, अंकल भूरसिंह मोरी व अन्य परिवार के सदस्यों व मित्रों ने शुभकामनाएं दी।

### संयुक्त कलेक्टर मनोज गरवाल ने सुनीं आवेदकों की समस्याएं




**आलीराजपुर, निप्र।** जिले में प्रति मंगलवार आयोजित होने वाली साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन कलेक्टर कार्यालय स्थित जनसुनवाई कक्ष में किया गया। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर मनोज गरवाल ने नागरिकों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में कुल 17 आवेदक अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए। संयुक्त कलेक्टर ने सभी आवेदनों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए विभागीय अधिकारियों को समय-सीमा में कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान श्रीमती कनबाई बाई, पति माधु, निवासी गिरदा तहसील चन्द्रशेखर आजाद नगर, जिला आलीराजपुर ने आवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि उन्होंने सर्वे नंबर 32/65 की भूमि खरीदी थी, जिसमें से 16/65 भाग भूरीबाई पति जूवानसिंह को विक्रय कर रजिस्ट्री कराई थी। शेष भूमि के खाता-खसरा नकल में उनका नाम दर्ज नहीं है। प्रकरण की जांच कर उचित कार्रवाई के लिए चन्द्रशेखर आजाद नगर तहसीलदार को निर्देशित किया गया। एक अन्य आवेदक ने बताया कि वर्ष 2023 में उनके पिता का निधन हो गया था। उनके पिता के समय बिजली विभाग के कर्मचारी द्वारा विद्युत कनेक्शन दिया गया था। 13 जनवरी 2026 को विद्युत विभाग आलीराजपुर से जुर्माने का नोटिस प्राप्त हुआ है, जिसे भरने में वह असमर्थ हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण राहत की मांग की गई।

**भोजशाला :** नियमित सत्याग्रह में शामिल हुआ हिंदू समाज, किया हनुमान चालीसा का पाठ

# दो स्तंभ मिले जिन पर सरस्वतयै नमः लिखा : गोपाल शर्मा







विनय उजाला

**धार, निप्र।** केंद्रीय पुरातत्व विभाग के अधीन धार की भोजशाला में सत्याग्रह आयोजित किया गया। भोजशाला की मुक्ति आंदोलन की कड़ी में प्रति मंगलवार को भोज उत्सव समिति द्वारा सत्याग्रह के माध्यम से पूजा-अर्चना की जाती हैं, इसके चलते सुबह हनुमान चालीसा का पाठ एवं पूजन किया गया, इसमें बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोग एकत्रित हुए। एक दिन पूर्व ही एएसआई की रिपोर्ट सार्वजनिक हुई हैं, जिसके चलते समाज के लोगों में उत्साह नजर आया। भोजशाला को पूरी तरह से हिंदुओं को सौंपने और वहां मां सरस्वती की पूजा की मांग को लेकर चल रहा एक अनिश्चित कालीन आंदोलन है। इस दौरान भोज उत्सव समिति के अध्यक्ष सुरेश जलोदिया, संरक्षक अशोक जैन, महाप्रबंधक हेमंत दौराया, महामंत्री सुमित चौधरी, विश्वास पांडे, मोहन राठौर, निखिल जोशी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। अधिवक्ता श्रीष दुबे, भोजशाला मुक्ति यज्ञ संयोजक गोपाल शर्मा ने बताया कि सर्वे रिपोर्ट में यह स्पष्ट हुआ, कि भोजशाला का वास्तविक स्वरूप 'सरस्वती कंठाभरण' का ही है। भोजशाला परिसर की खुदाई में जमीन में बहुमंजिला संरचना होने के पुख्ता प्रमाण सामने आए हैं। दो स्तंभ मिले, जिन पर सरस्वतयै नमः लिखा है। ऐसे एक दो नहीं अनेकों प्रमाण स्पष्ट हैं। गोपाल शर्मा एएसआई द्वारा किए गए सर्वे के दौरान भी भोजशाला में मौजूद थे, प्रतिदिन सुबह से लेकर शाम तक एएसआई की सर्वे टीम के साथ सभी तथ्यों को देखा था।

अधिवक्ता दुबे के अनुसार 94 ऐसी मूर्तियां मिलीं, जिन पर महीन नक्काशी है। इसके अलावा कई ऐसे आर्टिकल भी मिले, जो भोजशाला के मंदिर होने को प्रमाणित कर रहे हैं। ये कलाकृतियां संगमरमर, नरम पत्थर, बलुआ पत्थर और चूना पत्थर से तैयार की गईं थीं। उकेरी गईं छवियों में भगवान गणेश, ब्रह्मा जी, नृसिंह, भैरव, देवी-देवता, मानव और सनातन में पूज्य जीवों की आकृतियां शामिल थीं। इसके अलावा अन्य जीवों की छवि जैसे शेर, हाथी, घोड़ा, कुत्ता, बंदर, सांप, कछुआ, हंस और पक्षी शामिल हैं। 30 सिक्के भी प्राप्त हुए हैं। ये सिक्के चांदी, तांबा और अन्य धातुओं से निर्मित हैं और परमारकालीन हैं।

गोपाल शर्मा के अनुसार हालांकि, अभी सर्वे अपूर्ण है। क्योंकि अभी बहुत बड़े हिस्से को सर्वे में छोड़ दिया गया है। जहां इससे भी बड़े प्रमाण उपलब्ध हैं। परंतु 2189 पन्नों की यह रिपोर्ट अपने आप में यह सिद्ध करने के लिए पर्याप्त है कि उक्त परिसर सनातन आस्था का प्रमुख केंद्र है और सदियों से रहा है। और अब समय है कि हम इस गौरव को पुनः प्राप्त करते हुए, वहां मां वाग्देवी सरस्वती मंदिर का एक अद्भुत, भव्य एवं दिव्य मंदिर पुनः स्थापित करें जो संपूर्ण विश्व राजा भोज के समय की भोजशाला के दर्शन कर सके।

#### मंदिरों का ही हिस्सा

अधिवक्ता दुबे के अनुसार 98 दिन चले सर्वे में एएसआई ने 2189 पेज की सर्वे रिपोर्ट तैयार की थी। सर्वे में पाए गए अनेक प्रमाणों, स्तंभों, स्तंभों की कला और वास्तुकला से स्पष्ट हो चुका है कि ये स्तंभ पहले मंदिर का हिस्सा थे, बाद में इन्हें अतिक्रमण और क्षतिग्रस्त कर मस्जिद के स्तंभ बनाते समय उनका पुनः उपयोग किया गया था। मौजूदा संरचना में चारों दिशाओं में खड़े 106 और अन्य 82, कुल 188 स्तंभ मिले हैं। इनकी वास्तुकला से इस बात की पुष्टि होती हैं, कि ये स्तंभ मूल रूप से मंदिरों का ही हिस्सा थे। उन्हें वर्तमान संरचना के लिए पुनर्उपयोग में लाने को उन पर उकेरी देवताओं और मनुष्यों की आकृतियों को विकृत कर दिया गया। मानव और जानवरों की कई आकृतियां, जिन्हें मस्जिदों में रखने की अनुमति नहीं है, उन्हें छैनी जैसी किसी वस्तु का इस्तेमाल कर बिगाड़ा गया था। वर्तमान में संस्कृत और प्राकृत भाषा में लिखे कई शिलालेख मिले, जो भोजशाला के ऐतिहासिक, साहित्यिक और शैक्षणिक महत्व को स्पष्ट करते हैं।

#### ग्रंथों में वर्णन मिला

संयोजक शर्मा के अनुसार एक ऐसा भी शिलालेख मिला, जिस पर परमार वंश के राजा नरवर्मन का उल्लेख है। नरवर्मन ने 1094-1133 ईस्वी के बीच शासन किया था। परिसर के पश्चिम क्षेत्र में कई स्तंभों पर उकेरे 'कीर्तिमुख, मानव, मगरमच्छ, और मिश्रित चेहरों वाली सजावटी सामग्री विद्यमान है। कीर्तिमुख का सनातन वास्तुकला में में बड़ा ही महत्व है। कीर्तिमुख का वर्णन भगवान शिव से जुड़ा है। स्कंद पुराण, शिव पुराण और पद्मपुराण, वास्तु शिल्प जैसे ग्रंथों में इसका विस्तृत वर्णन मिलता है। दीवारों में खिड़की की फ्रेम पर उकेरी गई देवताओं की छोटी-छोटी आकृतियां मिलती हैं, जिनकी स्थिति अभी भी अच्छी और स्पष्ट है।

# औद्योगिक दृष्टि से आलीराजपुर जिला अत्यंत अनुकूल है यहां उद्योग स्थापना की असीम संभावनाएं : कलेक्टर माथुर



विनय उजाला

**आलीराजपुर, निप्र। कलेक्टर नीतू माथुर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के सभागृह में जिला स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड, जिला स्तरीय निर्यात प्रोत्साहन समिति एवं जिला स्तरीय निवेश संवर्धन एवं समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई।**

इस बैठक में जिले में उद्योगपतियो को आने वाली समस्याओं पर चर्चा की गई तथा जिले में उद्योग स्थापित करने की संभावनाओं के संबंध में सुझाव लिए गए।

बैठक में जिले में उपस्थित औद्योगिक क्षेत्रों की जानकारी दी गई तथा नवीन औद्योगिक प्रयोजन के लिए जिला मुख्यालय के पास चिन्हांकित भूमि के बारे में बताया गया। उपरोक्त बैठक में एमएसएमई को औद्योगिक भूमि तथा भवन आवंटन एवं प्रबंधन नियम 2025, एमएसएमई प्रोत्साहन नीति 2025, एमएसएमई विकास नीति 2025 एवं अन्य विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। कलेक्टर श्रीमती माथुर द्वारा बताया गया कि आलीराजपुर जिला उद्योगों के अनुकूल हैं, इसमें खाद्य प्रसंस्करण, कृषि आधारित, वनोपज आदि से संबंधित उद्योगों की असीम संभावनाएं है, एग्रीकल्चर लैंड भी पर्याप्त मात्रा है। अतः निवेशक कोल्डस्टोरेज तथा खाद्य प्रसंस्करण संबंधी इकाइयां स्थापित करे।

उपरोक्त बैठक में कलेक्टर श्रीमती माथुर ने सभी विभागो को निर्देश दिए कि सभी आपसी विभागीय समन्वय के द्वारा उद्योपतियों को जिले के विकास हेतु हर संभव सहायता प्रदान करे। औद्योगिक संघ के सदस्यों द्वारा बताया गया कि आलीराजपुर जिले में डोलोमाइट खनिज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हे किंतु खनिजों की पिसाई एमएसएमई प्रोत्साहन योजना में अपात्र उद्योगों की सूची में दर्ज हे, इस हेतु कलेक्टर ने उच्च स्तर पर चर्चा करने की बात कही, साथ ही डोलोमाइट संबंधी उत्पाद जैसे वॉल पुट्टी, पेंट, कॉच, डिटर्जेंट आदि से संबंधित उद्योगों के विनिर्माण हेतु प्रेरित किया तथा जिले में उद्योग स्थापना हेतु बड़े निवेशकों को आमंत्रित करने हेतु सभी विभागो को निर्देश दिए।

जिला पंचायत सीईओ मुख्य कार्यपालन अधिकारी संघमित्रा गौतम ने भी आलीराजपुर में उद्योगों की संभावना जैसे आम, सीताफल, महुआ आदि से संबंधित खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना का उद्योगपतियों को सुझाव दिया।

**कलेक्टर नीतू माथुर ने एसडीएम, खाद्य विभाग को दिए निर्देश**

## भगोरिया, होली जैसे त्योहारों के मद्देनजर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की विशेष निगरानी करें



विनय उजाला

**आलीराजपुर, निप्र।** जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर नीतू माथुर ने जिले में आगामी भगोरिया, होली तथा अन्य त्योहारों के दृष्टिगत खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विशेष निगरानी के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा है कि त्योहारों के दौरान आम उपभोक्ताओं को स्वास्थ्यप्रद एवं मानक स्तर की खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने विशेष रूप से त्योहारों में अधिक खपत होने वाले खाद्य पदार्थों जैसे दूध एवं दुग्ध उत्पाद, मावा, मिठाई, घी, तेल, मसाले, ड्राय फ्रूट, चॉकलेट, बिस्किट, नमकीन, सेलीब्रेशन पैक एवं कोल्ड ड्रिंक्स पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर श्रीमती माथुर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 तथा विनियम 2011 का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। खाद्य पदार्थों में मिलावट की रोकथाम के लिए जिलेभर में सघन जांच अभियान चलाया जाना सुनिश्चित करें। इस अभियान के तहत अधिक से अधिक खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर मिलावट की आशंका होने पर नमूने ले कर जांच करना सुनिश्चित करें तथा आवश्यकता पड़ने पर संबंधित खाद्य पदार्थ को जब्त कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### आदिवासी विकास परिषद् ने महामहिम राज्यपाल के नाम जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन



विनय उजाला

**झाबुआ, निप्र। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं आदिवासी विकास परिषद् के प्रदेश अध्यक्ष उमंग सिंगार को भोपाल में विधानसभा के अंदर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा औकात में रहने जैसे अमर्यादित शब्दों से संबोधित कर अपमानित किया गया।**

जिसको लेकर 23 फरवरी, सोमवार दोपहर आदिवासी विकास परिषद् ने कलेक्ट्रोरेट पहुंचकर मप्र के महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन जिला प्रशासन को नारेबाजी के साथ सौंपा गया। जिसमें तत्काल मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से इस्तीफा लिया जाने की मांग की गई। इस अवसर पर संगठन के प्रदेश सचिव एवं पार्षद विनय भाबोर के नेतृत्व में जिला युवक कांग्रेस उपाध्यक्ष महेश डामोर, विधानसभा उपाध्यक्ष प्रकाश खपेड, रामा ब्लाक अध्यक्ष रमेश मोहनिया, युवा नेता कमलेश परमार, राहुल बारिया, कमल खराड़ी, कमल बिलवाल आदि उपस्थित रहे।

# अंचल की परंपरा, रीति-रिवाजों को प्रदर्शित करने का सशक्त माध्यम हैं भगोरिया हाट : श्वेता गंगा मोहनिया

विनय उजाला

**झाबुआ, निप्र।** 24 फरवरी, मंगलवार से जिले में भगोरिया हाटों की शुरुआत हो चुकी है, जो आगामी 2 मार्च तक चलेंगे। आदिवासी बहुल जिले के भगोरिया हाट ना केवल देश अपितु विदेशों में भी प्रसिद्ध है। भगोरिया हाट जिले की लोक संस्कृति, परंपरा और रीति-रिवाज को प्रदर्शित करने का सशक्त माध्यम है। भगोरिया हाटों के बाद होलिका दहन, धुलेंडी, गल-चूल पर्व भी जिले में उत्साहपूर्वक मनाया जाएगा। जानकारी देते हुए अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव श्वेता गंगा मोहनिया ने बताया कि भगोरिया हाट की जिले में दस्तक करीब पखवाड़े पूर्व से ही देखने को मिल जाती है। पलायन पर गए ग्रामीणजन भगोरिया हाट करने और शादियों के लिए अपने घर लौटते है। भगोरिया की ग्रामीणजनों को वर्षभर बेसब्री से प्रतीक्षा रहती है। भगोरिया हाटों का जिले के इतिहास में भी वर्णन है। जिले में भगोरिया के दौरान जिस स्थान पर हाट बाजार लगता है उसे भगोरिया हाट कहा जाता है। भगोरिया हाटों में आदिवासी ग्रामीण महिला, पुरुष, युवा, बच्चे, बुजुर्ग सभी विशेष परिधानों में सज-संवरकर पहुंचते है। ग्रामीण युवक-युवतियां समूह में एक जैसे परिधान पहनकर मेले में झूले-चकरी और खरीदारी का आनंद लिया जाता है। हाट बाजार में युवक-युवतियां एवं बच्चें टोलियों में पान, ठंडाई, स्वल्पाहार का लुत्फ उठाते है। ग्रामीणजन ढोल-मांदल पर जमकर नृत्य करने के साथ राजनीतिक पार्टियों द्वारा गैर निकाली जाती है। दिनभर बाजारों में विशेष रौनक रहती है।



आधुनिकता का रंग भी चढ़ रहा - भगोरिया हाटों को आदिवासी संस्कृति की एक अनूठी विरासत के रूप में पहचाना जाता है, जिसमें अब आधुनिकता का रंग भी जुड़ रहा है। सांस्कृतिक प्रतीक भगोरिया मेले में आदिवासी परंपराएं, ढोल-मांदल की थाप, लोक नृत्य, पारंपरिक वेशभूषा, गैर, समूह नृत्य मुख्य आकर्षण होते है। भगोरिया की शुरुआत 12वीं शताब्दी से मानी जाती है। यह मान्यता है कि दो भील राजाओं ने अपनी राजधानी भगोर में हाट (मेले) का आयोजन शुरू किया था, जो बाद में 'भगोरिया' के नाम से प्रसिद्ध हुआ। पौराणिक मान्यता में कुछ लोग मानते है कि यह मेला भगवान शिव और पार्वती (भव और गौरी) से जुड़ा है, जो विवाह के लिए एक साथ आए थे।

फसल कटाई के बाद मनाई जाती है खुशियां - भगोरिया हाट पारंपरिक रूप से आदिवासी समाज द्वारा खरीफ फसलों को काटने के बाद किसानों की खुशी और व्यवसाय का प्रतीक है।

**भगोरिया मेले में गूंजा बाल विवाह मुक्ति का संदेश**

# प्रचार रथ के जरिए ग्रामीणों को किया जागरूक, हस्ताक्षर अभियान चलाया







विनय उजाला

**झाबुआ, निप्र।** जिले में बाल विवाह जैसी कुप्रथा को जड़ से मिटाने के लिए प्रशासन और सामाजिक संस्थाएं मैदानी स्तर पर उतर आई हैं। 24 फरवरी, मंगलवार को जीवन ज्योति हेल्थ सर्विस एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन संस्था द्वारा एक विशेष पहल करते हुए बाल विवाह रोकथाम हेतु प्रचार रथ को रवाना किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोक उत्सव भगोरिया के दौरान जन-जन तक यह संदेश पहुंचाना है कि बच्चों का भविष्य शादी की बेड़ियों में नहीं, बल्कि शिक्षा के आंगन में है।

अभियान की शुरुआत स्थानीय बस स्टैंड से हुई, जहां बाल कल्याण समिति सदस्य समीर कुलकर्णी ने प्रचार वाहन (रथ) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। श्री कुलकर्णी ने कहा कि यह रथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर लोगों को बाल विवाह के कानूनी और स्वास्थ्य संबंधी खतरों के प्रति सचेत करेगा। हस्ताक्षर अभियान चलाया गया - संस्था के भावेश सोलंकी ने बताया कि प्रचार रथ आंबुआ में आयोजित पारंपरिक भगोरिया मेले में पहुंचा, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीण और युवा मौजूद रहे। श्री सोलंकी ने कहा कि 18 वर्ष से कम उम्र में लड़की और 21 वर्ष से कम उम्र में लड़के की शादी करना ना केवल कानूनन अपराध है, बल्कि यह उनके शारीरिक और मानसिक विकास को भी बाधित करता है। संस्था के नीलेश सिंगाड़िया ने बताया कि इस अवसर पर एक विशेष हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। मेले में आए युवाओं ने बढ़-चढ़कर चार्ट पर हस्ताक्षर किए और शपथ ली कि वे ना तो बाल विवाह करेंगे और ना ही अपने समाज में होने देंगे। पुलिस या चाइल्डलाइन नंबर 1098 पर सूचित करें - जीवन ज्योति हेल्थ सर्विस के जिला प्रबंधक मधुकर शर्मा ने कहा कि एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते यदि आपको कहीं भी बाल विवाह की सूचना मिलती है, तो तुरंत स्थानीय पुलिस या चाइल्डलाइन नंबर 1098 पर सूचित करें। आपकी एक छोटी सी पहल किसी मासूम का जीवन उजड़ने से बचा सकती है। साधु सस्तिया और मनीषा बडोले ने कहा कि संस्था का लक्ष्य है कि जिले का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित ना रहे और बाल विवाह का शिकार ना बने।

दैनिक विनय उजाला

## संक्षिप्त समाचार

### भारत मंडपम् में राज्यों के गोलमेज सम्मेलन में मध्यप्रदेश की प्रभावी भागीदारी : मप्र निर्वाचन आयोग की राष्ट्रीय स्तर पर सराहना



**भोपाल,निप्र।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित राज्यों के गोलमेज सम्मेलन में सहभागिता के लिए मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग की टीम नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम् पहुँची। मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव के नेतृत्व में दल में विधि सलाहकार डॉ. प्रदीप शुक्ला तथा तकनीकी सलाहकार राकेश शुक्ला शामिल रहे। सम्मेलन में मध्यप्रदेश द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया में किए गए नवाचारों, डिजिटल पहलों तथा पारदर्शिता और सशक्तिकरण की दिशा में उठाए गए प्रभावी कदमों को विस्तार से प्रस्तुत किया गया। टीम ने बताया कि किस प्रकार तकनीकी एकीकरण और सुव्यवस्थित प्रबंधन के माध्यम से निर्वाचन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, दक्ष और जवाबदेह बनाया जा रहा है। मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग ने डिजिटल प्लेटफॉर्म के उपयोग, प्रक्रियाओं के सरलीकरण तथा व्यवस्थागत सुधारों के माध्यम से निर्वाचन प्रणाली को सुदृढ़ करने के अपने प्रयासों को साझा किया। यह सहभागिता राज्य निर्वाचन आयोग की नवाचार, सुशासन और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है तथा राष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश की सक्रिय भूमिका को रेखांकित करती है।

### भगोरिया को राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाएंगे : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल (विनय उजाला)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को सदन को संबोधित करते हुए हर्षपूर्वक अवगत कराया कि मालवांचल के जनजातीय बहुल क्षेत्रों में फाग पर्व के रूप में मशहूर भगोरिया लोकोत्सव को सरकार ने राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि जनजातीय बहुल बड़वानी, धार और झाबुआ दो सेक्टर्स में सरकार कृषि कैबिनेट आयोजित करने की तैयारी कर रही है। उन्होंने कहा कि हम भगौरिया पर्व में भी शामिल होंगे और यहीं पर कृषि कैबिनेट भी करेंगे, जिससे सामाजिक उत्सवों के प्रोत्साहन के साथ इस अंचल और यहां के निवासियों के विकास में मध्यप्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता भी दिखाई दे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश सरकार की ओर से तथा विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने पूरे सदन की तरफ से प्रदेश के सभी जनजातीय बन्धुओं को 24 फरवरी से प्रारंभ हो रहे भगौरिया लोकपर्व की बधाई और शुभकामनाएं दीं।

**मुख्यमंत्री का विधानसभा सत्र के दौरान सदन में संबोधन**

### भरत पटवा के निधन पर सीएम ने दु:ख व्यक्त किया

**भोपाल (विनय उजाला)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. सुंदरलाल पटवा के भतीजे भरत पटवा के निधन पर दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान और शोकाकुल परिजन को यह असीम दुख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है।

## खाद्यान्न, दलहन और तिलहन उत्पादन में अग्रणी स्थान

# तिलहन फसलों के उत्पादन में मप्र का देश में दूसरा स्थान : डॉ. यादव

विनय उजाला

**आलीराजपुर,निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश ने कृषि उत्पादन के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए देश के प्रमुख उत्पादक राज्यों में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज की है। केंद्र सरकार द्वारा जारी आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 के अनुसार राज्य खाद्यान्न, दलहन तथ तिलहन फसलों के उत्पादन में शीर्ष तीन राज्यों में शामिल रहा है। मध्यप्रदेश ने कुल खाद्यान्न उत्पादन में 46.63 मिलियन टन उत्पादन के साथ देश में दूसरा स्थान प्राप्त किया, जो राष्ट्रीय उत्पादन का लगभग 13.04 प्रतिशत है। राज्य कुल दलहन फसल उत्पादन में देश में प्रथम स्थान पर हैं। तिलहन फसलों के उत्पादन में देश में दूसरा स्थान हासिल किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा कृषकों की आय को बढ़ाने एवं उनके समग्र कल्याण के उद्देश्य से वर्ष 2026 को 'किसान कल्याण वर्ष' के रूप में मनाया जा रहा है।



### गेहूं का 24.51 मिलियन टन उत्पादन

गेहूं उत्पादन में राज्य ने 24.51 मिलियन टन उत्पादन किया और लगभग 20.78 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ देश में दूसरा स्थान हासिल किया। राज्य मक्का उत्पादन में भी अग्रणी रहा, 6.64 मिलियन टन उत्पादन के साथ मध्यप्रदेश का राष्ट्रीय हिस्सेदारी में लगभग 15.30 प्रतिशत योगदान रहा, जिससे यह देश का प्रमुख उत्पादक राज्य बना। मोटे अनाज (न्यूट्री/कोर्स सीरियल्स) के उत्पादन में भी राज्य ने 7.78 मिलियन टन उत्पादन करते हुए लगभग 12.17 प्रतिशत हिस्सेदारी दर्ज की और देश में तृतीय स्थान हासिल किया।

### दलहन उत्पादन शीर्ष स्थान बरक़रार

दलहन क्षेत्र में मध्यप्रदेश ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल दलहन उत्पादन में 5.24 मिलियन टन उत्पादन किया और 20.40 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ देश में पहला स्थान प्राप्त किया। चना उत्पादन में राज्य 2.11 मिलियन टन उत्पादन और लगभग 19.01 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ शीर्ष तीन राज्यों में दूसरे स्थान पर रहा।

### तिलहन उत्पादन में 19.19 प्रतिशत राष्ट्रीय हिस्सेदारी

तिलहन क्षेत्र में भी राज्य की स्थिति मजबूत रही। कुल तिलहन उत्पादन में मध्यप्रदेश ने 8.25 मिलियन टन उत्पादन करते हुए लगभग 19.19 प्रतिशत राष्ट्रीय हिस्सेदारी दर्ज की एवं देश से दूसरा स्थान हासिल किया। विशेष रूप से सोयाबीन उत्पादन में राज्य ने 5.38 मिलियन टन उत्पादन किया, जो देश के कुल उत्पादन का लगभग 35.27 प्रतिशत है और इसे देश के प्रमुख सोयाबीन उत्पादक राज्यों में स्थापित करता है। राज्य में मूंगफली का उत्पादन 1.55 मिलियन टन रहा जो कि देश के कुल उत्पादन का 12.99 प्रतिशत रहा। मूंगफली उत्पादन में राज्य देश में तीसरे स्थान पर है।

मध्यप्रदेश में केंद्र एवं राज्य सरकार की कृषि विकास योजनाओं रासायनिक उर्वरकों का वितरण, पौध संरक्षण कार्यक्रम, मांग आधारित कृषि के लिए फसलों का विविधीकरण, एक जिला-एक उत्पाद योजना, मध्यप्रदेश राज्य मिलेट मिशन, कृषि उत्पादक संगठनों का गठन एवं संवर्धन, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, भावांतर भुगतान, रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना आदि का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया गया। परिणामस्वरूप राज्य को कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की है। कुल उत्पादन में वृद्धि हुई है। कृषि आधारित नीतियों के परिणाम स्वरूप मध्यप्रदेश देश की कृषि अर्थव्यवस्था में एक महत्वपूर्ण राज्य के रूप में स्थापित है।



### राष्ट्रीय बाल नृत्य महोत्सव खजुराहो में हर्षिता ओझा को मिला मेरिट में स्थान

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, भोपाल के लिए अत्यंत गर्व और हर्ष का विषय है कि कक्षा 8J की प्रतिभाशाली छात्रा हर्षिता ओझा का चयन राष्ट्रीय बाल नृत्य महोत्सव, खजुराहो 2026 में कथक नृत्य प्रस्तुति हेतु हुआ।

यह प्रतिष्ठित आयोजन Department of Culture, Government of Madhya Pradesh द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें देशभर से अनेक प्रतिभागियों ने भाग लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच हर्षिता ने कथक नृत्य श्रेणी में मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं भोपाल शहर का नाम गौरवान्वित किया।

रविवार 22 फरवरी को खजुराहो के भव्य फेस्टिवल मंच पर हर्षिता ओझा ने 'मधुराष्टकम्' पर आधारित अपनी भावपूर्ण कथक प्रस्तुति दी। भगवान श्रीकृष्ण की मधुर लीलाओं पर आधारित इस नृत्य में उन्होंने आंगिक, सात्विक एवं सशक्त भावाभिव्यक्ति के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी सशक्त पदचाप, सटीक लयबद्धता एवं आकर्षक भाव-भंगिमाओं की दर्शकों एवं कला-रसिकों ने अत्यधिक सराहना की। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए उन्हें संस्कृति विभाग द्वारा 15,000 रुपए की नकद पुरस्कार राशि से सम्मानित किया जाएगा।

> यह सफलता उनकी निरंतर साधना, अनुशासन, समर्पण तथा विद्यालय के गुरुजनों के मार्गदर्शन का परिणाम है। विद्यालय परिवार हर्षिता एवं उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई देता है तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना करता है।
> – दिल्ली पब्लिक स्कूल, भोपाल

## महर्षि विटीलिगो रिसर्च सेंटर, डायबिटीज एंड फुट केयर सेंटर का किया शुभारंभ

# सफेद दाग, अल्सर का होगा बेहतर उपचार : उपमुख्यमंत्री शुक्ल

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने इंदौर में महर्षि विटीलिगो रिसर्च सेंटर और महर्षि डायबिटीज एंड फुट केयर सेंटर का फीता काटकर शुभारंभ किया।**

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि उक्त सेंटर उच्च और आधुनिक तकनीक से लैस है, जहां सफेद दाग का संपूर्ण उपचार होने के साथ-साथ पैर के अल्सर घाव का बेहतर तरीके से उपचार होगा। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने महर्षि विटीलिगो रिसर्च सेंटर और डायबिटीज एण्ड फुट केयर सेंटर का अवलोकन किया और चिकित्सकों से विस्तार से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सेंटर के संचालक सफेद दाग विशेषज्ञ डॉ. संजय दुबे और मधुमेह विशेषज्ञ डॉ. अनुपमा दुबे को शुभकामना दी।

कार्यक्रम में भारतीय जल सेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी, एमजीएम मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया सहित चिकित्सक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



# छात्रों को रोजगारोन्मुखी शिक्षा देने के लिए एमओयू करेगा उच्च शिक्षा विभाग

## बोर्ड ऑफ अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग के साथ होगा समझौता

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उच्च शिक्षा विभाग द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। बुधवार को बोर्ड ऑफ अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग (पश्चिमी क्षेत्र) मुंबई के साथ उच्च शिक्षा विभाग द्वारा समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। यह कार्यक्रम सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या स्वशासी महाविद्यालय में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों को बोर्ड ऑफ अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग के अधिकारियों द्वारा नेशनल अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग स्कीम पोर्टल की कार्य प्रणाली की विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी।

समझौता ज्ञापन का मुख्य उद्देश्य महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को अप्रेंटिसशिप से जोड़ना है। इसके अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2025-26 में अप्रेंटिसशिप एम्बेडेड डिग्री/डिप्लोमा प्रोग्राम (एईडीबी) लागू करने वाले संस्थानों को आवश्यक प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। इससे विद्यार्थियों को उद्योग आधारित व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा, जिससे उनकी रोजगार क्षमता में वृद्धि होगी। साथ ही, अकादमिक शिक्षा को कौशल एवं उद्योग की आवश्यकताओं से जोड़कर युवाओं को भविष्य के रोजगार अवसरों के लिए सक्षम और तैयार किया जाएगा।

एमओयू हस्ताक्षर कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा अनुपम राजन, आयुक्त उच्च शिक्षा प्रबल सिपाहा, राधेश्याम जुलानिया (सेवानिवृत्त आईएएस एवं संस्थापक सदस्य, सेंटर ऑफ रिसर्च इन पॉलिसिज डॉ. पी.एन. जुमले (निदेशक-प्रशिक्षण, बोर्ड ऑफ अप्रेंसिटशिप ट्रेनिंग-वेस्टर्न रीजन) सहित प्रदेश के 85 महाविद्यालयों एवं 8 विश्वविद्यालयों के प्राचार्य तथा नोडल अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

# विद्युत से सुरक्षा के लिए ग्रामीणजन सावधानियां जरूर बरतें

विनय उजाला

**भोपाल,निप्र।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने ग्रामीणजनों को आगाह किया है कि वे अपने खेत-खलिहानों में विद्युत से सुरक्षा के लिये सावधानियां जरूर बरतें। अक्सर देखा गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में असावधानीवश विद्युत से कई बार अप्रिय घटनाएं घट जाती हैं। यह दुर्घटनाएं कई बार जान-माल का नुकसान भी कर देती हैं। इनसे बचने के लिए ग्रामीणजनों से सावधानी बरतने की अपील करते हुए कंपनी ने कहा है कि कभी भी विद्युत लाइनों, उपकरणों एवं खंभों से छेड़खानी न करें क्योंकि ऐसा करना विद्युत अधिनियम 2003 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध है।

कंपनी ने कहा किजरा भी असावधानी या छेड़खानी से बड़े-बड़े खतरे पैदा हो सकते हैं। इसलिए ऐसी लाइनें जिनमें विद्युत शक्ति प्रवाहित होती है उन्हें आँधी तूफान या अन्य किसी कारण से टूटने वाले तारों को अकस्मात छूने का प्रयास न करें। इस दौरान जरूरी होगा कि लाइन टूटने की सूचना तत्काल निकटस्थ बिजली कंपनी के अधिकारी को अथवा विद्युत कर्मचारी को दें। संभव हो तो किसी आदमी को उस जगह अन्य यात्रियों को चेतावनी देने के लिये भी बिठा दें। किसानों को सलाह है कि वे खेतों खलिहानों में ऊँची घास की गंजी, कटी फसल की ढेरियां, झोपड़ी, मकान अथवा तंबू आदि विद्युत लाइनों के नीचे अथवा अत्यंत समीप न बनायें। साथ ही विद्युत लाइनों के नीचे से अनाज, भूसे आदि की ऊँची भरी हुई गाड़ियॉं न निकालें, इससे आग लगने एवं जान जाने का खतरा है।

कंपनी ने कहा कि बहुत से स्थानों पर बच्चे पतंग अथवा लंगर का खेल खेलते तरह-तरह के धागे और डोर विद्युत लाइनों में फंसा देते हैं। ऐसा करने से उन्हें रोकें। लाइनों में फंसी पतंग निकालने के लिए बच्चों को कभी भी खंभे पर न चढ़ने दें। इससे एक ओर जहां दुर्घटना को टाला जा सकेगा वहीं दूसरी ओर आप होने वाली आर्थिक हानि से भी बच सकेंगे।

# डीजीपी मकवाणा ने किया 19वीं अभा पुलिस शूटिंग चैंपियनशिप-2025 का शुभारंभ

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। इंदौर स्थित बीएसएफ के केंद्रीय आयुध एव युद्ध कौशल विद्यालय (सीएसडब्लूटी) द्वारा आयोजित 19वीं अखिल भारतीय पुलिस शूटिंग (खेल) चैंपियनशिप-2025 का उद्घाटन आज 24 फरवरी को इंदौर की रेवती रेंज में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ मध्यप्रदेश पुलिस के पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा द्वारा किया गया।**

पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु बीएसएफ एवं सीएसडब्ल्यूटी को बधाई देते हुए कहा कि ऐसी प्रतिस्पर्धाएँ बलों के बीच स्वस्थ खेल भावना, अनुशासन, एकाग्रता एवं पेशेवर दक्षता को सुदृढ़ करती हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएँ दीं तथा खेल संस्कृति को पुलिसिंग के समग्र विकास का अभिन्न अंग बताया।

उद्घाटन समारोह में बीएसएफ ब्रास बैंड द्वारा प्रस्तुत लयबद्ध संगीत के बीच केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों एवं विभिन्न राज्य पुलिस टीमों द्वारा आकर्षक परेड का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीएसएफ के वरिष्ठ अधिकारी, 1,500 से अधिक बल एवं पुलिसकर्मी, उनके परिजन तथा बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे।



### देशभर से 600 से अधिक पुरुष एवं महिला निशानेबाज ले रहे भाग

यह प्रतियोगिता 24 फरवरी से 1 मार्च तक आयोजित की जा रही है, जिसमें देशभर की सीएपीएफ, राज्य पुलिस एवं केंद्र शासित प्रदेशों के 600 से अधिक पुरुष एवं महिला निशानेबाज भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता का आयोजन अखिल भारतीय पुलिस खेल नियंत्रण बोर्ड के तत्वावधान में, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के पर्यवेक्षण तथा भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ के तकनीकी सहयोग से किया जा रहा है।

चैंपियनशिप में खेल हथियारों की कुल 17 स्पर्धाएँ आयोजित की जा रही हैं, जिनमें प्रतिभागी 204 पदकों (68 स्वर्ण, 68 रजत एवं 68 कांस्य) के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। यह आयोजन राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं हेतु उभरती प्रतिभाओं की पहचान का महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है।

उद्घाटन समारोह के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया जिसमें वेदांश इंटरनेशनल स्कूल कैंपस 2 के बच्चों द्वारा नृत्य एवं बीएसएफ जवानों द्वारा भांगड़ा का प्रदर्शन किया गया। इसके उपरांत पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा द्वारा पुराने और आधुनिक हथियारों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया, जिसमें बीएसएफ के प्रशिक्षण कार्यों को प्रदर्शित किया गया।

## राज्यपाल पटेल ने की मुख्यमंत्री दुधारू पशुप्रदाय योजना की समीक्षा

# क्रियान्वयन में पारदर्शिता, तत्परता और संवेदनशीलता जरूरी : राज्यपाल

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि मुख्यमंत्री दुधारू पशुप्रदाय योजना सबसे गरीब के जीवन में खुशहाली लाने का उपक्रम है। योजना की प्रक्रियाओं और क्रियान्वयन में गरीब के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उनके हितों की अनदेखी सहन नहीं की जाएगी।**

राज्यपाल पटेल मंगलवार को पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री दुधारू पशुप्रदाय योजना के संबंध में लोकभवन में चर्चा कर रहे थे। बैठक का आयोजन जनजातीय प्रकोष्ठ द्वारा किया गया था। इस अवसर पर राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पशुपालन एवं डेयरी विकास लखन पटेल, जनजातीय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष दीपक खांडेकर, राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी, प्रमुख सचिव पशुपालन एवं डेयरी विकास उमाकांत उमराव, जनजातीय प्रकोष्ठ के सदस्य एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।


राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री दुधारू पशुप्रदाय योजना अति पिछड़ी और गरीब पी.वी.टी.जी. जनजातियों बैगा, भारिया एवं सहरिया के कल्याण के लिए क्रियान्वित है। इस योजना की प्रक्रियाओं और क्रियान्वयन में पारदर्शिता, तत्परता के साथ ही संवेदनशील मनोभाव का होना भी जरूरी है। उन्होंने कहा प्रदेश के पी.वी.टी.जी. जनजातीय जनसंख्या वाले सभी जिलों को योजना के दायरे में लाया जाना चाहिए। राज्यपाल को बताया गया कि योजना के तहत पशु वितरण कार्य की सामुदायिक निगरानी के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं।

### दुधारू पशुप्रदाय योजना सबसे गरीब के जीवन में खुशहाली का प्रयास




### तीन निश्चित तिथियों पर होगा भुगतान

सभी दुग्ध समितियों तथा संघों के द्वारा माह में 10-10 दिन के अंतराल पर तीन निश्चित तिथियों पर भुगतान की व्यवस्था को सुनिश्चित किया गया है। दूध के मूल्य में भी 2 से साढ़े 8 रुपए तक की वृद्धि की गई है। योजना में आवश्यक संशोधन किए गए हैं। मिल्क रूट तथा परिवहन की सुगमता वाले ग्रामों में प्राथमिकता के आधार पर हितग्राहियों के चयन के साथ ही आवश्यकतानुसार अन्य ग्रामों में भी हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा सकेगा। चयनित हितग्राहियों को प्रदाय पूर्व तीन दिवस प्रशिक्षण दिया जाता है। वितरण के बाद 21 दिवस, तीन माह एवं छ माह पर हितग्राही-वार समीक्षा की जाएगी और हितग्राही को परिचयात्मक दौरा भी कराया जाएगा। प्रथमत: एक ही पशु की अंशदान राशि जमा कराकर हितग्राही को एक ही पशु वितरित किया जाएगा। पहले पशु का रखरखाव संतोषजनक पाए जाने पर ही उसे दूसरा पशु 3 माह बाद प्रदाय किये जाने की व्यवस्था की गई है।



### जनसुनवाई में पहुंचे 114 लोग, कलेक्टर ने दिए शीघ्र समस्या निराकरण के निर्देश

**भोपाल, (हि.स.)।** कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने मंगलवार को जिले से जनसुनवाई में आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया। जनसुनवाई में आए नागरिकों से 114 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर सिंह ने जनसुनवाई में आए हर एक आवेदक से धैर्यपूर्वक उनकी समस्याओं पर चर्चा की और उन्हें उनके शीघ्र निराकरण का आश्वासन भी दिया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को नागरिकों से प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशील रूख अपनाते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवेदकों की समस्याओं पर संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी, एडीएम सुमित पांडेय, अंकुर मेश्राम एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, विनय मिश्रा द्वारा उषा प्रिंटर्स, तिलक मार्ग, अमला लाइन, आलीराजपुर से मुद्रित एवं 13/2, ब्लॉक सी, केशव नगर, आलीराजपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक श्रीमती शोभना मिश्रा, स्थानीय संपादक - श्रीमती दिव्या गुप्ता*, फोन- फैक्स नं. 0731-2700552, मो. 9425910888, 8889766697, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा) *पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। RNI. Reg. MPHIN/2019/78560